3 | राजधानी
यूक्रेन में दिल्ली के 650 लोग फंसे

6 | अभिमत
पुरानी पेंशन योजना और सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा

10 | विदेश
एक सप्ताह में 10 लाख लोगों ने किया यूक्रेन से पलायन

11 | विविध
घर का लंबा रास्ता

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 117
नई दिल्ली, शुक्रवार, 4 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



सोचा नहीं था कि सौ टेस्ट खेलूंगा:विराट
स्पोर्ट्स-12

# यूक्रेन से शीघ्र आ जाएंगे सभी छात्र, अभियान तेज

- युद्धग्रस्त देश से 3,726 भारतीय गुरुवार को आए, दो दिनों में 7,400 और आएंगे
- सरकार के चार वरिष्ठ मंत्री विदेश में तो एक दर्जन देश में कर रहे निगरानी
- विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को बंधक बनाए जाने का किया खंडन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गाजियाबाद में हिंडन एयरबेस पर वायु सेना के विमान के माध्यम से यूक्रेन से लौटे विद्यार्थी

**यूक्रेन** में युद्ध से बिगड़ते हालात के बीच भारत ने अपने छात्रों समेत अन्य नागरिकों को वहां से निकालने का अभियान तेज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार को ही युद्धग्रस्त देश की सीमा से 15 उड़ानों के जरिए 3,726 भारतीय नागरिक भारत लाए गए तथा अगले दो दिनों में 7,400 से अधिक लोगों के और आ जाने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि खार्किव शहर सहित संघर्ष क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को बंधक बनाया गया है। उसने कहा कि यूक्रेन से भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि अगले दो दिनों में 7,400 से अधिक लोगों को विशेष उड़ानों में भारत वापस लाए जाने की उम्मीद है। यूक्रेन से अब तक लगभग 6,998 लोगों को वापस लाया जा चुका है। भारतीय एयरलाइंस एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, इंडिगो, विस्तारा और गो फर्स्ट के शुक्रवार को कुल 18 उड़ानें संचालित करने की संभावना है। निकासी अभियान को तेज करने के लिए सरकार ने ऑपरेशन गंगा के तहत 80 उड़ानें तैनात की हैं और दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री इस ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। बंधक बनाने की खबरों को खारिज करते हुए बागची ने कहा कि हमें किसी भी छात्र के अगवा होने के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

भारतीय प्रतिक्रिया रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय के एक बयान के बाद आई है, जिसमें दावा किया गया था कि कुछ भारतीय छात्रों को यूक्रेनी सुरक्षा बलों द्वारा वास्तव में बंधक बना लिया गया, जो उन्हें मानव ढाल के रूप में उपयोग करते हैं और हर संभव तरीके से उन्हें रूसी क्षेत्र में जाने से रोकते हैं। बुधवार शाम राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद क्रेमलिन द्वारा जारी रीडआउट में रूसी दावे का उल्लेख किया गया था। कुछ भारतीय छात्र खार्किव और कई अन्य युद्ध क्षेत्रों में फंस गए थे और भारत ने रूस तथा यूक्रेन दोनों को पड़ोसी देशों से बाहर निकलने के लिए सीमाओं पर उनके सुरक्षित मार्ग की सुविधा के लिए कहा है। इस बीच, भारतीय वायु सेना अपनी चार सी-17 उड़ानों से 2 मार्च की मध्यरात्रि और 3 मार्च की सुबह के बीच 798 लोगों को लायी है। पहली सी-17 उड़ान बुखारेस्ट से 200 लोगों को लेकर गुरुवार को 1.30 बजे उतरी। दूसरी उड़ान बुडापेस्ट से 210 छात्रों को लायी। उसके तुरंत बाद पोलैंड के रेजेस्जो से 208 और चौथी उड़ान बुडापेस्ट से आई जिसमें 180 लोगों को वापस लाया गया। वायुसेना के अलावा, 3726 भारतीयों को 10 विशेष नागरिक उड़ानों से भारत वापस लाया गया, जिनमें बुखारेस्ट से पांच, बुडापेस्ट से दो, कोसिसे से एक और रेजेस्जो से (शेष पेज 9)

## यूक्रेन पर सरकार के रुख का विपक्ष ने किया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने परामर्श समिति को दी जानकारी

**यूक्रेन** संकट पर विपक्षी दलों के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में रूस की निंदा करने के प्रस्ताव पर मतदान के दौरान अनुपस्थित रहने के सरकार के रुख का समर्थन किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अपने मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में विपक्षी दलों के सांसदों को युद्धग्रस्त देश की स्थिति की जानकारी दी। विपक्षी दलों ने वहां से भारतीयों की सकुशल निकासी के प्रयासों को लेकर सरकार के रुख का समर्थन किया।

जयशंकर की अध्यक्षता में मंत्रालय की परामर्श समिति की बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, आनंद शर्मा, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी, राष्ट्रीय जनता दल के प्रेमचंद्र गुप्ता, भाजपा के जीवीएल नरसिंह राव आदि ने हिस्सा लिया। बैठक में छह राजनीतिक दलों के नौ सांसदों ने हिस्सा लिया। इसमें विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। इसमें विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने यूक्रेन की स्थिति और वहां से भारतीयों को वापस लाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी दी।बैठक के बाद शशि थरूर ने मीडिया से (शेष पेज 9)

## रूस छात्रों को निकालने के लिए भेजेगा 130 बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मॉस्को

**यूक्रेन** के अहम शहरों में बमबारी जारी रखने को लेकर अडिग रूस ने नर्म रुख अपनाते हुए कहा कि वह युद्धग्रस्त यूक्रेन के खारकीव और सूमी शहरों में फंसे हुए भारतीय छात्रों और अन्य विदेशियों को निकालने के लिए 130 बसों को भेजने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत खारकीव और सूमी से भारतीयों को निकालने के लिए यूक्रेन तथा रूस में दोनों पक्षों के संपर्क में है। इन शहरों में कई छात्रों ने अपार्टमेंट इमारतों के बेसमेंट और बम रोधी आश्रय स्थलों में शरण ले ली है ताकि रूसी सेना की बमबारी और मिसाइल हमलों से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि हम खारकीव, सूमी और पूर्वी यूक्रेन के अन्य शहरों में घटनाक्रम पर करीब से नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को हमने खारकीव में भारतीयों के लिए एक परामर्श जारी कर उन्हें स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे तक शहर छोड़ने के लिए कहा था। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्र खारकीव से रवाना हो गए और अभी वे नजदीकी पिसोचिन में हैं। हमारा अनुमान है कि इन छात्रों की संख्या 1,000 के आसपास है। बागची ने कहा कि हम उन्हें वहां से पश्चिमी यूक्रेन या दक्षिण यूक्रेन लाने के लिए परिवहन के विकल्पों पर गौर कर रहे हैं। वहीं, रूसी सेना के एक शीर्ष जनरल ने कहा कि उनका देश नागरिकों को युद्धग्रस्त देश की सीमाओं से निकलने में (शेष पेज 9)

## रूस-यूक्रेन के बीच बातचीत, हमले बढ़े

**कीव (एपी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस के साथ बातचीत का दूसरा दौर पड़ोसी बेलारूस में शुरू हो गया है। जेलेंस्की के कार्यालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक वीडियो में दिखाया गया कि अनौपचारिक परिधान में यूक्रेन का एक प्रतिनिधिमंडल बैठक कक्ष में प्रवेश कर रहा है जहां उन्होंने सूट-टाई पहने रूसी अधिकारियों के साथ हाथ मिलाए। वार्ता का मकसद युद्ध को रोकना है जिसके कारण दस लाख से अधिक लोग यूक्रेन की सीमाओं को छोड़कर जा चुके हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को चेतावनी दी है कि उसे असैन्ईकरण की क्रेमलिन की मांग को फौरन स्वीकार कर लेना चाहिए और नाटो में शामिल होने की अपनी कोशिश छोड़कर खुद को तटस्थ घोषित कर देना चाहिए। पुतिन लंबे समय से कह रहे हैं कि यूक्रेन का पश्चिमी जगत की ओर रुख करना मॉस्को के लिए खतरा है। उन्होंने पिछले सप्ताह हमले के साथ इस दलील को जायज ठहराने का प्रयास किया। बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब रूस की सेना यूक्रेन का संपर्क काला सागर और आजोव सागर से समाप्त करने के प्रयास के तहत देश के दक्षिण में बड़े हिस्से में घुसपैठ कर चुकी है। वहीं रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि मॉस्को यूक्रेन में लड़ाई खत्म करने के लिए बातचीत को तैयार है, लेकिन यूक्रेन के सैन्य ढांचे को नष्ट करने के अपने प्रयास जारी रखेगा।

## दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर हादसे में पांच युवकों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार

**हरियाणा** के गुरुग्राम में गुरुवार तड़के दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर हुए दिल दहलाने वाले सड़क हादसे में पांच युवकों की मौके पर मौत हो गई। ट्रक-कार की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चकनाचूर हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब पांचों युवक दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित एक होटल से अपने ब्रांच मैनेजर का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। हादसे के बाद बिलासपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार मानेसर आईएमटी स्थित सोम लॉजिस्ट कंपनी में कार्यरत सभी युवक ब्रांच मैनेजर चंद्रमोहन निवासी हांसी हिसार (25) का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। चार अन्य युवक भारत भूषण (25) निवासी हांसी हिसार, संदीप (23) निवासी कैथल, प्रवीण शर्मा ( 29), आशीष (24) सेलेरियो कार में थे। गाजियाबाद से लौटने के दौरान दिल्ली-जयपुर हाईवे पर बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव बिनोला के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चकनाचूर हो गई और उसमें सवारों पांचों युवक बुरी तरह फंस गए। हाईवे से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को क्षतिग्रस्त कार से निकालने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। जिसके बाद घायलों को निकालने के लिए कटर से कार के हिस्से को काटने के बाद पांचों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने पांचों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मरने (शेष पेज 9)

## अमेरिकी राष्ट्रपति तय करेंगे भारत पर प्रतिबंध लगे या नहीं

**एपी।** वाशिंगटन

**रूस** से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद को लेकर भारत पर सीएएटीएसए कानून के तहत प्रतिबंध लगाया जाए या नहीं, इस पर फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन करेंगे। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अमेरिकी सांसदों को यह जानकारी दी। काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के तहत अमेरिकी प्रशासन के पास ईरान, उत्तर कोरिया या रूस के साथ महत्वपूर्ण लेन-देन करने वाले किसी भी देश के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का अधिकार है।

सीएएटीएसए एक सख्त अमेरिकी कानून है, जो 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे और 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में पुतिन के कथित हस्तक्षेप के जवाब में वाशिंगटन को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकृत करता है, जो मॉस्को से प्रमुख रक्षा साजो-सामान की खरीदारी करते हैं। भारत के खिलाफ संभावित सीएएटीएसए प्रतिबंधों से जुड़े एक सवाल पर दक्षिण एवं मध्य एशिया में अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लु ने बुधवार को सीनेट की निकट पूर्व, दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और आतंकवाद निरोधी मामलों की विदेशी संबंध उपसमिति के सदस्यों को बताया कि नई दिल्ली पर प्रतिबंध लगाया जाए या नहीं, इस पर फैसला राष्ट्रपति बाइडन लेंगे।

लु ने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि बाइडन प्रशासन सीएएटीएसए कानून का पालन करेगा और इसे पूरी तरह से लागू करेगा। प्रशासन इसके किसी भी पहलू पर आगे बढ़ने से पहले कांग्रेस के साथ राय-मशविरा करेगा। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से मैं यह नहीं कह पा रहा हूं कि भारत के खिलाफ प्रतिबंध लगाने के मामले में राष्ट्रपति या विदेश मंत्री के फैसले को लेकर कोई अंदाजा लगाएं। मैं यह भी नहीं बता पा रहा हूं कि क्या यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्वाई का इस फैसले पर कोई असर होगा। लु ने स्पष्ट किया कि बाइडन प्रशासन ने (शेष पेज 9)

## उप्र में छठे चरण में करीब 56% मतदान

- 10 जिलों की 57 सीटों पर डाले गए वोट, अंबेडकरनगर में सर्वाधिक, बलरामपुर में सबसे कम रहा मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



छठे चरण के चुनाव के दौरान बलिया में एक मतदान केंद्र पर लाइन में लगे लोग

**प्रदेश** में विधानसभा चुनाव के छठे चरण में पूर्वांचल के 10 जिलों की 57 सीटों पर बृहस्पतिवार को 55.79 फीसदी मतदान हुआ। पिछले विधानसभा चुनाव में इन सीटों पर औसत 56.67 फीसदी मतदान हुआ था। छठे चरण में योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया व बलिया में शाम छह बजे तक मतदान हुआ।

अंबेडकरनगर में जहां सर्वाधिक 62.66 फीसदी मतदान हुआ, वहीं सबसे कम 48.90 फीसदी मतदान बलरामपुर जिले में हुआ है। कई जिलों में ईवीएम में खराबी आ जाने के कारण मतदान बाधित रहा। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी ईवीएम में खराबी के चलते 20 मिनट विलंब से अपना वोट डाल पाए। निर्वाचन आयोग के मुताबिक शाम सात बजे तक अंबेडकर नगर जिले में 62.44, बलिया में 52.01, बलरामपुर में 48.90, बस्ती में 57.20, देवरिया में 56.00, गोरखपुर में 58.89, कुशीनगर में 59.00, महराजगंज में 59.5, संतकबीर नगर में 52.20, सिद्धार्थनगर में 51.60 प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग के अनुसार शाम छह बजे तक मतदेय स्थल पर उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान का अवसर प्रदान किए जाने के लिए जिलों को निर्देशित किया गया था। छठे चरण में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ उनके सात मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी तथा बसपा विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,102 | ↓ | 366 | |
| निफ्टी | 16,498 | ↓ | 107 | |
| सोना | 51,670 | ↑ | 271 | /10g |
| चांदी | 68,425 | ↑ | 818 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### चुनाव में नकदी और मादक पदार्थों की रिकॉर्ड जब्ती

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के आधिकारिक कार्यक्रम की गत आठ जनवरी को घोषणा होने के बाद से रिकॉर्ड 328 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी, शराब और मादक पदार्थ जब्त किए गए जिनका उपयोग मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए होना था। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पांचो चुनावी राज्यो उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर से 1,039.50 करोड़ रुपए की कुल बरामदगी की गई। इसमें 571.34 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ शामिल थे। पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में मतदान संपन्न हो चुका है, हालांकि उत्तर प्रदेश और मणिपुर में अभी एक-एक चरण का मतदान होना शेष है। सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने और धनबल, शराब और तोहफे बांटने के अनुचित माध्यमों पर अंकुश लगाने पर विशेष जोर देता आ रहा है।

## यूट्यूब का अर्थव्यवस्था में 6800 करोड़ का योगदान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वीडियो** साझा करने वाले मंच यूट्यूब के क्रिएटर इकोसिस्टम ने वर्ष 2020 के दौरान घरेलू अर्थव्यवस्था में 6,800 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। परामर्श देने वाली स्वतंत्र कंपनी ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स द्वारा गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जारी रिपोर्ट में यूट्यब के भारत में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव का आकलन किया गया है।

यूट्यब ने ऑनलाइन वार्ता में निष्कर्ष जारी करते हुए कहा कि रिपोर्ट से पता चलता है कि यूट्यूब के पारिस्थितिकी तंत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी आर्थिक मूल्य पैदा किया। उसने कहा कि यूट्यब ने 2020 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6,800 करोड़ रुपए का योगदान दिया, जो देश में 6,83,900 नौकरियों के समर्थन के बराबर है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की इस रिपोर्ट में यूट्यूब से जुड़ी अन्य संबंधित आय जैसे गैर-विज्ञापन राजस्व (यूट्यूब चैनल को सब्स्क्राइब के जरिए) और यूट्यूब के माध्यम से अन्य प्रायोजकों से मिली आय शामिल है। यूट्यूब ने कहा कि आय के ये स्रोत न केवल रचनात्मक उद्यमियों के लिए नौकरियों और आय का समर्थन करते हैं बल्कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यापक गतिविधियों को भी बढ़ावा देते हैं।

सरकार द्वारा पिछले वर्ष जारी अनुमान के अनुसार देश में यूट्यूब के 44.8 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। यूट्यूब ने कहा कि प्लेटफार्म से राजस्व के अवसर प्रदान करने के अलावा, निर्माता की उपस्थिति वैश्विक प्रशंसकों का आधार प्रदान करने में मदद करने के साथ ब्रांड साझेदारी, लाइव प्रदर्शन (शेष पेज 9)

## वार्ता और कूटनीति के रास्ते पर लौटें रूस-यूक्रेन: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**क्वाड** समूह के देशों की बृहस्पतिवार को एक बैठक हुई जिसमें यूक्रेन पर रूस के हमले से पैदा हुई स्थिति और मानवता पर उसके प्रभावों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दोनों देशों को वार्ता और कूटनीति के रास्ते पर लौटने की आवश्यकता पर जोर दिया। डिजिटल माध्यम से हुई इस बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रिलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी शामिल हुए। क्वाड चार देशों का संगठन है। इसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। ए चारों देश विश्व की बड़ी आर्थिक शक्तियां हैं। 2007 में, जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने इसे क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (शेष पेज 9)

## वाहनों पर फिटनेस-पंजीकरण प्रमाणपत्र चिपकाना अनिवार्य

- दुर्घटना दावों के जल्द निपटान के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय ने जारी किए नए नियम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**देश** में वाहन फिटनेस और पंजीकरण प्रमाणपत्र अपनी गाड़ी पर ऐसी जगह चिपकाना अनिवार्य हो गया है, जहां से वह स्पष्ट दिखे। इसके अलावा सड़क मंत्रालय ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) द्वारा दावों के जल्द निपटान के लिए नए नियम जारी किए हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक मसौदा अधिसूचना में यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा कि भारी मालायात्री वाहनों, मध्यम मालयात्री वाहनों और हल्के मोटर वाहनों के मामले में फिटनेस प्रमाण पत्र और पंजीकरण चिह्न को विंड स्क्रीन के बाईं ओर के ऊपरी किनारे पर अनिवार्य रूप से दिखाना होगा। वहीं ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा, ई-कार्ट और क्वाड्रिक साइकिल को इसे सही से लग पाने की स्थिति में विंड स्क्रीन के बाईं ओर के ऊपरी किनारे पर लगाना होगा।

इसके अलावा मोटरसाइकिल के मामले में इसे वाहन के साफ दिखाई देने वाले हिस्से पर प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार इसे एरियल बोल्ड स्क्रिप्ट में नीले रंग की पृष्ठभूमि पर पीले रंग में दर्शाया जाएगा। मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) द्वारा दावों के नए नियम में दावों के जल्द निपटान को लेकर विभिन्न पक्षों के लिए समय-सीमा के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जांच, विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (डीएआर) और इसकी सूचना की प्रक्रिया तय की गई है। नए नियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। मंत्रालय ने अनुसार वाहन बीमा के प्रमाण पत्र में मान्य मोबाइल नंबरों को शामिल करना भी अनिवार्य कर दिया गया है। नए नियम एक अप्रैल, 2022 से प्रभावी होंगे।

अधिसूचना के अनुसार सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद पुलिस के जांच अधिकारी दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करेंगे। साथ ही उन्हें घटनास्थल और दुर्घटना में शामिल वाहन की तस्वीर भी लेनी होगी और दुर्घटना स्थल की पूरी रूपरेखा तैयार करनी होगी। इसके अलावा किसी भी तरह की क्षतिचोट की स्थिति में जांच अधिकारी को अस्पताल में घायल व्यक्ति की तस्वीर लेनी होगी। अधिसूचना में जांच अधिकारी को चश्मदीदों या दुर्घटना स्थल के पास खड़े लोगों से मौके पर पूछताछ करने के लिए भी कहा गया है। अधिसूचना के अनुसार, जांच अधिकारी दुर्घटना के 48 घंटों के भीतर दावा न्यायाधिकरण को दुर्घटना की सूचना देंगे। इसके लिए वे फॉर्म एक में पहली दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर) जमा करेंगे।

# बैंक लॉकर से गायब हुए 70 लाख के जेवर, मचा हड़कंप

## दो साल से पड़ा था बंद, चाबी से नहीं खुला तो तुड़वाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


घटना की सूचना मिलने के बाद ब्रांच पहुंचे लोग।

शहर में गुरुवार सुबह एक बड़ी वारदात सामने आई जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। शहर के नेहरू नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा के लॉकर में रखे करीब 70 लाख रुपये से ज्यादा के गहने बैंक लॉकर से चोरी होने की घटना सामने आई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को शक है कि बैंक कर्मचारियों की सांठगांठ से लॉकर से लाखों रुपये के गहने चोरी हुए हैं। इस घटना के बाद से ही बैंक कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। एक खाताधारक के लॉकर से चोरी होने की सूचना के बाद अन्य खाता धारक भी अपने लॉकर देखने बैंक पहुंचे हैं। इस मामले पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक संदीप कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि इस संबंध में जानकारी मिली है। लॉकर होल्डर की चाबी से लॉकर ना खुलने पर लॉकर होल्डर की उपस्थिति में लॉकर तुड़वाया गया था। वहीं खाताधारक लॉकर से सामान चोरी होने का दावा कर रहे हैं। प्रबंधक का कहना है कि खाताधारक लॉकर में क्या रख रहे हैं, इस संबंध में बैंक को जानकारी नहीं होती है।

सिहानी गेट थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी प्रियंका गुप्ता ने नेहरू नगर स्थित पीएनबी की शाखा में 20 साल से खाता है। इसके साथ ही वह बैंक में लॉकर का इस्तेमाल कर रही हैं। प्रियंका का कहना है कि वह 2019 में आखिरी बार लॉकर चेक करने गई थीं। इसके बाद कोरोना संक्रमण के कारण बैंक नहीं जा सकीं। अक्टूबर 2021 में बैंक में जाने पर चाबी से लॉकर नहीं खुला।

## त्वरित सहायता देने में गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट अव्वल

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर फरवरी-2022 में पूरे प्रदेश में प्रतिक्रिया अवधि के लिहाज से प्रथम स्थान पर रहा। जुलाई, 2021 से कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर लगातार प्रथम स्थान पर काबिज है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कमिश्नरेट द्वारा पीआरवी वाहनों द्वारा कम समय में शीघ्र सहायता पहुंचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) लव कुमार ने बताया कि फरवरी, 2022 में पूरे प्रदेश के यूपी-112 की प्रतिक्रिया अवधि (रिस्पांस टाइम) में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 400-450 घटनाएं होती हैं, लेकिन डॉयल 112 से 65 चार पहिया पीआरवी और 50 दो पहिया पीआरवी के जरिए त्वरित सहायता प्रदान की जाती है। महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नरेट में छह महिला पीआरवी चलती हैं।

# बरसाती नाले में बिना शोधित किए गिरा रहे थे सीवरेज

### प्राधिकरण ने सुपरटेक के इको विलेज-वन हाउसिंग सोसाइटी पर लगाया एक करोड़ का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सोसायटी के सीवरेज को शोधित किए बिना बरसाती नाले में गिराने के मामले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने बुधवार को सुपरटेक के ईको विलेज-वन पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने बिल्डर को यह रकम एक सप्ताह में जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही सोसायटी के सीवरेज को शीघ्र शोधित न कराने पर लीज डीड की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की चेतावनी दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि नियमत: ग्रेटर नोएडा में 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक एरिया पर बनी सभी सोसायटी, संस्थानों व प्रतिष्ठानों को खुद का एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) लगाना और उसे चलाना अनिवार्य है।

सोसायटी से निकलने वाले सीवरेज को एसटीपी से शोधित करने के बाद उसका इस्तेमाल सिंचाई, निर्माण आदि कार्यों में होना चाहिए। सुपरटेक ईको विलेज वन सोसायटी के सीवरेज को बिना शोधित किए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा बनाए गए बरसाती नाले में गिराया जा रहा था। प्राधिकरण के सीवर विभाग ने जल प्रदूषण को देखते हुए बिल्डर को सीवरेज का शोधन तत्काल शुरू कराने को कहा था, न मानने पर प्राधिकरण ने सुपरटेक इको विलेज पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगा दिया है।

प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि अगर सीवरेज का तत्काल शोधन शुरू न किया गया तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्राधिकरण की कानूनी करार संबंधी शर्तों के अनुसार ईकोविलेज सोसायटी पर कार्रवाई की जाएगी।

सीवर विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर किसी भी सोसायटी, संस्थान और प्रतिष्ठान ने सीवरेज को शोधित किए बिना नाले में डालने की कोशिश की तो उस पर कठोर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही ऑक्यूपेंसी व कंपलीशन सर्टिफिकेट रद्द करने और प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब तक 46 बिल्डर सोसायटी पर करीब तीन करोड़ रुपए का जुर्माना लगा चुका है।

## सार्वजनिक स्थानों पर अवैध विज्ञापन लगाया, कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर के नोएडा में अवैध रूप से सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग- बैनर लगाने वाले लोगों के खिलाफ प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई की है। नोएडा प्राधिकरण ने पांच एजेंसियों पर कार्रवाई करते हुए 5.40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी इंदू प्रकाश सिंह ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में बिना अनुमति के होर्डिंग, बैनर और अन्य प्रचार सामग्री लगाने पर रोक है। उन्होंने बताया कि पांच एजेंसियों ने बिना अनुमति के शहर के विभिन्न जगहों पर अवैध रूप से बैनर व होर्डिंग लगाया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को एक विशेष कार्रवाई के तहत प्राधिकरण ने शहर के विभिन्न जगहों पर विभिन्न एजेंसी और कंपनियों द्वारा लगाए गए अवैध विज्ञापनों को हटाया। उन्होंने बताया कि नोएडा के विभिन्न मुख्य सड़कों और चौराहों पर लगी हार्डिंग को भी हटाया गया।

**यूक्रेन से लौटी छात्रा ने कहा**

# एक समय ऐसा लगा था कि घर नहीं लौट पाऊंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

युद्धग्रस्त यूक्रेन से भारत लौटी गौतमबुद्धनगर की रहने वाली एक छात्रा ने कहा कि उसे एक समय ऐसा लगा था कि वह कभी घर नहीं लौट पाएगी। ग्रेटर नोएडा में रहने वाली संस्कृति सिंह बुधवार को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट से भारत पहुंची। वह यूक्रेन में इवोना शहर के एक विवि के छात्रावास में रहती थी।

संस्कृति ने कहा कि रूस के हमले का इनोवा में ज्यादा असर नहीं हुआ था, लेकिन हवाई अड्डा बंद कर दिया गया था और छात्रावास के भोजनालय में खाना बनना बंद हो गया था। उसने कहा कि दुकानों और एटीएम पर लंबी-लंबी कतारें लगी थीं। संस्कृति ने कहा, इसे देखते हुए विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूह बनाए और हर समूह को अलग-अलग काम की जिम्मेदारी सौंपी गई। किसी को खाना बनाने, तो किसी को बाजार से सामान लाने की जिम्मेदारी दी गई। पानी महंगा हो गया था। सामान्य तौर पर पांच लीटर पानी की बोतल 40 से 45 रुपए में मिलती थी, लेकिन वह 100 रुपए से अधिक की हो गई थी।

संस्कृति ने बताया कि वह 26 फरवरी की सुबह रोमानिया और यूक्रेन की सीमा पर पहुंच गई थी, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उसने कहा कि उस समय सीमा भारतीय छात्रों के लिए बंद थी और उसे बताया गया कि सीमा को अगले दिन खोला जाएगा। संस्कृति ने कहा, तब मुझे ऐसा लगने लगा था कि मैं घर वापस नहीं पहुंच पाऊंगी।

उसने कहा कि अगले दिन सुबह सीमा पार करने के बाद उसकी जान में जान आई। उसने कहा कि रोमानिया में तापमान शून्य से छह डिग्री सेल्सियस नीचे था, ऐसे में वहां के लोग छात्रों को कंबल दे रहे थे और उनके खान-पान का प्रबंध कर रहे थे।

## छात्राओं के साथ अश्लीलता के दोषी शिक्षक को 5 साल की जेल

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के नोएडा स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ने वाली दो छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाले अध्यापक को जनपद न्यायालय ने पांच वर्ष कारावास तथा 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थ दंड जमा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 50 में स्थित एक स्कूल में पढ़ाने वाले अध्यापक नीरज गंगवार पुत्र विजय बहादुर गंगवार निवासी जल वायु विहार ग्रेटर नोएडा ने दो छात्राओं के साथ अश्लील हरकत किया था। इस मामले में स्कूल के प्रधानाचार्य लता राणा ने वर्ष 2019 में थाना सेक्टर 49 में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया तथा उसके खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। उन्होंने बताया कि मामले की सुनवाई अपर जिला जज स्पेशल पोक्सो-फर्स्ट द्वारा की जा रही थी।

# नवोदय विद्यालय में फर्जी तरीके से हुए 90 प्रतिशत दाखिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**कमेटी की जांच में पकड़ा गया फर्जीवाड़ा**

जनपद के एकमात्र नवोदय विद्यालय में दाखिला के बड़े फ र्जीवाड़े का मामला सामने आया है। इस फ र्जीवाड़े कारनामों में कक्षा 6 के 90 फीसद दाखिले फर्जी तरीके से किए गए हैं। जांच कमेटी ने खुलासा करते हुए जानकारी दी है कि विद्यालयों में बच्चों के नाम से फ र्जी कागजात बनाए गए हैं। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

दादरी के धूम मानिकपुर गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 से बारहवीं तक छात्रों को पढ़ाया जाता है। अगस्त 2021 में इस स्कूल में कक्षा 6 की 80 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन हुई थी। सितंबर में इसके नतीजे जारी हो गए। इसमें कई विद्यालयों के कागजात अधिकारियों को संदिग्ध मिले, जिसके बाद पूरे प्रकरण की जांच बिठाई गई है। जांच में अब तक एक महिला और कुछ अध्यापकों की भूमिका अहम पाई गई है। जिसकी टीम जांच कर रही है। नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि फ र्जी कागज तैयार कर विद्यालय में दाखिला दिलाने में जिले के 15 स्कूलों के नाम सामने आए हैं। इनकी सूची जिलाधिकारी को सौंप दी गई है। मामले में कुछ और पहलुओं पर जांच की जा रही है। इसकी रिपोर्ट जल्द तैयार होगी।

जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि फर्जी कागज तैयार करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विद्यालयों में फ र्जी तरीके से एडमिशन दिलाने वाले लोगों पर हमारी नजर है, कई लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। बीएसए और डीआईओएस को विस्तृत जांच की रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं।

## ग्रामीण पर्यटन विकसित करेगा यमुना प्राधिकरण

**नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण नोएडा हवाई अड्डे के 30 किलोमीटर के दायरे में ग्रामीण पर्यटन को विकसित करेगा। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि राजस्थान में और हरियाणा में ग्रामीण पर्यटन तेजी से विकसित हुआ है और इसी की तर्ज पर यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में भी ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों के लिए रोजगार का नया विकल्प तैयार होगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी इंडियन ट्रस्ट ऑफ रूलर हेरिटेज एंड डेवलपमेंट को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पर्यटन के लिए नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के तीस किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्मारकों का जीर्णोद्धार किया जाएगा और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित किया जाएगा, खास प्रजाति एवं वर्षो पुराने पेड़ों के साथ ही वेटलैंड, जीव जंतु को भी संरक्षित किया जाएगा।

## बलात्कार के दो अलग अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** जिले के मुरादनगर इलाके में नाबालिग लड़कियों से बलात्कार के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। बलात्कार की शिकार एक लड़की की उम्र पांच साल जबकि दूसरी लड़की की उम्र 14 वर्ष है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बड़ी लड़की ने आरोपी के चार या पांच अन्य साथियों पर भी बलात्कार का आरोप लगाया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पहले मामले में पांच साल की बच्ची जब अपने घर के पास एक दुकान पर गई तो उसका पड़ोसी उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। मसूरी थाना इलाके में रहने वाले आरोपी संदीप ने घर ले जाकर लड़की से बलात्कार किया।


**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

**बिक्री सूचना**

Mahindra HOME FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग वर्ली, मुंबई -400018, भारत, फोन : +91 22 66523500 फैक्स : +91 22 24972741
आंचलिक कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी 2/बी 70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ
शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002

**अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी-सह-बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्तियां बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :-

| कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं का नाम | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा : गाजियाबाद<br>कर्जदार : अनुज कुमार<br>सह-कर्जदार : निशा रावल<br>पता-, मकान नंबर 54, घोड़ी बछेड़ा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201301<br>अन्य पता : निवासी 134, घोड़ी बछेड़ा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश एलएएन : 587509/ XSEMGZB00504274 | 24-दिस.-2020 एवं रू. 16,76,993/- (रू. सोलह लाख छहत्तर हजार नौ सौ तिरानवे मात्र) | 12-10-2021 | खसरा नंबर 306 पर प्लॉट, चमरावली, रामगश परगना, जिला दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203207<br>चौहद्दी :- उत्तर : गोल्डी का प्लॉट, दक्षिण : श्रीमती आशा देवी का प्लॉट, पूरब - रास्ता, पश्चिम : सुमित का प्लॉट, | रू. 8,10,000/-<br>रू. 81,000/-<br>रू. 10,000/- | 26-03-2022 समय पूर्वा 11.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 04-04-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| शाखा : मेरठ<br>कर्जदार : नरेन्द्र<br>पता : मकान नंबर 4 सीसी शताब्दी नगर, रिठानी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250103<br>सह-कर्जदार : गीता देवी<br>पता : ग्राम आसिफाबाद, नारंग पुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250406<br>अन्य पता : मकान नंबर 4 सीसी शताब्दी नगर, रिठानी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250103 एलएएन : 634551/ XSEMMER00524294 | 03-12-2020 एवं रू. 6,80,375/- (रू. छह लाख अस्सी हजार तीन सौ पचहत्तर मात्र) | 22-06-2021 | प्लॉट नंबर 179, खसरा नंबर 64/1, मोहल्ला श्रीराम गार्डन, ग्राम डुंगरावली, जिला मेरठ-250103<br>चौहद्दी :- उत्तर : पाइप लाइन की भूमि, दक्षिण : प्रमोद चेयरमैन, पूरब - रोड, पश्चिम : रास्ता | रू. 4,33,700/-<br>रू. 43,370/-<br>रू. 10,000/- | 26-03-2022 समय पूर्वा 11.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 04-04-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| शाखा : मेरठ<br>कर्जदार : निर्भय सिंह नागर<br>पता : मकान नंबर 9, नगला शेरखान उर्फ जैन पुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002<br>सह-कर्जदार : अजय सिंह<br>पता : रछोटी, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250106<br>गारंटर : शिका अग्रवाल<br>पता : 278/7, जागृति विहार, सेक्टर-7, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250004 एलएएन : 582727/ XSEMMER00489862 | 12-01-2021 एवं रू. 7,55,797/- (रू. सात लाख पचपन हजार सात सौ सत्तानवे मात्र) | 10-04-2021 | प्लॉट नंबर 19 एवं 20 का भाग, खसरा नंबर 111, ग्राम कुंडा परतापुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश: 250002<br>चौहद्दी :- उत्तर : प्लॉट नंबर 20 का बाकी भाग, दक्षिण : प्लॉट नंबर 19 का बाकी भाग, पूरब - धनपाल का खेत, पश्चिम : 20 चौड़ा रास्ता | रू. 1,80,000/-<br>रू. 18,000/-<br>रू. 10,000/- | 26-03-2022 समय पूर्वा 11.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 04-04-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| शाखा : गाजियाबाद<br>कर्जदार : मुकुट सिंह<br>सह-कर्जदार : कमलेश<br>पता -, मकान नंबर 159, ग्राम -घोड़ी बछेड़ा, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-203207 एलएएन : 687139/ XSEMGZB00586921 | 13-08-2021 एवं रू. 7,21,334/- (रू. सात लाख इक्कीस हजार तीन सौ चौंतीस मात्र) | 10-01-2022 | खसरा नंबर 800, चमरावली, ग्राम पियावली, ताजपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203207 चौहद्दी :- उत्तर : महावीर का प्लॉट, दक्षिण : बिजेन्द्र का प्लॉट, पूरब - 12 फीट रोड, पश्चिम : राम पाल का प्लॉट, | रू. 4,34,700/-<br>रू. 43,470/-<br>रू. 10,000/- | 26-03-2022 समय पूर्वा 11.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 04-04-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| शाखा : मेरठ<br>कर्जदार : सन्नावर<br>सह-कर्जदार : साहिना<br>पता : टेहर्की, खिरवा, जलालपुर, छोटी मस्जिद, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250341 एलएएन : 810150/ XSEMMER00711670 | 13-08-2021 एवं रू. 17,58,748/- (रू. सत्रह लाख अठ्ठावन हजार सात सौ अड़तालीस मात्र) | 10-01-2022 | आवासीय प्लॉट नंबर 135/2, खसरा नंबर 1162 मिन, नगर पालिका परिषद, निकट राधा कुंज कालोनी, दौराला रोड, परगना तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश-251341<br>चौहद्दी :- उत्तर : विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण : सत्यजीत भीम सेन तथा कुंवरपाल का प्लॉट, पूरब - राधा कुंज कालोनी की सीमादीवार, पश्चिम : 12 फीट चौड़ा रास्ता | रू. 9,00,000/-<br>रू. 90,000/-<br>रू. 10,000/- | 26-03-2022 समय पूर्वा 11.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 04-04-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| शाखा : मेरठ<br>कर्जदार : संदीप कुमार पाल<br>सह-कर्जदार : अंजू<br>पता : मकान नंबर 417, 3 रामपुरी मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश-251002 एलएएन : 1221860/ XSEMMER00971410 | 13-08-2021 एवं रू. 1,89,020/- (रू. एक लाख नवासी हजार बीस मात्र) | 10-01-2022 | प्लॉट नंबर 32, खसरा नंबर 699, ग्राम बामन हरडी मुजफ्फर नगर-251026 चौहद्दी :- उत्तर : विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण : सत्यजीत भीम सेन तथा कुंवरपाल का प्लॉट, पूरब - राधा कुंज कालोनी की सीमादीवार, पश्चिम : 12 फीट चौड़ा रास्ता | रू. 3,87,000/-<br>रू. 38,700/-<br>रू. 10,000/- | 26-03-2022 समय पूर्वा 11.00 बजे से अप. 6 बजे तक | 04-04-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |

1. एमआरएचएफएल ने अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस तथ्य पर विचार करते हुए इसको स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र **www.mahindrahomefinance.com** पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों पर की जाएगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी दीप जोशी से मोबाइल नंबर 8853265434 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 28-03-2022 है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी तथा अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 04-04-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 26-03-2022 को पूर्वा 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक है।
7. कजर्दार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज और लागतों सहित की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि चुका देता है तो बिक्री, नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : गाजियाबाद, मेरठ तिथि : 04-03-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट -IV-क [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. अर्जुन सिंह ("कर्जदार")<br>2. श्रीमती सीमा सिंह<br>ऋण खाता संख्या **LNHLNOI000003607**<br>रू. 17,81,252/- (रूपए सत्रह लाख इक्यासी हजार दो सौ बावन मात्र) + 25-02-2022 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति सं. बी-344/16 का सम्पूर्ण द्वितीय तल, क्षेत्रफल परिमाप 55 वर्ग गज, ब्लॉक-बी, गली नंबर 16, खसरा नंबर 318 का भाग, ग्राम घोंडा, गुरजन खादर, मजनपुरा, दिल्ली | 1. ई-नीलामी की तिथि : 06-04-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच)<br>2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 05-04-2022<br>3. निरीक्षण की तिथि : 02-04-2022 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 15,25,000/- (रूपए चालीस लाख सात हजार मात्र)<br>धरोहर राशि जमा : रू. 1,53,000/- (रूपए चार लाख एक हजार मात्र)<br>वृद्धि मूल्य : रू. 10,000/- (रूपए दस हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079. **68136880/68136837**), श्री चिंतन भट्ट, मोबाइल नंबर 9265562821 एवं 9265562818, ई-मेल : **chintan.bhatt@auctiontiger.net** से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल पर अपने नाम का पंजीकरण **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 05-04-2022 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/ प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 को अधिकतम 05-04-2022 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - ............ (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदातओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वत: 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, उसी दिन तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, के पक्ष में नई दिल्ली में देय डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 15 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, : सुश्री प्रार्थना सम्पत मोबाइल नंबर 7400445137/9990275365 से सम्पर्क करें।
25. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 30 (तीस) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : दिल्ली तिथि : 04-03-2022 हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# यूक्रेन में दिल्ली के 650 लोग फंसे

## अब तक 215 लोग वापस आए, परिवारों को दी जा रही है मदद : गहलोत

● छात्रों को घर पहुंचाने के लिए आईजीआई और हिंडन एयरपोर्ट पर लगाई गईं बसें



संजय राय। नई दिल्ली/गाजियाबाद

दिल्ली के लगभग 650 लोग यूक्रेन में फंसे हुए हैं और वहां से 215 लोगों को अब तक वापस लाया जा चुका है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा दी गई सूची के अनुसार यूक्रेन में दिल्ली के कम से कम 870 लोग थे। बुधवार रात तक जिलाधिकारी, उपमंडल अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारी 550 से अधिक छात्रों के घर गए जिन्हें या तो निकाला जा चुका है या अभी भी वे यूक्रेन में फंसे हैं। अधिकारियों ने कहा कि 600 से अधिक छात्रों के परिवारों से फोन पर संपर्क किया गया है और उन्हें आवश्यक मदद की पेशकश की गई है। वे युद्ध प्रभावित यूक्रेन से निकाले गए छात्रों से तथा जो अभी भी वहां फंसे हुए हैं उनके परिवारों से संपर्क करें और उन्हें जानकारी दें कि छात्रों के कल्याण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

दक्षिण जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यूक्रेन में फंसे लोगों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क में हैं। वह उन्हें हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने उन्हें वापस लाने की प्रक्रिया में लगे अन्य आला अधिकारियों के संपर्क में रखा है और उन्हें हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध करा रहे हैं। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि दिल्ली सरकार यूक्रेन में फंसे लोगों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क में है।

दिल्ली सरकार हिंडन अथवा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने वाले राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने संबंधी यात्रा सुनिश्चित करेगी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केन्द्र सरकार से यूक्रेन में फंसे लोगों को शीघ्र वापस लाने और उन्हें मदद देने का अनुरोध किया था। गुरुवार तड़के गाजियाबाद हिंडन एयरबेस पर चार फ्लाइटों में 808 बच्चे रोमानिया हंगरी और पौलेंड से पहुंचे।

# अपनी धरती पर पड़े पांव तो मिला सकून

अजित तिवारी। नई दिल्ली

यूक्रेन कहर बरपाती मिसाइल और बम धमाकों के बीच अपनों की सलामती के लिए सिर्फ प्रार्थना और दुआ का ही सहारा बचा है। केंद्र सरकार के प्रयासों से वापस लौटे छात्रों के परिजनों ने जहां संतोष की सांस ली है। लुधियाना के प्रबल प्रताप सिंह की बेटी रूस सीमा पर पहुंचने के बाद वापसी का इंतजार कर रही है। वहीं यहां परिजनों का बुरा हाल है। बेटी शिवांगी साथियों के साथ रूस की सीमा की तरफ निकल पड़ी थी। शिवांगी के साथ इशिता, लक्ष्य, कार्तिक समेत 800 से अधिक छात्र रूसी सीमा पर हैं। वहीं गाजियाबाद लोनी के शिवम को सरकार के प्रयास से बुधवार को वापस लाया गया। शिवम के भाई विकास ने बताया कि शिवम उजरोड से बहुत मुश्किल से हंगरी सीमा तक पहुंचे थे जहां से उनको वापस लाया गया है। शिवम के आने के बाद से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

"दिल्ली के मयूर विहार फेज-3 की आस्था जो यूक्रेन के लवीस मेडिकल यूनिवर्सिटी से मेडिकल कर रही हैं। आस्था ने बताया कि यूक्रेन में बम धमाकों से हंगरी सीमा तक पहुंचने के लिए करीब 10 घंटे से अधिक पैदल चलना पड़ा था। हंगरी की सीमा में भी प्रवेश करने लिए भीषण ठंड में करीब 24 घंटे इंतजार करना पड़ा। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह के वहां पहुंचने के बाद लोगों को निकालने की प्रक्रिया तेज हुई।"


आस्था

"खारकीव में मेडिकल के दूसरे साल के छात्र व दिल्ली छतरपुर निवासी चिराग ने कहा कि रूस के हमले से पहले ही वो कीव आ गए थे। वहां से हमें निकलने में दो से तीन दिन लग गए। मिसाइलों और बम धमाकों के बीच हम सभी हंगरी सीमा पर पहुंचे। जहां से हम सभी बुडापेस्ट एयरपोर्ट से केंद्र सरकार के विशेष विमान से वापस आए।"


चिराग

# दिल्ली टूरिज्म ऐप के जरिए रिचार्ज करा सकते हैं मेट्रो कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पर्यटक अब अपना मेट्रो स्मार्ट कार्ड दिल्ली टूरिज्म ऐप के जरिए रिचार्ज करा सकते हैं जिसमें दूरी और किराए का विवरण भी उपलब्ध होगा। दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम के अधिकारियों ने कहा कि यह मोबाइल ऐप विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ उनके लिए भी उपयोगी होगा जो दिल्ली मेट्रो रिचार्ज के ऑनलाइन विकल्पों या भाड़े और मार्ग से परिचित नहीं हैं। डीटीडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह दुनियाभर से आए पर्यटकों को दिल्ली में सर्वोत्तम अनुभव देना चाहते हैं। इसलिए, दिल्ली पर्यटन ऐप की मेट्रो रिचार्ज सुविधा से अब पर्यटक एक ऐप से अपनी पूरी यात्रा की योजना बना सकेंगे। इस सुविधा के माध्यम से उपयोगकर्ता बिना किसी परेशानी ने मेट्रो कार्ड रिचार्ज कर सकेंगे।



# कोविड-19 के 326 नए मामले, तीन संक्रमितों की मौत



नई दिल्ली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार राजधानी में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 326 नए मामले सामने आए और तीन संक्रमितों की मृत्यु हो गई, वहीं संक्रमण दर 0.77 प्रतिशत है।

ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार इसके साथ राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 18,60,887 हो गई है, वहीं मृतक संख्या 26,130 पहुंच गई है। बुलेटिन में बताया गया कि एक दिन पहले कोविड-19 का पता लगाने के लिए राजधानी में 42,542 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 325 मामले सामने आए थे और संक्रमण दर 0.81 प्रतिशत दर्ज की गई।


## दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

सामुदायिक सेवाएं विभाग
ई-1 ब्लॉक, तीसरा तल, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेन्टर,
जे.एल. नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110032
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सं. 2022_SDMC_108220_1 के अनुसार "सोसाइटी की गरीब महिलाओं के बीच वितरण के लिए दर अनुबंध आधार पर हाथ से चलाई जाने वाली सिलाई मशीनों की अधिप्राप्ति" कार्य के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ सिलाई मशीनों के विनिर्माताओं/डीलरों/डिस्ट्रीब्यूटरों/रिसेलर्स से दो निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के अंतर्गत ऑनलाइन मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कुल दर अनुबंध राशि रु. 2.15 करोड़, ईएमडी: रु 4.30 लाख, आर सी अवधि: 12 माह, लेखा शीर्ष: ए/सी-050-1211, डाउनलोड एवं निविदा जमा तिथि: 04.03.2022 से 21.03.2022 को अप. 3.00 बजे तक। तकनीकी निविदा खुलने की तिथि: 22.03.2022 को अप. 3.00 बजे। विस्तृत नियम व शर्तों के साथ निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किये जा सकते हैं या एसडीएमसी website: www.mcdonline.nic.in/SDMCPortal/Tenders/CPP-ETENDERS देखें। ऑनलाइन निविदा हेल्पडेस्क नं. 011-23227413 एवं 011-23227414 हैं या ई-मेल: MCD-ITHELPDESK@mcd.nic.in पर सम्पर्क करें। उपरोक्त निविदा(ओं) के संबंध में संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय विस्तार आदि के सभी विवरण केवल एसडीएमसी वेबसाइट पर अपलोड किये जायेंगे और अलग से समाचारपत्रों में प्रकाशित नहीं किये जायेंगे। इच्छुक निविदादाता इन निविदाओं के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

निदेशक (सीएसडी), एसडीएमसी
फोन नं.: 011-23225334

RO No. 74/DPI/S/2021-22


# सदर बाजार इलाके में रंजिश के चलते सुरक्षा गार्ड की पीटकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सदर बाजार इलाके में निजी रंजिश के चलते सुरक्षा गार्ड को पीटा जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने देवेंद्र, गोपाल बहादुर (21) और सोनू (25) नामक आरोपियों की पहचान की है जो नेपाल के रहने वाले हैं। मृतक की पहचान मंगल के रूप में की गई जो शिव मार्केट में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करता था। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि भुवन ने अपने चाचा मंगल को रुई मंडी के पास खून से लथपथ अचेत अवस्था में देखा और उसे लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया। देवेंद्र और मंगल के बेटे सागर के बीच छह-सात महीने पहले झगड़ा हुआ था, जिसके बाद हत्या को अंजाम दिया गया।

# डीयू में बीटेक समेत कई नए कोर्स होंगे शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● जारी होगा टिकट और सिक्का : कुलपति

डीयू में बीटेक समेत कई नए कोर्स शुरू होंगे। डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने बताया कि बीटेक समेत कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

इसके अलावा प्रबंधन और अर्थशास्त्र के पाठ्यक्रमों के लिए स्नातक और परास्नातक का भी कोर्स शुरू होगा। डीयू के सालभर चलने वाले शताब्दी स्थापना समारोह के दौरान इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम की शुरुआत, नए छात्रावासों का निर्माण, शताब्दी आसियान अध्ययन केंद्र की स्थापना तथा स्मरण के तौर पर एक टिकट और सिक्के का लोकार्पण किए जाने की योजना है। योगेश सिंह के अनुसार, विश्वविद्यालय ने उन लोगों को एक शताब्दी मौका देने की घोषणा भी की है जिनकी डीयू में पढ़ाई पूरी नहीं हो सकी। इसके अलावा एक शताब्दी गांव को भी गोद लिया जाएगा।

विश्वविद्यालय में शताब्दी स्थापना समारोह एक मई को शुरू होगा और अगले साल एक मई तक चलेगा। इसके लिए डीयू ने 10 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं और एक कॉफी टेबल पुस्तक जारी की जाएगी।

# दिल्ली दंगे: उमर खालिद की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। अदालत ने फरवरी 2020 के दौरान दिल्ली दंगों के सिलसिले में एक बड़े षड्यंत्र के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका पर आदेश 14 मार्च को सुनाया जाएगा। आरोपी ने बहस के दौरान अदालत को बताया कि अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ अपनी बात साबित करने के लिए सबूतों का अभाव है। गौरतलब है कि खालिद और कई अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उन पर फरवरी 2020 में हुए दंगों की साजिश रचने का आरोप है।

# भारत-जर्मनी के सहयोग से म्यूरल पेंटिंग प्रदर्शित



नई दिल्ली। लोधी कॉलोनी में जर्मनी और भारत के कलाकारों के सहयोग से म्यूरल पेंटिंग प्रदर्शित की गई है जिसमें उड़ती हुई एक मछली, रोलर स्केट्स पर बैठा उल्लू और साइकिल पर फ्लेमिंगो जैसे अनोखे चित्र लोगों को लुभा रहे हैं।

इसकी परिकल्पना दो महिलाओं ने की है जिनमें से एक जर्मनी की ग्राफिक उपन्यास कलाकार हैं और दूसरी भारत की एक वास्तुकार चित्रकार हैं जिन्होंने राजधानी में म्यूरल पेंटिंग (भित्ति चित्र) के जरिए अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया है। इस क्रम में भारत और जर्मनी के सहयोग से बनी तस्वीर फिश आउट ऑफ वाटर को तैयार होने में दो सप्ताह का समय लगा।


## कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट -IV-क [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. मैसर्स कोहिनूर टेक्सटाइल्स ("कर्जदार") 2. मोहम्मद अरसद 3. मोहम्मद आरिफ 4. श्रीमती अंजुम बेगम (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNCGCAZTL0000004208, LNCGCJPGTL0000007280 रू. 25,01,536/- (रूपए पच्चीस लाख एक हजार पांच सौ छत्तीस मात्र) + 25-02-2022 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | प्राइवेट शॉप नंबर 4, भू तल पर, क्षेत्रफल परिमाप 133 वर्ग फीट, म्युनिसिपल सम्पत्ति सं. 146 (पुरानी) तथा 356 (नई) का भाग, वार्ड नंबर 2, स्थित कूचा घासी राम, चांदनी चौक, दिल्ली-110006 | 1. ई-नीलामी की तिथि : 06-04-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 05-04-2022 3. निरीक्षण की तिथि : 02-04-2022 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 40,07,000/- (रूपए चालीस लाख सात हजार मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 4,01,000/- (रूपए चार लाख एक हजार मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 20,000/- (रूपए बीस हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें :- www.capriglobal.in/auction

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079. 68136880/68136837), श्री चिंतन भट्ट, मोबाइल नंबर 9265562821 एवं 9265562818, ई-मेल : chintan.bhatt@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल पर अपने नाम का पंजीकरण https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 05-04-2022 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/ प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 को अधिकतम 05-04-2022 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .................... (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदातओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/प्लॉट नंबर 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, उसी दिन तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 15 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड : श्री सुशील गुप्ता मोबाइल नंबर 7400445137 से सम्पर्क करें।
25. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 30 (तीस) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : दिल्ली तिथि : 04-03-2022
हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विशाल कुमार, सौरभ कुमार दीक्षित, 143, ज्ञान खण्ड 3 2 इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014 खाता नंबर :- LBGHZ00005388252 | फ्लैट नंबर 808, 8वां तल, पारस पर्ल्स।।, खसरा नंबर 540 541, सम्पत्ति सं. 19/6, मौजा खटेना, लोहामंडी वार्ड, आगरा, उत्तर प्रदेश | 04-02-2022 70,19,489/- | 27-10-2021 |
| 2. | विशाल गुप्ता, रचना गुप्ता, टी-204, पार्श्वनाथ गार्डेनिया, सेक्टर-61, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00002409070 | फ्लैट नंबर 4, चतुर्थ तल, स्काई राइज बंगलोज, वर्टीकल स्ट्रीट, प्लॉट नंबर जीएच-02, ग्राम सराय ख्वाजा, सेक्टर-41, फरीदाबाद, हरियाणा | 08-02-2022 1,45,22,579/- | 04-10-2021 |
| 3. | विक्रांत कुमार सिंह, ब्यूटी कुमारी, जी-3, प्लॉट नंबर 275, वैशाली सेक्टर-1, निकट मार्डन स्कूल आई ई साहिबाबाद, गाजियाबादद खाता नंबर :- LBNOD00004944539 | फ्लैट नंबर एएम-ई-12ए03, 12वां तल, टावर ई, अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 02-02-2022 61,32,688/- | 04-11-2021 |
| 4. | विजय कुमार, रितु एच-957, जवाहर कालोनी, एनआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा खाता नंबर :- LBFDB00005117964 | फ्लैट नंबर ए 6-302, तृतीय तल, हैबीटैट-78, टावर ए 6, सेक्टर-78, फरीदाबाद, हरियाणा | 04-02-2022 23,48,533/- | 01-11-2021 |
| 5. | वरुण नारंग, मनमोहन नारंग, बीडी-27 बी, शालीमार बाग, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005211384 | डीडीए शॉप नंबर 186, ट्रांसपोर्ट सेंटर, नई सब्जी मंडी, आजादपुर, दिल्ली | 02-02-2022 15,51,937/- | 04-10-2021 |
| 6. | वंदना शर्मा, हिमांशु शर्मा, 106 बी ब्लॉक पाकेट-2, रोहिणी सेक्टर-16, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002248284 | प्लॉट नंबर 61, प्रथम तल छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक तथा पाकेट बी-2, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली | 08-02-2022 25,95,909.8/- | 04-10-2021 |
| 7. | वंदना शर्मा, हिमांशु शर्मा, 106 बी ब्लॉक पाकेट-2, रोहिणी सेक्टर-16, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00003073786 | प्लॉट नंबर 61, प्रथम तल छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक तथा पाकेट बी-2, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली | 08-02-2022 9,29,231/- | 04-10-2021 |
| 8. | वंदना शर्मा, हिमांशु शर्मा, 106 बी ब्लॉक पाकेट-2, रोहिणी सेक्टर-16, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002254446 | प्लॉट नंबर 61, प्रथम तल छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक तथा पाकेट बी-2, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली | 08-02-2022 79,415.5/- | 04-10-2021 |
| 9. | उदय साहा, अनीता साहा, एच/82 एफ द्वितीय तल, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00001052153 | प्लॉट नंबर 31, टेरेस छत के अधिकार सहित, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली, | 02-02-2022 7,09,046.24/- | 06-11-2021 |
| 10. | सुशील दोषी, ममता दोषी, 30/28, प्रथम तल, ओल्ड राजिन्दर नगर सेंट्रल, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00004979180 | प्लॉट नंबर 7/37, तृतीय तल मय छत, ओल्ड राजिन्दर नगर, दिल्ली-110060 | 04-02-2022 25,89,123/- | 04-11-2021 |
| 11. | सुशील दोषी, ममता दोषी, 30/28, प्रथम तल, ओल्ड राजिन्दर नगर सेंट्रल, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00004979179 | प्लॉट नंबर 7/37, तृतीय तल मय छत, ओल्ड राजिन्दर नगर, दिल्ली-110060 | 04-02-2022 17,16,583/- | 04-11-2021 |
| 12. | सुशील दोषी, ममता दोषी, 30/28, प्रथम तल, ओल्ड राजिन्दर नगर सेंट्रल, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00004979177 | फ्लैट नंबर 165 ए, भू तल, डीडीए एलआईजी, मोतिया खान, दिल्ली-110055 | 04-02-2022 12,11,030/- | 04-11-2021 |
| 13. | सुशील दोषी, ममता दोषी, 30/28, प्रथम तल, ओल्ड राजिन्दर नगर सेंट्रल, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00004979178 | फ्लैट नंबर 165 ए, भू तल, डीडीए एलआईजी, मोतिया खान, दिल्ली-110055 | 04-02-2022 11,11,371/- | 04-11-2021 |
| 14. | सिद्धार्थ टैगोर, मीना वर्मा, 1328, सेक्टर-ए, पाकेट बी सी, वसंत कुंज, नई दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00002439142 | डीडीए फ्लैट नंबर 1328, तृतीय तल स्कूटर गैराज सहित, पाकेट बी तथा सी, सेक्टर-ए, वसंत कुंज, नई दिल्ली, | 08-02-2022 30,41,967/- | 04-10-2021 |
| 15. | सिद्धार्थ टैगोर, मीना वर्मा, 1328, सेक्टर-ए, पाकेट बी सी, वसंत कुंज, नई दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00002439141 | डीडीए फ्लैट नंबर 1328, तृतीय तल स्कूटर गैराज सहित, पाकेट बी तथा सी, सेक्टर-ए, वसंत कुंज, नई दिल्ली, | 08-02-2022 17,78,275/- | 04-10-2021 |
| 16. | शिवाली श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, फ्लैट नंबर 508, टावर बी, प्रतीक, दि रॉयल क्लिफ, क्रॉसिंग रिपब्लिक, आगरा खाता नंबर :- LBGHZ00003286498 | फ्लैट नंबर 2302, 22वां तल, टावर नंबर 4, लोटस एरीना, प्लॉट नंबर एससी-01/ए 2, स्पोर्ट्स सिटी, सेक्टर-79, नोएडा | 02-02-2022 26,59,060/- | 04-11-2021 |
| 17. | शारदेन्दु पांडे, नित्या पांडे, जे-6/42, तृतीय तल, राजौरी गार्डन, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00002433166 | प्लॉट नंबर 42, तृतीय तल, ब्लॉक जे-6, राजौरी गार्डन, दिल्ली-110052 | 04-02-2022 47,48,892/- | 15-11-2021 |
| 18. | शारदेन्दु पांडे, नित्या पांडे, जे-6/42, तृतीय तल, राजौरी गार्डन, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00004099046 | प्लॉट नंबर 42, तृतीय तल, ब्लॉक जे-6, राजौरी गार्डन, दिल्ली-110052 | 04-02-2022 13,24,770/- | 15-11-2021 |
| 19. | सौरभ कुमार गोयल, मुनेश देवी, फ्लैट नंबर 859, चतुर्थ तल, ब्लॉक-जीएच, पाकेट-4, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00004412796 | फ्लैट नंबर 859, चतुर्थ तल, पाकेट-जीएच-4, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली, | 02-02-2022 9,82,756.3/- | 11-10-2021 |
| 20. | सौरभ कुमार गोयल, मुनेश देवी, फ्लैट नंबर 859, चतुर्थ तल, ब्लॉक-जीएच, पाकेट-4, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00004413807 | फ्लैट नंबर 859, चतुर्थ तल, पाकेट-जीएच-4, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली, | 02-02-2022 6,51,541.5/- | 11-10-2021 |
| 21. | सौरभ कुमार गोयल, मुनेश देवी, फ्लैट नंबर 859, चतुर्थ तल, ब्लॉक-जीएच, पाकेट-4, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00005395711 | फ्लैट नंबर 859, चतुर्थ तल, पाकेट-जीएच-4, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली, | 02-02-2022 2,30,935/- | 11-10-2021 |
| 22. | संतोष कुमार दुबे, सुमन देवी, फ्लैट नंबर बी-003, आम्रपाली प्रिंसली एस्टेट, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00005549686 | मकान नंबर 2/2, खसरा नंबर 182 मिन, ग्राम रायपुर परगना आईआईएम रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 31,73,276/- | 06-11-2021 |
| 23. | साईकत रे, पुलोमा, नंबर6024, प्रस्टिज शांतिनिकेतन आईटीपीएल रोड, महादेवपुर, बेंगलुरू, कर्नाटक, खाता नंबर :- LBGUR00003924769 | फ्लैट नंबर 501, 5वां तल, टुडेज कैनरी ग्रीन्स टावर टी-5, ग्राम बेहरामपुर, सेक्टर-73, गुरूग्राम, हरियाणा | 04-02-2022 49,37,873/- | 06-11-2021 |
| 24. | रोहित कुमार, उषा महेन्द्रू, जी-31, जी/एफ, नारायणा विहार, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00001604514 | प्लॉट नंबर जी-31, नारायणा विहार, दिल्ली, | 02-02-2022 24,93,072/- | 31-05-2021 |
| 25. | रवि शर्मा, शालिनी शर्मा, ए-17, प्रथम तल, आदित्य एन्क्लेव, सेक्टर-23 ए, साउथ वेस्ट दिल्ली, खाता नंबर :- LBGUR00004518268 | फ्लैट नंबर 704, टाइप ए, 7वां तल, दि प्रेम कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, पार्ट-3, प्लॉट नंबर जीएच-12 ए, सेक्टर-21 सी, फरीदाबाद-121001, हरियाणा | 04-02-2022 54,35,943/- | 30-11-2021 |
| 26. | रवि शर्मा, शालिनी शर्मा, ए-17, प्रथम तल, आदित्य एन्क्लेव, सेक्टर-23 ए, साउथ वेस्ट दिल्ली, खाता नंबर :- LBGUR00004575606 | फ्लैट नंबर 704, टाइप ए, 7वां तल, दि प्रेम कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, पार्ट-3, प्लॉट नंबर जीएच-12 ए, सेक्टर-21 सी, फरीदाबाद-121001, हरियाणा | 04-02-2022 2,81,089/- | 30-11-2021 |
| 27. | राज कुमार, विनय कुमार तिवारी, ए 28, गली नंबर 3, प्रेम नगर एक्सटेंशन, किराड़, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00004958887 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर 239, पाकेट-बी 2, चतुर्थ तल, लोक नायक पुरम, दिल्ली | 04-02-2022 14,88,379/- | 24-11-2021 |
| 28. | राज कुमार, विनय कुमार तिवारी, ए 28, गली नंबर 3, प्रेम नगर एक्सटेंशन, किराड़, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00005105049 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर 239, पाकेट-बी 2, चतुर्थ तल, लोक नायक पुरम, दिल्ली | 04-02-2022 61,137/- | 24-11-2021 |
| 29. | पूर्णिमा, नारायण कुमार यादव, डीडीए प्लॉट नंबर बी-279, भू तल, सेक्टर-19, दिल्ली, खाता नंबर :- LBGUR00005409035 | डीडीए एमआईजी फ्लैट नंबर 201, भू तल, अक्षरधाम अपार्टमेंट, पाकेट-3, सेक्टर-19, दिल्ली, | 02-02-2022 1,91,340/- | 04-11-2021 |
| 30. | पुलकित गर्ग, गरिमा गर्ग, सी 388, विकास पुरी, दिल्ली, खाता नंबर :- LBGUR00002085546 | जे-003, भू तल, टावर-जे, सेक्टर ओमेगा I/पी-2, किंग्स पार्क, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 22,95,836/- | 09-11-2021 |
| 31. | पुलकित गर्ग, गरिमा गर्ग, सी 388, विकास पुरी, दिल्ली, खाता नंबर :- LBGUR00002085545 | जे-004, भू तल, टावर-जे, सेक्टर ओमेगा I/पी-2, किंग्स पार्क, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 22,93,799/- | 09-11-2021 |
| 32. | प्रियंका सिंह, राजेश कुमार, फ्लैट नंबर 1002, टाइप 5, ब्लॉक सी, केन्द्र सरकार आवासीय कॉम्प्लेक्स, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00003952499 | फ्लैट नंबर 11141, 14वां तल, टावर-11, प्लॉट नंबर एससी 01/सी-ए 1, ला ग्रैंडियोज, सेक्टर-150, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर-201301, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 58,32,503/- | 04-10-2021 |
| 33. | प्रियंका सिंह, राजेश कुमार, फ्लैट नंबर 1002, टाइप 5, ब्लॉक सी, केन्द्र सरकार आवासीय कॉम्प्लेक्स, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00004043408 | फ्लैट नंबर 7026, द्वितीय तल, टावर-7, पाकेट पी-7, प्लॉट नंबर जीएच-02ए, सैल्योर, सेक्टर-22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा-201307, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 40,98,252/- | 04-10-2021 |
| 34. | प्रेमेन्द्र मोहन शर्मा, देवेन्द्र कुमार शर्मा, मंजू शर्मा, ए-49/3, एसएफएस फ्लैट, डीडीए पीवीआर अनुपम के सामने, सिनेमा हॉल साकेत, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00005105049 | प्लॉट नंबर 238, पाकेट-बी, सेक्टर-20, नोएडा | 02-02-2022 37,12,155/- | 11-05-2021 |
| 35. | प्रदीप कुमार, पिंकी शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, गंगा टेक्नोमेक इंजीनियर्स, एच नंबर 305/318, गड़ौली खुर्द, बसई, 50, बसई, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00004213866 | फ्लैट नंबर एफ-904, 9वां तल, टावर एफ, आरओएफ आनंदा, सेक्टर-95, गुरूग्राम | 02-02-2022 13,39,944/- | 04-10-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 04 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 4 मार्च, 2022



# पुलिस पता लगा रही किस फैक्ट्री के बने हैं हैंड ग्रेनेड

### विस्फोटकों पर मिले बैच और मार्का से जानकारी मिलने की उम्मीद

### सेक्टर-31 की कोठी में मिले थे हैंड ग्रेनेट व अन्य विस्फोटक सामान

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**यहां** सेक्टर-31 स्थित एक बंद कोठी में मिले हैंड ग्रेनेड व अन्य विस्फोटक सामान को लेकर पुलिस की जांच जारी है। भले ही कोठी के मालिक का पता चल गया हो, लेकिन कोठी में विस्फोटक सामग्री कैसे और कहां से आई, अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है।

पुलिस अब (आयुद्ध निर्माण) ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों से संपर्क साध रही है कि यह विस्फोटक सामग्री कब बनी थी और किस स्तर पर इसकी खरीद हुई थी। विस्फोटकों पर मिले मार्का और बैच के आधार पर पुलिस को उम्मीद है कि काफी जानकारी मिल सकेगी। प्राथमिकता जांच में पता चला है कि इस प्रकार



के विस्फोटक आर्डिनेंस फैक्ट्री मध्यप्रदेश के खगरिया, मुरादपुर, और तमिलनाडू की शिवकाशी फायर फैक्ट्री में बनाए जाते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह का कहना है कि कई एंगल से छानबीन की जा रही है। उन्हें उम्मीद है जल्द ही इस मामले में तस्वीर साफ हो जाएगी। पुलिस पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि विस्फोटक सामग्री रखने के बारे में जानकारी हाथ लग सके।

### कोठी मालिकों पर किया है केस दर्ज

**सेक्टर-40** थाना पुलिस ने मूल रूप से दिल्ली के पंजाबी बाग निवासी कोठी मालिक रविंद्र अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ घर में अवैध रूप से विस्फोटक रखने का मामला दर्ज किया है। छानबीन में सामने आया कि प्लॉट परसराम होल्डिग नामक कंपनी के नाम पर है। इसके निदेशक रविंद्र अग्रवाल, विवेक अग्रवाल और अंशु अग्रवाल हैं। रविंद्र अग्रवाल और विवेक अग्रवाल को भी शामिल किया गया। अंशु अग्रवाल किसी काम से बाहर गए हुए हैं।

### वर्ष 2019 में कोठी में आए थे मालिक

**रविंद्र** अग्रवाल और विवेक अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने प्लाट वर्ष 2006-07 में खरीदा था। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के नियमों के अनुसार 25 प्रतिशत एरिया में निर्माण कर लिया। वे एक-दो बार ही यहां पर आए थे। यहां देखरेख के लिए छह साल तक एक गार्ड भी रखा था, गत एक साल से यहां कोई गार्ड नहीं है। वर्ष 2019 में उन्होंने कोठी की सफाई करवाई थी। क्षेत्र की आरडब्ल्यूए की ओर से कहा जा रहा है कि अब खाली पड़े मकानों, प्लॉट के मालिकों को नोटिस जारी करके समय-समय पर उनको संभालने और वहां पर गार्ड या किराएदार रखने को कहा जाएगा। बता दें कि बीते मंगलवार की सुबह गुरुग्राम पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-31 इलाके कोठी नंबर एसपी-12 में गोला-बारूद रखा है। इस सूचना पर सेक्टर-40 थाना पुलिस के साथ ही इलाके के सभी वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। कोठी के टायलेट से दो हैंड ग्रेनेड, 15 एमके-90 प्रेक्टिस ग्रेनेड, 43 खाली कारतूस और एक बिकेट स्ट्रिप (विस्फोटकों की लड़ी) मिले। बम निरोधक दस्ते ने कोठी में ही आगे खाली जगह में गड्ढा खोदकर विस्फोटकों को डिफ्यूज कर दिया।

# एक ही रात में 10 युवकों की मौत से गुरुग्राम गमगीन

### नशे में चूर रईसजादे ने तेज रफ्तार कार से रौंद चार लोग मार डाले

### डीएलएफ फेज-1 स्थित गोल्फ कोर्स रोड की है घटना



गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर हुए एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त कार व दो बाइक।



गुरुग्राम-जयपुर हाइवे पर बिलासपुर के पास एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त कार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** सुबह गुरुग्राम के लिए कई दुखद समाचार लेकर आई। यहां तीन हादसों में 10 युवकों की मौत हो गई। एक दुर्घटना रईसजादे की तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुई तो एक दुर्घटना कार की ट्रक के साथ टक्कर में हुई। तीसरी दुर्घटना में रेल से कटकर एक युवक की मौत के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार देर रात के बाद डीएलएफ फेज-1 के एक स्थित कुतुब प्लाजा के रेस्टोरेंट में काम करने वाले गोविंद पटेल गोपाल, जितेंद्र मंडल और रजनीश मंडल काम खत्म करके दो बाइक द्वारा अपने घर जा रहे थे। जब वे गोल्फ कोर्स रोड अर्जुन मार्ग के सामने पहुंचे तो एक स्कोडा रैपिड कार तेज गति से आ रही थी। देखते ही देखते कार की टक्कर दोनों बाइक में हो गई। हादसे में दोनों बाइक के परखच्चे तो उड़े ही, साथ ही कार भी काफी क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार चारों व्यक्ति उछलकर दूर जा गिरे। इनमें से एक की तो मौके पर ही मौत हो गई।

तीन घायलों को डब्ल्यू प्रतीक्षा अस्पताल में दाखिल कराया, जहां उपचार के दौरान तीनों की मौत हो गई। सभी की उम्र 21 से 25 साल के बीच बताई गई है। गोविंद पटेल मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं, वहीं गोपाल उत्तराखंड के, जितेंद्र व रजनीश बिहार के रहने वाले बताए गए हैं। वे यहां रेस्टोरेंट में काम करते थे और किराए पर रहते थे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गाड़ी के चालक आरोपी को हिरासत में ले लिया। जिसकी पहचान हरीश उर्फ हर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके रक्त के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं।

### जन्मदिन मनाने गए पांच युवकों की मौत

**दूसरी** दुर्घटना बिलासपुर के पास की है। यहां जन्मदिन की पार्टी मनाकर आ रहे पांच युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी कार की टक्कर एक ट्रक से हुई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। जिनसे भी कार की हालत देखी, वह दंग रह गया। मानेसर में एक कंपनी में काम करने वाले चंद्रमोहन, आशीष सिंह, भारत भूषण, प्रवीन शर्मा, संदीप जन्मदिन की पार्टी मनाने कार से गए थे। गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे पर जब वे पार्टी मनाकर वापस आ रहे थे तो उनकी कार की टक्कर एक ट्रक के साथ हो गई।

ट्रक की टक्कर लगते ही कार डिवाइडर से टकराकर कई बार पलटी। इस दौरान पांचों युवक बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार में फंसे युवकों को निकालने का प्रयास किया। पुलिस को इसमें कामयाबी नहीं मिली, क्योंकि वे बुरी तरह से कार में फंसे हुए थे। कार को काटने के लिए कटर मंगवाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद पांचों युवकों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में सभी को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इनमें से चंद्रमोहन का जन्मदिन था। वह अपने साथियों के साथ जन्मदिन मनाने एक होटल में गया था। बताया जा रहा है कि संदीप की इसी माह शादी भी होने वाली थी।

**रेल से कटकर युवक की मौत :** तीसरा हादसा गुरुग्राम-रेवाड़ी रेल ट्रैक पर हुआ। यहां एक युवक ट्रेन के आगे आ गया। ट्रेन की गति अधिक होने के कारण उस युवक का शव काफी क्षत-विक्षत हो गया। शव के टुकड़े दूर-दूर तक जा गिरे। यहां तक कि उसके कटे हुए हाथ को कुत्ते उठा ले गए। शरीर के कई बाकी अंग भी अभी पुलिस को नहीं मिल पाए हैं। युवक की पहचान भी नहीं हो पाई है।

### वाहनों की गति सीमा तय, फिर भी नहीं मानते लोग

**गुरुग्राम।** यहां गोल्फ कोर्स समेत अन्य स्थानों पर गति सीमा तय की गई है। वाहनों की 50 किलोमीटर प्रति घंटा स्पीड तय की गई है। जगह-जगह बोर्ड भी लगाए गए हैं। फिर भी लोग यहां से तेज रफ्तार वाहनों को लेकर तेज गति से निकलते हैं। माना कि क्षेत्र में अच्छी सड़कें बनाई गई हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वाहनों को तेज गति से चलाया जाए। कहने को तो गुरुग्राम में सुरक्षा के लिहाज से लगभग पूरा शहर सीसीटीवी की जद में है। चोरी समेत अन्य घटनाओं को लेकर इन सीसीटीवी से नजर रखी जाती है।

बीते दिनों खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी सीसीटीवी के कंट्रोल रूप में पहुंचकर वहां का औचक निरीक्षण किया था। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से स्टाफ से बात भी की। अब सवाल उठता है कि गोल्फ कोर्स रोड पर वाहन चालक तेज गति से निकलते हैं। उनके कितने चालान सीसीटीवी के माध्यम से काटे जाते हैं। गुरुग्राम की हाईटेक पुलिस की मौजूदगी क्यों नहीं ओवर स्पीड वालों पर अंकुश लगा पा रही। यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### महापंचायत में आने के लिए दे रहे ग्रामीणों को निमंत्रण



**सोहना।** रविवार को भोंडसी टोल प्लाजा पर होने वाली महापंचायत को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। कमेटी के सदस्य गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को महापंचायत में आने का निमंत्रण दे रहे हैं। समाज सेवी व क्षेत्रीय नेता सतबीर पहलवान के नेतृत्व में गठित कमेटी रविवार को एलिवेटेड राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर भोंडसी में बने टोल पर होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए गांव-गांव का दौरा कर रही है। कमेटी का उद्देश्य टोल से लगते 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीणों के वाहनों को फ्री किया जाए। टोल फ्री किए जाने को लेकर पहले भी ग्रामीण केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी से मुलाकात कर चुके हैं। हल्का सांसद राव इन्द्रजीत सिंह व विधायक संजय सिंह से भी गुहार लगाई गई है। लेकिन ग्रामीणों को अभी तक टोल फ्री नहीं किए जाने का पूरा आश्वासन नहीं मिला है। कमेटी के सदस्य सतबीर पहलवान ने बताया कि गुरुवार को दमदमा गांव में पंचायत हुई। दमदमा के ग्रामीणों ने महापंचायत का पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है। उन्होने बताया कि अभी तक कमेटी के सदस्य सोहना विधानसभा के करीब 40 गांवों का दौरा कर चुकी है। ग्रामीणों से मिल रहे आश्वासन से भारी संख्या में लोग महापंचायत में पहुंचने की उम्मीद है।

### तीन दिन कटों के बीच मिलेगी बिजली सप्लाई



**सोहना।** सोहना सबडिविजन के 66 केवीए पावर हाउस से जुड़े करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को शुक्रवार सुबह 9 बजे से रविवार की सायं छह बजे तक बिजली के लगने वाले भारी कटों का सामना करना होगा। शहरी उपभोक्ताओं को 24 घंटे में 14 से 15 घंट और ग्रामीण उपभोक्ताओं कों 8 से 10 घंटे बिजली सप्लाई मिलेगी। जबकि किसानों को 24 घंटे में मात्र एक घंटा बिजली सप्लाई मिलेगी। बिजली निगम के एक्सइएन हंसराज ने बताया कि गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर बादशाहपुर व भोंडसी के बीच बना बीएसएफ कैंप के पास हाई टेंशन 220 केवीए लाइन में परिवर्तन का कार्य गुरुवार से शुरू किया जा रहा है। जिसके चलते बादशाहपुर से सोहना आ रही बिजली लाइन पर भारी कट लगेंगे। सोहना में बना 66केवीए पावर हाउस से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जा रही 28 फीडरों पर बिजली कट रहेगा। जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को रात्रि के समय 7 बजे से सुबह 6 बजे तक तथा दिन में कटों के बीच में सप्लाई दी जाएगी। जिससे शहरी क्षेत्र में 8 से 9 घंटा का बिजली कट 24 घंटा में रहेगा। ग्रामीण क्षेत्र में सायं 6 बजे से सुबह 7 बजे तक दो-दो घंटे की सप्लाई कटों के बीच में मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में 12 से 14 घंटा बिजली का कट रहेगा। कृषि वाले फीडरों पर 24 घंटा में मात्र एक घंटा बिजली की सप्लाई दी जाएगी।

### प्रॉपर्टी टैक्स नोटिस कार्य ने गति पकड़ी

**सोहना।** प्रॉपर्टी टैक्स नोटिस में पाए जाने वाली खामियों को दूर करने के कार्य ने गति पकड़ ली है। एक दिन में 100 से 125 लोगों के आवेदनों को तुरन्त प्रभाव से ठीक किया जा रहा है। बीते 10 दिन में 1100 से 1200 नोटिसों में पाई गई खामियों को दूर किया है। नगर परिषद सीमा क्षेत्र में वितरण किए गए प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में याशी कंपनी द्वारा बरती गई खामियों का खुलासा उपभोक्ताओं को दिए नोटिसों से हुआ है। जिसको लेकर शहरवासियों ने भारी रोष जताया और प्रॉपर्टी टैक्स नोटिस में पाई गई खामियों को तुरन्त प्रभाव से दूर करने की मांग की गई। लेकिन नगर परिषद कार्यालय में नोटिसों की कमियों को दूर करने याशी कंपनी द्वारा बैठाई टीम से कार्य संभल नहीं पा रहा था। एक दिन में 100 से 150 नागरिक अपने नोटिसों की खामियों को दूर करने के लिए नगर परिषद कार्यालय में पहुंचने लगे। नगर परिषद और वार्डों में प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को दूर करने के कार्य के गति पकड़ने से नागरिकों ने राहत की सास लेना शुरू कर दिया है। बीते दस दिन में वार्ड नंबर 12, 14, 15, 16, 17, 18, 19 और 20 में कैंप लगाए गए हैं। बुधवार को वार्ड 21 में कैंप लगा। जबकि एक कैंप नगर परिषद कार्यालय में स्थाई रुप से नियमित चल रहा है।

### डी-प्लान के तहत कार्यों में लाएं तेजी: निशांत यादव

**गुरुग्राम।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में डी-प्लान के तहत वर्ष 2020-21 व वर्ष 2021-22 में करवाए गए कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला योजना अधिकारी से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट लेने उपरान्त उपायुक्त ने विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला में डी-प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में पटौदी नगर पालिका के अधिकारियों की कार्यशैली पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही के लिए संबन्धित अधिकारी स्वयं इसके जिम्मेदार होंगे। उन्होंने आदेश दिए कि वे विकास कार्यों से जुड़े सभी बिल 15 मार्च तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डी प्लान के तहत विकास कार्यों के लिए मिली राशि किसी भी सूरत में लैप्स नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2020-21 के लिए डी-प्लान के तहत कुल 5.62 करोड़ राशि के 87 कार्य मंजूर किए गए थे, जिनमें से 62 पूरे हो चुके हैं, वहीं 10 कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 के लिए कुल 16.36 करोड़ रुपए राशि के 219 कार्य मंजूर हुए थे, जिनमें से 110 कार्य पूरे हो चुके हैं और 85 कार्य प्रगति पर हैं।

# विधायक सुधीर सिंगला ने विस में उठाया पंजीरी प्लांट में सामुदायिक केंद्र का मुद्दा

### वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की थी घोषणा

### विधानसभा में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने जल्द प्रक्रिया शुरू करने का दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** विधानसभा के सत्र में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने वार्ड-10 में लक्ष्मण विहार स्थित पंजीरी प्लांट की जमीन पर प्रस्तावित सामुदायिक केंद्र बनाने का मुद्दा उठाया।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस सामुदायिक केंद्र को बनाने की घोषणा की थी। अब तक इस पर कुछ नहीं हो पाया है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री बताएं इस सामुदायिक के निर्माण का कार्य कब तक शुरू होगा और अभी का क्या स्टेट्स है। जवाब में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि यह सही है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 अप्रैल 2015 को पंजीरी प्लांट गुरुग्राम में एक सामुदायिक केंद्र बनाने की घोषणा की थी। इस घोषणा को मुख्यमंत्री के आदेश दिनांक 10 अगस्त 2018 को भूमि की अनुपलब्धता के कारण अव्यवहार्य घोषित किया जा चुका है। यानी वहां पर जमीन नहीं मिलने के कारण यह सामुदायिक केंद्र नहीं बनाया जा सकता। क्षेत्र के लोगों की मांग और जरूरत का हवाला देते हुए गुरुग्राम के विधायक



विधायक सुधीर सिंगला।

सुधीर सिंगला ने प्रमुखता से कहा कि पंजीरी प्लांट के पास करीब 3 एकड़ जमीन है। इस जमीन में से एक या आधा एकड़ जमीन अगर महिला एवं बाल विकास विभाग से दे दी जाए तो यह सामुदायिक केंद्र बनाया जा सकता है। क्योंकि वार्ड-10 क्षेत्र में एक भी ऐसा सामुदायिक केंद्र नहीं है, जहां पर लोग अपने कार्यक्रम कर सकें। लोगों को बहुत दिक्कत होती है।

उन्होंने जानकारी दी कि सरकार पंजीरी प्लांट से जमीन दिलवाए, बाकी का खर्चा नगर निगम वहन करेगा। इसके लिए खाका तैयार कर लिया गया है। अगर पंजीरी प्लांट की एक्सटेंशन की जरूरत पड़ती है तो सामुदायिक केंद्र के ऊपर भी चलाया जा सकता है। उसी हिसाब से इसका मैप तैयार कर दिया जाएगा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के नागरिकों को हर सुविधा देने के लिए सरकार कटिबद्ध है। सरकार ने गुरुग्राम में खूब विकास किया है। बिजली, पानी, सड़कें, फ्लाईओवर, अंडरपास आदि के सुधार और नवनिर्माण का काम जोरों पर है। ऐसे में इस सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराकर यहां की जनता को सुविधा दी जाए।

# स्थायी मंदिर नहीं था तो अस्थायी मंदिर बनाकर की पूजा

### सेक्टर-82 वाटिका इंडिया नेक्सट सोसायटी में बनाया यह मंदिर

### शिवजी की रेत से बनाई गई कलाकृति

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्सट सोसायटी में बनाई गई शिवजी की कलाकृति और ध्वज लेकर यात्रा निकालते श्रद्धालु।

**यहां** सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्सट सोसायटी में श्रद्धालुओं की भोले बाबा के प्रति अपार श्रद्धा देखने को मिली। सोसायटी में इस समय कोई मंदिर नहीं है। ऐसे में श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि पर्व पर अस्थायी मंदिर बनाकर वहां पूजा-अर्चना की। भोले बाबा की रेत से बनी प्रतिमा को देखने लोगों की भीड़ उमड़ी।

वाटिका इंडिया नेक्स्ट सोसाइटी में करीब 5000 परिवार रह रहे हैं। इस सोसाइटी में मंदिर नहीं है। ऐसे में महाशिवरात्रि पर्व पर संस्कार ज्योति सेवा ट्रस्ट ने बीड़ा उठाया और सोसायटी में अस्थायी मंदिर का निर्माण किया। बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 से संस्था यहां अस्थाई शिव मंदिर का निर्माण कराती है और श्रद्धालु भोले शंकर और शिव परिवार की पूजा-अर्चना करते हैं। शिवलिंग पर श्रद्धालु सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक जल, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाते रहे।

रात के समय भगवान भोले शंकर और माता पार्वती का श्रृंगार करके उनकी भव्य आरती, नृत्य-गायन के पाश्चात प्रसाद वितरण किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव का मुख्य आकर्षण शिव बारात एवं सैंड आर्ट द्वारा भगवान शिव का आकर्षक स्वरुप रहा। भक्त भगवान शिव का यह रूप देखकर मंत्रमुग्ध रह गये।

कार्यक्रम में ट्रस्ट के सभी सदस्य आशीष गोयल, बिमल अग्रवाल, राहुल चढ़ा, पुनीत गुप्ता, नीरज डालमिया, समिति के सभी सदस्यों के साथ गुरुग्राम सरपंच एसोसिशन के अध्यक्ष सरपंच सुन्दर लाल यादव, मैप्सको कासा बेला सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर यादव, फिल्बी रियल एस्टेट के एमडी संजय यादव समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अब श्रवण एवं वाणी निशक्तजन केंद्र के बच्चों को भी मिलेगी पिक एंड ड्राप की सर्विस

### उपायुक्त ने श्रवण एवं वाणी निशक्तजनों के साथ मनाया विश्व श्रवण दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के श्रवण एवं वाणी केंद्र में विश्व श्रवण दिवस पर जानकारी लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**जो** बच्चे बोल व सुन नहीं पाते उनकी पहचान की प्रक्रिया जल्द अमल में लाई जानी चाहिए, ताकि उनको सही समय पर इंडियन साइन लैंग्वेज की शिक्षा व उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की तर्ज पर अब श्रवण एवं वाणी निशक्तजन केंद्र के बच्चों को भी पिक एंड ड्राप की सर्विस मिलेगी।

यह बात उन्होंने गुरुवार को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केन्द्र में बोलते हुए कही। निशांत कुमार यादव ने केन्द्र के संस्थापक डा. बीएन चक्रवर्ती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में कहा कि हमारी कोशिश यही रहनी चाहिए कि कैसे हम जल्दी से जल्दी ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें संकेत भाषा में शिक्षित करें। आज नवजात शिशुओं की डिलीवरी सरकारी या गैर सरकारी अस्पतालों में हो रही है, ऐसे में कहीं पर भी लापरवाही की गुंजाइश कम ही है। फिर भी उनका प्रयास रहेगा कि प्रदेश सरकार के स्तर पर एक ऐसी पॉलिसी बनाई जाए कि जन्म के कुछ दिन बाद सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर ऐसे बच्चों की जांच का एक दिन निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण हॉस्टल को बंद रखा गया था। इसके चलते सभी बच्चें केंद्र पर अपने घरों से ही आवाजाही कर रहे थे। ऐसे में उनका प्रयास रहेगा कि परिवहन विभाग के साथ बात कर, निजी स्कूलों की तर्ज पर इनको पिक एंड ड्राप की सुविधा प्रदान की जाए। उपायुक्त ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आज इस श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केन्द्र के बच्चे विभिन्न प्रतियोगी श्रेणियों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि इस केंद्र में मिल रही सेवाओं व सुविधाओं में बढ़ोतर कर इसे राष्ट्रीय स्तर का सबसे बेहतरीन केंद्र बनाया जाए। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी दिवस को मनाने का सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि उसके प्रति समाज में जागरुकता लाई जाए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले किसी भी श्रवण एवं वाणी निशक्तजन को असुविधा ना हो, इसके लिए उन्होंने गुरुग्राम जिला में सभी 38 स्वास्थ्य केंद्रों में इंडियन साइन लैंग्वेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### दो वाहनों से बरामद गोवंश गोशाला पहुंचाए

**होडल।** होडल गोरक्षा समिति के सदस्यों ने बुधवार देर रात पुलिस के सहयोग से नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट यूपी से मेवात में जा रहे एक ट्रक व कन्टेनर में से 50 गायों को सुरक्षित छुड़ाया है। आरोपी गोरक्षकों पर फायरिंग करते हुए भागने में सफल रहे। गोरक्षकों ने वाहनों से बरामद हुई गायों को संगेल स्थित गोशाला में सुरक्षित पहुंचा दिया है। होडल थाना पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है। गोरक्षा समिति के प्रधान भगत सिंह रावत ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि यूपी से मेवात की ओर से दो वाहनों में काफी मात्रा में गोवंश जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि होडल, मानेसर व पलवल के गोरक्षकों की टीम ने पुलिस के सहयोग से करमन बॉर्डर पर नाका लगा दिया। जैसे से गोवंश से भरा ट्रक व कन्टेनर नाके के निकट पहुंचे वैसे ही वाहनों में सवार लोग पुलिस व गोरक्षकों पर फायरिंग करते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर फरार हो गए।

# एनवाई सिनेमाज ने मेरठ में की एक अद्भुत सिनेमा अनुभव की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**एनवाई** सिनेमाज ने मेरठ शहर में अपने नए मल्टीप्लेक्स की लॉंचिंग की। अजय देवगन के वेंचर वाली यह सिनेमा श्रृंखला, भारत के दिलों में विश्व स्तरीय सिनेमाई अनुभव पहुंचाने का वादा करता है। कई सदियों से मेरठ ऐतिहासिक और पुरातात्विक रूप से महत्वपूर्ण रहा है और आज यह भारत के सबसे तेजी से बढ़ते शहरों में से एक है। स्थानीय संस्कृति और शहर की विशिष्ट पहचान से प्रेरित, एनवाई मेरठ फिल्मों के देखने के लिहाज से एक अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाला अनुभव प्रदान करेगा। हर ब्लॉकबस्टर की स्क्रीनिंग अनुभव को बढ़ाने वाली 3 डी-लैस 2K प्रोजेक्शन और 7.1 सराउंड साउंड सुनिश्चित करने वाली विश्व स्तरीय तकनीक से सुसज्जीत इस ब्रांड के दो स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स की सीटिंग क्षमता 568 सीटों की है।

एनवाई सिनेमाज के सीईओ राजीव शर्मा ने यूपी में प्रवेश पर खुशी



और विश्वास जताते हुए कहा कि एनवाई सिनेमाज द्वारा क्यूरेट की गई फिल्में मेरठ के लोगों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा, मेरठ में यह हमारा पहला कदम है और हम दर्शकों से मिलने वाली प्रतिक्रियाओं को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं। मूवी देखने वालों को और ज्यादा मजा आने वाला है, क्योंकि अब सिनेमा हॉल में NY (एनवाई) स्टोर भी मौजूद होगा, जहाँ आप यादगार चीजों के साथ-साथ सेलिब्रिटी ब्रांडेड मर्चेंडाइज भी खरीद सकते हैं। सिनेमा थिएटर के भीतर खरीदारी करने का अनुभव दर्शकों को अपने पसंदीदा सितारों के करीब ले जाता है। सिनेमा पसंद करने वाले लोगों के लिए NY (एनवाई) कैफे में खाने-पीने के ढेर सारे विकल्प उपलब्ध होंगे, और उन्हें अपनी पसंदीदा फिल्म देखने के साथ-साथ बेहद जायकेदार लोकल डिश का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। खाने के शौकीनों के लिए एक लाइव स्टेशन भी मौजूद है, जहां वे अपनी पसंद के मेन्यू का लुत्फ उठा सकते हैं, जिसे उनके स्वाद को ध्यान में रखते हुए तुरंत तैयार किया जाता है। सिने-प्रेमियों के सामने फोटो टाइम मशीन का बेहद अनोखा कॉन्सेप्ट भी पेश किया जाएगा। यहां लोग खुद को बीते जमाने के किसी भी दौर में और अलग-अलग डायमेंशन में टेलीपोर्ट कर सकते हैं। NY (एनवाई) सिनेमाज में अपने दोस्तों और परिवार के साथ बिताए गए लम्हों की सुहानी यादें हमेशा आपके साथ रहेंगी।

आपको बता दें कि एनवाई सिनेमाज अजय देवगन द्वारा शुरू की गई ब्रांड फिलॉसफी फॉर द लव ऑफ सिनेमा वाली एक मल्टीप्लेक्स श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य भारतीय सिनेमा की जीवंत विरासत को सम्मान देते हुए भारत भर में एक अंतरराष्ट्रीय सिनेमा अनुभव प्रदान करना है।

# बीके अस्पताल : कर्मचारियों की मनमानी से मरीज परेशान

### जगह-जगह मनमाने ढंग से बंद कर देते हैं अस्पताल के रास्ते

**कविता।** फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल में किए जा रहे बदलाव से मरीजों को परेशानी हो रही है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष से ओपीड़ी जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया। जिससे दिव्यांगजनों, नेत्रहीन मरीजों और स्ट्रेचरों पर ले जाने वाले परिजनों को परेशानी हुई। ताला लगाने का कारण किसी को नहीं पता था। सुबह 10-11 बजे के बाद गेट पर ताला जड़ दिया गया। शाम को पता चलने पर पीएमओ ने गेट खुलवा दिया।


बीके अस्पताल में आपातकालीन कक्ष से ओपीड़ी जाने वाला गेट बंद।


आपातकालीन कक्ष का रास्ता बंद होने से ओपीडी की तरफ बाहर निकलकर जाते नेत्रहीन मरीज

अस्पताल में आपातकालीन कक्ष के सामने पहले ही रस्सी बांधकर रास्ता बंद है। अब कर्मचारियों ने आपातकालीन कक्ष से ओपीड़ी, वार्ड और पंजीकरण के लिए कमरा नम्बर 40 में जााने वाले रास्ते को बृहस्पतिवार को ताला लगाकर बंद कर दिया। ऐसे में यहां आने वाले लोगों को अपातकालीन कक्ष से बाहर से निकलकर बाहर के रास्ते से उक्त स्थानों पर जाना पड़ा। जिससे मरीजों व तीमारदारों को खासी परेशानी हुई। आपातकालीन कक्ष के सामने एम्बुलेंस व अन्य वाहनों के होने से उन्हें निकलने में परेशानी हुई। ऐसा ही नेत्रहीन व दिव्यांग मरीजा काफी परेशान थे। नेत्रहीन मरीज को आपातकालीन कक्ष से ओपीड़ी के कमरा नम्बर 19 में भेजा गया। जहां वह बाहर निकलकर ओपीड़ी पहुंचे।

**यह रास्ते बंद :** आपातकालीन कक्ष के सामने से ओपीड़ी जाने वाला रास्ता रस्सी बांधकर पहले ही बंद है। यहां से गुजरने वाले बुजुर्ग, गर्भवती और अन्य मरीजों व तीमारदारों को झुककर जाना पड़ता है।

वहीं इस बंद रास्ते के बाद यहां से निकलने के लिए यदि आपातकालीन कक्ष के सामने रास्ता वाहन और एम्बुलेंसों से घिरा रहता है। आपातकालीन कक्ष के भीतर यदि दूसरे गेट से ओपीडी में जाने का प्रयास करें तो बृहस्पतिवार को उस गेट को भी बंद कर दिया। इस गेट का उपयोग आपातकालीन कक्ष से ओपीडी की गैलरी में कमरा नम्बर 40 में कार्ड पंजीकरण या मरीजों को जांच कराने और वार्ड में ले जाने के लिए करते है।

भर्ती हुए मरीजों के तीमारदारों को आपातकालीन कक्ष से बाहर निकलकर अन्य रास्ते से अंदर जाकर कार्ड का रजिस्ट्रेशन कराना पड़ा। प्रथम तल पर मौजूद प्रसुति वार्ड में जाने वाली आपातकालीन कक्ष से सामने मौजूद सीढ़ियों का गेट भी बंद है। वहीं बीके अस्पताल में मौजूद पीछे का रास्ता, जोकि केएल मेहता मार्ग से अंदर आता है, वह भी बंद है।

# एसआई ने जान पर खेलकर दबोचा हत्या का आरोपी

### पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने एसआई अमर सिंह को सम्मानित करने की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** में एक से बढ़कर एक बहादुर जवान हैं, जो अपराधियों को पकड़ने के लिए अपनी जान की बाजी तक लगा देते हैं। इसी क्रम में बहादुरी का परिचय देते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ में तैनात सब-इंस्पेक्टर अमर सिंह ने हत्या के मुकदमे के एक आरोपी को चलती हुई रेल के पास से लपककर काबू करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मनीष उर्फ सूरज उर्फ बंगाली है। आरोपी बिहार का रहने वाला है परंतु बचपन में ही वह अपने घर से भाग आया था। अब दिल्ली एनसीआर में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या रेन बसेरों में अपनी जिंदगी व्यतीत करता है। आरोपियों ने 21-22 फरवरी की रात को चाकू से गोदकर एक व्यक्ति की


हत्या के आरोपी को दबोचते पुलिस अधिकारी।

हत्या कर दी थी। 22 फरवरी को थाना सेक्टर 17 में मृतक हरिओम के भाई भगवान दास की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। मृतक दिल्ली के आर्य नगर में पेंटर का काम करता था। 21 फरवरी की शाम वह अपने जीजा के पास फ्रेंड्स कॉलोनी में गया था। जहां से वह रात साढ़े नौ बजे चला गया। 22 फरवरी को भगवान दास को सूचना मिली कि हरिओम मृत अवस्था में रेलवे रोड पर पड़ा हुआ है। मृतक के शरीर पर चाकू के घाव थे। क्राइम ब्रांच डीएलएफ में तैनात एसआई अमरसिंह को मामले की जांच सौंपी गई। घटनास्थल की जांच करते समय उन्हें आसपास कोई भी सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। लेकिन सूत्रों की सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच टीम को आरोपियों का सुराग मिल गया। क्राइम ब्रांच ने 28 फरवरी को एक 15 वर्षीय लड़के को काबू किया। लड़के के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। लड़के को जूविनाइल कोर्ट में पेश करके सुधार गृह भेज दिया गया।

लड़के ने पूछताछ में साथी का नाम बता दिया था। दूसरे आरोपी मनीष उर्फ बंगाली को पकड़ने के लिए एसआई अमर सिंह और एएसआई विजय ओल्ड रेलवे अंडरपास के पास पहुंचे। पुलिस को सादे कपड़ों में देख आरोपी भांप गया और भागने की कोशिश करने लगा। आरोपी वहां से गुजर रही ट्रेन की तरफ भागने लगा।

सब-इंस्पेक्टर अमर सिंह को लगा कि कहीं आरोपी ट्रेन के नीचे ना जाए। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए आरोपी को ट्रेन तक पहुंचने से पहले ही चलती रेल के बगल में लपककर काबू कर लिया। पूछताछ में पता चला कि 22 वर्षीय आरोपी मनीष अपने 15 वर्षीय साथी के साथ फ्लूड का नशा करता है। 21 फरवरी की रात को उसने नशे में लूट के इरादे से हरिओम की हत्या कर दी थी।

## भाजपा किसान मोर्चा व वाल्मीकि समाज ने मिलकर चलाया सफाई अभियान

**फरीदाबाद।** भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री राजू ठाकुर (जैजू) व वाल्मीकि समाज के बिजेन्द्र वाल्मीकि ने अपने समर्थकों के साथ तिगांव रोड शिर्डी सांई बाबा मंदिर के पास बने अबेंडकर भवन को साफ किया। भवन के साथ ही बने पार्क में जगली और कंटीले पौधे हटाकर जगह को पूरी तरह साफ कर दिया। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ऋषिराज गुप्ता, युवा भाजपा जिला सचिव सोनू ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। भवन के आसपास रहने वाले लोगों को जैसे ही पता चला कि सफाई अभियान चल रहा है तो उन्होंने इसके लिए राजू ठाकुर और बिजेन्द्र वाल्मीकि का धन्वाद किया। लोगों का यकीन था कि भवन से मात्र कुछ ही दूरी पर निवर्तमान पार्षद का कार्यालय है लेकिन उसने आज तक यहां झांककर भी नहीं देखा। इस मौके पर राजू ठाकुर और बिजेन्द्र वाल्मीकि ने कहा कि लोगों से तो यह सुना था कि यहां की हालत बदतर है लेकिन इतनी बदतर है यहां आकर पता चला। उन्होनें कहा कि जब वे यहां पहुंचे तो भवन की ऐसी हालत देखकर उन्होंने तुरंत अपने अन्य सदस्यों को बुलाया और इसकी साफ सफाई शुरू की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब संविधान निर्माता थे और उन्होनें हमेशा देश का भलाई कि लिए काम किया।

# निगम कर्मचारी का बेटा यूक्रेन से सकुशल लौटा घर


यूक्रेन से वापस लौटा विशाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार ने युक्रेन से लौटे नौ छात्रों को गतदिवस मुम्बई एयरपोर्ट पर रिसीव किया है। जिसमें शहर की राहुल कालोनी में रहने वाला छात्र विशाल भी शामिल है। विशाल युक्रेन के ईवानो शहर में गत नौ दिसंबर को कोरोना महामारी में छूट मिलने के बाद एमबीबीएस प्रथम ईयर की पढ़ाई करने पहुंचा था। परिवार का कहना है कि वहां से आने में छात्र को काफी परेशानी हुई है। छात्र के परिजनों ने गत 24 फरवरी को उसे वापस देश में लाने की गुजारिश डीसी फरीदाबाद, मंत्री मूलचंद शर्मा और सरकार के अन्य अधिकारियों के सामने लगाई थी। देश और प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों के बाद छात्र घर लौटा है।

जानकारी के मुताबिक राहुल कालोनी में रहने वाले कुंवर चंद की पत्नी राजवती नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। उसने बताया कि उनका बेटा विशाल नौ दिसंबर को युक्रेन के ईवानो शहर में पढ़ाई करने गया था। यूक्रेन और रूस के बीच छिड़ी जंग में विशाल वहां फंस गया।

जिस पर उन्होंने बेटे को लाने के लिए गुहार लगाई थी। लेकिन 24 फरवरी को सोशल मीडिया पर गुहार के आठ दिन बाद यानी तीन मार्च को उनका बेटा विशाल घर लौटा है। उसे वहां से आने और वहां फंसे रहने के कारण कई तरह की कठिनाईयां झेलनी पड़ी है। जिसके कारण वह इतना परेशान हो गया है कि किसी से बात करने की स्थिति में नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 मुकदमों में 22 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें आरोपी रामपाल उर्फ राजू, प्रवीण उर्फ बबलू, संजय, दीपक, नरेंद्र, गौरव, विवेक, राहुल, सोहिल, आनंद, मयंक, सुंदर, अमन, पवन, रौनक, दर्शन, जाहिद, हनीफ, सतपाल, जोगिंदर, विजय और बृजेश का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी रामपाल उर्फ राजू को पोक्सो एक्ट, प्रवीण उर्फ बबलू को छेड़छाड़ करने, संजय, दीपक, नरेंद्र को अवैध शराब बेचने, गौरव, विवेक, राहुल, सोहिल, आनंद, मयंक और सुंदर को जुआ, पवन, रौनक, दर्शन, सतपाल तथा जोगिंद्र को सार्वजनिक स्थान पर लड़ाई झगड़ा करके सामाजिक शांति भंग करने, जाहिद और बृजेश को बेल जंप करने, आरोपी अमन को अवैध हथियार, विजय को धोखाधड़ी तथा आरोपी हनीफ को सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। अवैध शराब अधिनियम के तहत आरोपियों के कब्जे से 18 पेटी देसी शराब मस्ताना बरामद की है। जुआ अधिनियम में आरोपियों के कब्जे से 15830 रुपये बरामद किए। आरोपी अमन के कब्जे से स्विफ्ट गाड़ी में रखी हुई एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया गया। मारपीट के मुकदमे में आरोपी सतपाल और जोगिंदर के कब्जे से एक डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

### यौन शोषण एक गंभीर अपराध : चौबे

**फरीदाबाद।** सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने कहा कि यौन शोषण एक गम्भीर अपराध है। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने विश्व भारती पब्लिक हाई स्कूल ऊंचा गांव बल्लभगढ़ में वीरवार को विद्यार्थियों सहित अध्यापकों को यौन शोषण व यौन अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दे रहे थे। जिला सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाईएस राठौर के निर्देशन में सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विद्यार्थियों और अध्यापकों को कानूनी जागरुकता शिविर में विस्तार पूर्वक जानकारी दे कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों बारे जागरूक कर रहे थे। उन्होंने बच्चों को इससे संबंधित सभी सरकारी स्कीमों, हालसा व नालसा की सभी स्कीमों के बारे में भी बताया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को चिल्ड्रन हेल्प लाइन नंबर व वुमन हेल्पलाइन नंबर ,पुलिस हेल्पलाइन नंबर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी। इस जागरूकता गतिविधि के दौरान 250 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता नीना शर्मा और उमा चौहान द्वारा भी उपस्थित विद्यार्थियों और अध्यापकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। यहां पर पैनल अधिवक्ता आरसी गोला, जीत सिंह रावत, वाई डी शर्मा और प्रिंसिपल धीरज सैनी, वाइस प्रिंसिपल राहुल सैनी अध्यापक और विद्यार्थी शामिल थे।

### स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए बनाए कई नियम

**फरीदाबाद।** प्राइवेट स्कूलों की फीस को लेकर और पूरी व्यवस्था को पारदर्शी करने के लिए हरियाणा सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला किया है। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए कई नियम कानून बनाए गए हैं। प्राइवेट स्कूलों को उनको मानना जरूरी होगा ऐसा न होने पर उनकी मान्यता रद्द की जा सकती है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने इसे सिर्फ एक कागजी कार्रवाई बताया है मंच का कहना है कि ऐसे कानून पहले से ही बने हुए हैं प्राइवेट स्कूलों ने आज तक उनका पालन नहीं किया है। बनाए गए नियम कानून सरकार ने प्राइवेट स्कूलों द्वारा कैश में फीस लेने पर रोक लगा दी है। प्राइवेट स्कूल सालाना 10 प्रतिशत से अधिक फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। लेकिन फीस बढ़ाने की कार्रवाई को टीचरों की तनख्वा बढ़ाने से जोड़ा गया है। यह भी नियम बनाया गया है कि छात्र व उनके अभिभावकों को स्कूल के अंदर से ही किताब कॉपी स्टेशनरी आदि खरीदने को मजबूर नहीं किया जाएगा। अब अभिभावक कहीं से भी यह खरीदने को स्वतंत्र होंगे। एनसीईआरटी की किताब की जगह प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें लगाने पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। कोई भी स्कूल छमाई या वार्षिक आधार पर फीस नहीं लेगा। सिर्फ मासिक आधार पर ही फीस वसूल की जाएगी। स्कूल में प्रवेश के समय पहली, छठी, 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले के समय पर भुगतान योग्य दाखिला फीस ली जा सकेगी। स्कूलों को स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षाओं की ही केवल एग्जाम फीस ली जाएगी। कई स्कूल अन्य कक्षाओं के लिए भी एग्जाम फीस का प्रावधान रखते हैं, इसलिए किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल को किसी भी छात्र के लिए अन्य वार्षिक परीक्षाओं या अन्य परीक्षाओं के लिए फीस के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। हरियाणा व सीबीएसई बोर्ड के सभी स्कूलों को इनको मानना अनिवार्य किया है।

### एटीएम कार्ड बदल पैसे निकालना आरोपी को पड़ा महंगा

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अरुण को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अरुण उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है जिसके खिलाफ दिल्ली और गाजियाबाद में इससे पहले धोखाधड़ी के चार मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने पुलिस थाना सारण एरिया में एक महिला का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 53 हजार रुपये निकाल लिए थे। महिला ने बताया कि वह एटीएम से पैसे निकालने गई थी जहां पर जब वह 500 रुपये निकालकर जाने लगी तो आरोपी गाड़ी से उतरकर एटीएम में आया और उसने कहा कि आपकी ट्रांजैक्शन अभी पूरी नहीं हुई है और मदद करने के नाम पर ट्रांजैक्शन पूरी करने के लिए उसने महिला का एटीएम कार्ड लेकर एटीएम मशीन में डाल दिया और उसका पिन पूछ लिया। कार्ड वापिस निकालते समय धोखे से महिला का आईसीआईसीआई का एटीएम रख लिया और महिला को आईसीआईसीआई बैंक का ही दूसरा एटीएम दे दिया। आरोपी इसके पश्चात महिला का एटीएम लेकर एनआईटी एरिया में आया और वहां से किसी एटीएम से महिला के एटीएम से 53000 निकाल लिए। महिला की शिकायत पर थाना सारण में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में एटीएम के आसपास की सीसीटीवी फुटेज कंगाली गई तो आरोपी जिस गाड़ी में बैठ कर आया था उसके बारे में पुलिस को जानकारी मिली जिसके पश्चात आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर दो-तीन बार रेड की परंतु आरोपी जब वहां पर नहीं मिला तो उसे नोटिस दिया गया। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने 10 फरवरी को कोर्ट में पेश हो गया और कोर्ट के आदेश अनुसार 10,000 अतिरिक्त रुपए महिला को लौटाने के पश्चात आरोपी को अग्रिम जमानत दे दी।

## छात्रवृति को खिलाड़ी और विद्यार्थी करें आवेदन : उपायुक्त

### 11 मार्च तक अपने आवेदन पत्र सर छोटूराम स्टेडियम में जमा कराएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा अनूसूचित जाति (एससी) के खिलाडियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम हो तथा कॉलेज व स्कूल के विद्यार्थी खिलाडियों को छात्रवृतियां (अनुसूचित जाति के अलावा) को वर्ष 2020-2021 के दौरान राज्य, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की खेल उपलब्धियों के अनुसार छात्रवृति प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये हैं।

पात्र खिलाड़ी और विद्यार्थी 11 मार्च 2022 तक आवेदन करें। उपायुक्त ने बताया कि स्कोलरशिप के लिए आवेदन पत्र का नमूना तथा छात्रवृति के लिए पात्रता व अन्य शर्तें विभागीय वेबसाईट www.haryanasports.gov.in पर उपलब्ध है। खिलाड़ी आवेदन पत्र के साथ खेल प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, रिहायसी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, ड्रग्स एवं समाज विरोधी व्यवहार में संलिप्त न होने के सम्बन्ध में शपथ पत्र और समस्त परिवार के आय प्रमाण पत्र की प्रतियां साथ लगाना अनिवार्य है। जिला से सम्बन्धित खिलाड़ी आगामी 11 मार्च तक अपने आवेदन पत्र स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम में जमा कराएं। अनुसूचित जाति स्कोलरशिप के लिए आवेदन करने वाले खिलाड़ी इस छात्रवृति (अनुसूचित जाति के अलावा) के पात्र नहीं होंगे। निर्धारित अतिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

# गुस्साई आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों ने लगाए सरकार विरोधी नारे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आंगनबाड़ी** वर्कर्स और हेल्पर्स यूनियन की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय फरीदाबाद के सम्मुख तरीके से प्रदर्शन किया। सरकार की दमनकारी नीतियों से गुसाई वर्करों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शनकारी गिरफ्तार की गई आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों को रिहा करो, झूठे मुकदमे रद्द करो के नारे लगा रहे थे।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने हरियाणा सरकार पर विधानसभा कूच में पंचकूला जा रही कार्यकर्ताओं को हरियाणा प्रदेश के विभिन्न शहरों और कस्बों में रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने इस कार्रवाई की कड़ी शब्दों में भर्त्सना करते हुए इस कार्रवाई को हरियाणा सरकार की बौखलाहट में उठाया गया कदम बताया। उन्होंने



सेक्टर 12 लघु सचिवालय के गेट पर प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी वर्कर।

कहा कि विधानसभा कूच में शामिल होने के लिए जा रही वर्करो,और हेल्परो के साथ पुलिसकर्मियों ने हाथापाई भी की। उन्हें मारा पीटा भी गया है। उनको गिरफ्तार भी किया गया है। उन पर झूठे मुकदमे दायर किए गए हैं। उनके वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में इस तरह की कार्रवाई के लिए कहीं पर भी कोई स्थान नहीं है।

एक लोकतांत्रिक सरकार को इस तरह की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दमनकारी नीतियों को अपना रही है। दमन और उत्पीड़न से आंदोलन समाप्त नहीं हो सकते हैं।

डंगवाल ने बताया कि प्रदेश की आंगनबाड़ी वर्कर देश के प्रधानमंत्री के द्वारा वर्करों के मानदेय में 1500 सौ रुपए की बढ़ोतरी और सहायिकाओं के मानदेय में 750 रुपए की बढ़ोतरी की घोषणा को लागू करने। आज के प्रदर्शन को रोडवेज के कर्मचारी नेता रविन्द्र नागर, हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के सर्कल सचिव धर्मवीर वैष्णव, सीमा यादव, रेखा रावत, आदि ने भी संबोधित किया।

## विश्व श्रवण दिवस पर बताईं छोटे बच्चों की एक्टिविटी: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि वर्ष 2007 से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दिनांक 3 मार्च को प्रति वर्ष विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जन समुदाय को बच्चों के सुनाई देने या ना देने के बारे जानकारी दी जाती है। डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला के विभिन्न स्कूलों में विश्व श्रवण दिवस पर छोटे बच्चों की गतिविधियों के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई। जिला के सभी राजकीय विद्यालयों में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने राजकीय मॉडल सीनियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव का दौरा किया और छात्रों को बताया गया की वर्ष 2007 से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 3 मार्च को प्रति वर्ष विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जन समुदाय को बच्चों के सुनाई देने या ना देने के बारे जानकारी दी जाती है।

# महिला की हत्या की झूठी सूचना से परिवार हुआ हलकान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दो मार्च** को छत्तीसगढ़ राज्य के थाना चिचोला से थाना प्रभारी डबुआ को सूचना प्राप्त हुई की पाली क्रेशर जोन एरिया में मोहताबाद में 40 वर्षीय गुलापा बाई नाम की औरत की हत्या हो गई है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने महिला का आधार कार्ड और फोन नंबर थाना प्रभारी डबुआ को दिया जिन्होंने मामले की जांच के लिए पुलिस चौकी पाली प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह की अगुवाई में टीम को मोहताबाद भेज दिया।

चौकी प्रभारी ने मोहताबाद पहुंचकर महिला के बारे में पूछताछ की। मोहताबाद क्रेशर जोन एरिया के हिसाब से बहुत बड़ा है और वहां पर दूर-दूर तक झुग्गियां बनी हुई हैं। काफी देर तक पूछताछ करने के बादत भी महिला की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई परंतु पुलिस टीम ने हार नहीं मानी और करीब 8-10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने महिला को ट्रेस कर लिया।

महिला अपनी झुग्गी में ही थी जिससे पूछताछ करने पर बताया कि वह छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। उसके पति की मृत्यु हो चुकी है, उसके दो बेटे, दो बेटियां हैं और उसने अपनी लड़कियों की शादी में ब्याज पर कर्जा उठाया था और उसी कर्ज को उतारने के लिए वह काम के सिलसिले में कुछ महीने पहले फरीदाबाद आई थी। वह अकेली ही फरीदाबाद आई थी और उनका सारा परिवार गांव में ही रहता है। उन्हें नहीं पता कि किसने उनके फोन से उनके घर पर उन्हीं की हत्या के बारे में फोन कर दिया। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा भेजे


महिला को परिजनों को सौंपते पाली चौकी के प्रभारी राजेन्द्र सिंह।

गए आधार कार्ड के साथ महिला के आधार कार्ड का मिलान कराया गया जिसका मिलान हो गया। महिला के परिजनों के साथ महिला की व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात करवाई गई जिसके पश्चात उसके परिजन चिंता मुक्त हो गए और फरीदाबाद पुलिस का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने जारी की 10वीं व 12वीं की डेटशीट

### 30 मार्च से शुरू होंगी परीक्षाएं : डीईओ ऋतु चौधरी

### जिला में शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी हैं तैयारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं को लेकर डेट शीट जारी कर दी है। सीनियर सेकेण्डरी की परीक्षाएं 30 मार्च, 2022 व सेकेण्डरी की परीक्षा 31 मार्च, 2022 से प्रारम्भ होंगी।

परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष प्रो. डॉ. जगबीर सिंह ने जारी की गई हिदायतों के अनुसार सेकेण्डरी (शैक्षिक / मुक्त विद्यालय रि-अपीयर, अतिरिक्त व अंक सुधार) की परीक्षाएं 31 मार्च, 2022 से आरम्भ होकर 26 अप्रैल, 2022 तक चलेंगी तथा सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक, मुक्त विद्यालय, रि-अपीयर, अतिरिक्त व अंक सुधार) की परीक्षाएं 30 मार्च, 2022 से आरम्भ होकर 29 अप्रैल, 2022 तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए दोपहर 12.30 बजे से सायं 03 बजे तक एक ही सत्र का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी (शैक्षिक, मुक्त विद्यालय, रि-अपीयर, अतिरिक्त व अंक सुधार) की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा 31 मार्च को, अंग्रेजी विषय की परीक्षा 04 अप्रैल को, हिंदी विषय की परीक्षा 06 अप्रैल को, गणित, गणित विषय (केवल नेत्रहीन परीक्षार्थियों के लिए) परीक्षा 11 अप्रैल को विज्ञान/ विज्ञान विषय (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी के लिए की परीक्षा अप्रैल को शारीरिक व 19 स्वास्थ्य शिक्षा, संस्कृत, उर्दू, ड्राईंग, कृषि, कंप्यूटर साइंस, गृह विज्ञान व संस्कृत साहित्य (केवल गुरुकुल, संस्कृत विद्यापीठों के लिए) एवं विभिन्न ऐच्छिक विषयों की परीक्षा 21 अप्रैल को, खुदरा, सुरक्षा, ऑटोमोबाइल/आईटी व आईटीईएस, सौंदर्य और कल्याण, कृषि एवं धान की खेती, रोगी देखभाल सहायक/शारीरिक शिक्षा और खेल, बैंकिग एवं वित्त सेवाएं इत्यादि की परीक्षा 22 अप्रैल को एवं पंजाबी, आईटी, आईटीईएस (सूचना प्रौद्योगिकी) एवं संस्कृत व्याकरण (केवल गुरुकुल, संस्कृत विद्यापीठों के लिए) विषयों की परीक्षा 26 अप्रैल, 2022 को संचालित होंगी। सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय/रि अपीबर अतिरिक्त व अंक सुधार) की हिंदी (कोर / ऐच्छिक)/ अंग्रेजी विशेष विषय की परीक्षा 30 मार्च को, भौतिकी विज्ञान/ अर्थशास्त्र विषयों की परीक्षा 01 अप्रैल को ललित कला (सभी विकल्प) एवं संस्कृत साहित्य वेद सिद्धान्त (केवल गुरुकुल / संस्कृत विद्यापीठों के लिए) विषयों की परीक्षा 02 अप्रैल को, गणित विषय की परीक्षा 05 अप्रैल को, शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा 07 अप्रैल को गृह विज्ञान की परीक्षा 08 अप्रैल को, अंग्रेजी (कोर / ऐच्छिक) विषय की परीक्षा 09 अप्रैल को सैनिक विज्ञान / नृत्य (सभी विकल्प )/ मनोविज्ञान एवं संस्कृत व्याकरण भाग-1 (केवल गुरुकुल / संस्कृत विद्यापीठों के लिए) विषयों की परीक्षा 11 अप्रैल को, पंजाबी विषय की परीक्षा 12 अप्रैल को, रसायन विज्ञान/ लेखांकन/ लोक प्रशासन विषयों की परीक्षा 13 अप्रैल को, भूगोल विषय की परीक्षा 18 अप्रैल को, कम्प्यूटर विज्ञान /आईटीईएस (सूचना प्रौद्योगिकी) विषयों की परीक्षा 19 अप्रैल को, इतिहास/ जीव विज्ञान विषयों की परीक्षा 20 अप्रैल को, कृषि एवं दर्शन शास्त्र की परीक्षा 21 अप्रैल को, संस्कृत/ उर्दू / बायोटेक्नालॉजी विषयों की परीक्षा 22 अप्रैल को, समाज शास्त्र / उद्यमिता विषयों की परीक्षा 26 अप्रैल को, राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा 27 अप्रैल को, संगीत हिंदुस्तानी (सभी विकल्प) / व्यवसायिक अध्ययन विषयों की परीक्षा 28 अप्रैल को तथा खुदरा/ सुरक्षा /ऑटोमोबाइल/ आईटी व आईटीईएस / रोगी देखभाल सहायक /शारीरिक शिक्षा और खेल/सौंदर्य और कल्याण और स्टेनोग्राफी (हिंदी / अंग्रेजी )/ यात्रा पर्यटन एवं आतिथ्य/ कृषि धान की खेती / मीडिया एनीमेशन / बैंकिंग एवं वित्त सेवाएं एवं संस्कृत व्याकरण भाग-2 ( केवल गुरुकुल / संस्कृत विद्यापीठों के लिए) इत्यादि विषयों की परीक्षा 29 अप्रैल, 2022 को संचालित होंगी।

## भविष्य हेतु संघर्ष

### वापस लौटे चिकित्सा छात्र

**जल्दबाजी** में यूक्रेन से लौटे भारतीय चिकित्सा छात्र सोच रहे हैं कि अब क्या होगा? मध्य प्रदेश के छोटे से कस्बे हरदा की एक लड़की 6 साल पहले यूक्रेन के छोटे से शहर पोल्टावा में डाक्टरी पढ़ने गई थी। यह शहर पूरब में रूसी सीमा से 500 किलोमीटर दूर है और जल्द ही इस पर हमला हो सकता है। एक सप्ताह पहले अंतिम बार अपनी मां से बातचीत में उसने कहा था कि वह वापस नहीं लौटना चाहती है। उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम पूरा करने में केवल दो महीने बाकी थे और उसका विचार था कि वह किसी प्रकार वहां बने रहने का इंतजाम कर लेगी। उसके पिता सरकारी शिक्षक हैं और वह नहीं चाहती थी कि इतना अधिक पैसा खर्च करने के बाद वह बिना डिग्री के वापस लौटे। परिवार को उसकी सुरक्षा की चिन्ता थी और चाहता था कि वह लौट आए। लेकिन उसे अपने जीवन के बजाय डिग्री की चिन्ता अधिक है। अभी तक इस लड़की के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है और हम उम्मीद करते हैं कि वह सुरक्षित होगी तथा वहां से फौरन निकल सकेगी। उसकी निराशा हृदयविदारक है। यह निराशा उन हजारों भारतीय छात्रों में व्याप्त है जो यूक्रेन से घर लौट आए हैं। उनको भविष्य के बारे में कोई अनुमान नहीं है। वे क्या करेंगे? इसके बारे में उनके पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं हैं। केन्द्र सरकार को आज या कल हस्तक्षेप कर सुनिश्चित करना होगा कि उनके कॅरियर नष्ट न हों। पश्चिम यूक्रेन में पढ़ने वालों की कक्षायें फिलहाल आनलाइन चल रही हैं क्योंकि यह क्षेत्र अशांति से



तुलनात्मक रूप से सुरक्षित है। लेकिन जून-जुलाई की गर्मियों में व्यावहारिक सत्र का क्या होगा? इस बारे में उनको कुछ नहीं पता है।

उनके विश्वविद्यालयों ने उनसे मार्च के प्रथम सप्ताह तक फीस अग्रिम जमा करने को कहा है और छात्रों को अपडेट करते रहने का वादा किया है। पश्चिमी यूक्रेन के कुछ छात्रों ने इस उम्मीद से राउंड ट्रिप टिकट ले लिए थे कि वे देर-सवेर वापस लौट आएंगे। पूर्वी यूक्रेन में स्थिति वास्तव में खराब है और सभी शिक्षा संस्थान बंद हैं। छात्रों का कहना है कि उनके शिक्षक तनाव का पहला संकेत मिलते ही संबंधित शहर छोड़ कर चले गए थे और उसके बाद से उनका कोई पता नहीं है। इस समय वे अपना जीवन बचाने और वहां से बाहर निकलने के बारे में परेशान हैं। उनको धुंधली सी उम्मीद है कि विश्वविद्यालय ऐतिहासिक रूप से युद्ध झेलने में सफल रहे हैं और राजनीतिक समस्या समाधान होने के बाद उनकी कक्षायें फिर शुरू हो जाएंगी। जल्द ही माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य की चिन्ता प्रकट करने लगेंगे। वे निश्चित रूप से यह प्रयास करेंगे कि केन्द्र सरकार छात्रों को अपने बचे पाठ्यक्रम भारतीय कालेजों में पूरे करने की अनुमति दे या उनके अंकों का हस्तातंरण करे। पहले और दूसरे साल में पढ़ने वाले छात्र यूक्रेन के भविष्य पर सवाल पैदा होने तथा खर्च उठाने की स्थिति में होने पर किसी दूसरे देश के दूसरे कालेज में पढ़ाई शुरू कर सकते हैं। लेकिन यदि सीनियर छात्र कम से कम इस वर्ष के अंत तक अपने विश्वविद्यालयों में वापस न लौट सके तो उनका भारी नुकसान होगा। इसका अर्थ केवल कोर्स पूरा करना नहीं है। उनको 12 महीने की निगरानी वाली इंटर्नशिप पूरी कर भारत लौटने पर यह प्रक्रिया दुहरानी पड़ेगी। उनको डाक्टरी पेशे हेतु पंजीकरण में सक्षम होने के लिए योग्यता परीक्षा पास करनी होगी।

# पुरानी पेंशन योजना और सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा

पुरानी व्यवस्था कर्मियों को सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है, इसलिए राजस्थान सरकार ने व्यापक हित में इसे बहाल करने का निर्णय किया है।

**अशोक गहलोत**
(लेखक राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं)





**कां**ग्रेस पार्टी और राजस्थान में उसकी सरकार ने जनता को सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना अपनी जिम्मेदारी माना है। एक सरकारी कर्मचारी 30-35 साल तक सेवा करता है और सेवानिवृत्ति के बाद अपना बाकी जीवन पेंशन के आधार पर चलाता है। इसलिए किसी भी निर्वाचित सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि कर्मचारी अपना जीवन सुरक्षा के साथ बिता सकें ताकि वे सुशासन का लक्ष्य पूरा करने में अपना अमूल्य योगदान कर सकें। सरकारी कर्मचारियों का सामाजिक-आर्थिक आधार मजबूत करने के लिए सेंट्रल सिविल सर्विसेज़ पेंशन एक्ट, 1972 का क्रियान्वयन किया गया था जिसमें पेंशन-परिवार पेंशन का अंतर्निहित प्राविधान था। लेकिन वाजपेयी सरकार ने दिसंबर, 2003 में पुरानी पेंशन योजना समाप्त कर इसके स्थान पर नई पेंशन योजना-एनपीएस शुरू की जो 1.4.2004 से लागू हो गई। वर्तमान स्वरूप में एनपीएस अनेक समस्याओं से ग्रस्त है तथा देश भर के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस बहाली की मांग कर रहे थे क्योंकि एनपीएस उनकी वर्तमान व सेवानिवृत्ति के पश्चात देखभाल में विफल हो गई थी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, 2020 की सीएजी रिपोर्ट सं. 13 तथा द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग ने भी एनपीएस की प्रभावशीलता पर अनेक सवाल उठाए थे जो कर्मचारियों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा की गारंटी नहीं कर पा रही थी। एनपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों के मेहनत से कमाए सेवानिवृत्ति फंड को शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव पर छोड़ दिया गया है जो तेजी से बदलता रहता है। वर्तमान यूक्रेन संकट जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय संकट के समय शेयर बाजार तेजी से गिरता है और इसके साथ कर्मचारियों के दिल की धड़कन भी बढ़ जाती है क्योंकि उनकी सामाजिक सुरक्षा इसके कारण खतरे में पड़ जाती है। यदि सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को खतरा हो तो कोई कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता से काम कर सुशासन में योगदान नहीं कर सकता है। पेंशन फंड के बाजार में निवेश करने के कारण एनपीएस क्रियान्वयन के 17 साल बाद भी इससे कर्मचारियों की वृद्धावस्था सुरक्षा खतरे में है क्योंकि बाजार के उतार-चढ़ाव के कारण लाभ की कोई गारंटी नहीं है।

राजस्थान सरकार के कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका जीवन सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने 1 जनवरी, 2004 के बाद सरकारी सेवा में आए सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था-ओपीएस बहाल करने का निर्णय किया है। 23 फरवरी, 2022 को राज्य विधानसभा में अपने बजट भाषण में मैंने अगले वित्त वर्ष से ओपीएस क्रियान्वयन की घोषणा की है। इस निर्णय का न केवल राजस्थान के कर्मचारियों, बल्कि सभी राज्यों के कर्मचारियों ने स्वागत किया है। इसके पहले सरकारी और निजी नौकरियों में लगे लोगों के बीच पेंशन एक अलग करने वाला तत्व था। सरकारी नौकरियों में वेतनमान निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो सकता है। ऐसे में प्रतिभाशाली नौजवान सरकारी नौकरियों को प्राथमिकता देते थे क्योंकि उनको भविष्य में ओपीएस के अंतर्गत मिलने वाली पेंशन भावी सुरक्षा की गारंटी देती थी। लेकिन देखा गया है कि एनपीएस लागू होने के बाद प्रतिभाशाली नौजवानों की सरकारी नौकरियों में संख्या कम हुई है। ओपीएस क्रियान्वयन के निर्णय से भविष्य में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली नौजवान सरकारी नौकरियों की ओर आकर्षित होंगे। अनेक कारणों से राजस्थान सरकार ओपीएस बहाली के बारे में संतुष्ट हुई है। पुरानी पेंशन व्यवस्था में कर्मचारी को पेंशन का अधिकार था जो सेवानिवृत्ति के समय अंतिम मूल वेतन व महंगाई भत्ता राहत का आधा होता था। सेवाकाल में मृत्यु होने पर कर्मचारी व उसके परिवार को मृत्यु व सेवानिवृत्ति ग्रेचुअटी-डीसीआरजी के रूप में आर्थिक सहायता मिलती थी। लेकिन एनपीएस में ऐसी कोई गारंटी नहीं है।

यह भी तथ्य है कि सशस्त्र बलों को शुरुआत से ही एनपीएस में शामिल नहीं किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि ओपीएस उनको उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा देती थी। एनपीएस का क्रियान्वयन रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय तटरक्षक कर्मचारियों के लिए हुआ था, जबकि वे सेनाओं व सशस्त्र बलों के जवानों की तरह समान सतर्कता से काम करते हैं तथा समान चुनौतियों का सामना करते हैं। बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, आदि के कर्मचारी भी ऐसी ही सेवायें देते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनको एनपीएस में शामिल किया गया। केन्द्र व राज्य सरकारों के कर्मचारी भी अपना दायित्व समान भावना व प्रतिबद्धता से निभाते हैं। इस प्रकार दो प्रकार की पेंशन व्यवस्थायें रखना भेदभावपूर्ण तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त के खिलाफ है। एनपीएस की पर्फामेंस आडिट रिपोर्ट, 2020 की रिपोर्ट सं. 13 में सीएजी ने एनपीएस के नियोजन, क्रियान्वयन व निगरानी के बारे में अनेक खुलासे किए थे। सीएजी रिपोर्ट की पैरा 3.2 के अनुसार, 'एनपीएस क्रियान्वयन के 15 साल बाद भी एनपीएस के अंतर्गत आच्छादित कर्मचारियों की सेवाशर्तों व सेवानिवृत्ति लाभों के बारे में नियमों को अंतिम रूप देने का काम अभी लंबित है।'

सीएजी रिपोर्ट के पैरा 3.9 में कहा गया था, 'इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि दो साल में एक बार फंड-योजना का वास्तविक मूल्यांकन किया गया अथवा इसकी जीवन्तता का आंकलन करने के लिए कोई और व्यवस्था बनाई गई।' एनपीएस के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए सीएजी की इसी रिपोर्ट के पैरा 4.1.3 में कहा गया था, 'क्रियान्वयन के 15 साल बाद भी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि 100 प्रतिशत सक्षम कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है।' वास्तव में ये गंभीर आपत्तियां हैं जिनसे कर्मचारियों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। केरल, आंध्र प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश और पंजाब ने एनपीएस के खिलाफ कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए अपने राज्यों में एनपीएस की समीक्षा के लिए राज्यस्तरीय समितियां गठित की हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने अभी एनपीएस का क्रियान्वयन नहीं किया है। एनपीएस तैयार करते समय सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी को मिलने वाली पेंशन धनराशि पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे देश भर के कर्मचारियों में असुरक्षा की एक भावना पैदा हुई। यदि एनपीएस इतनी ही ठीक थी तो द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग ने फरवरी, 2020 में पेश अपनी रिपोर्ट में यह सुझाव क्यों दिया था कि एनपीएस का क्रियान्वयन न्यायिक सेवाओं के लिए नहीं होना चाहिए।

1.1.2004 को या उसके बाद नियुक्त व सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को या तो कोई पेंशन नहीं मिली है अथवा यदि मिली भी है तो वह उनकी आवश्यकतायें पूरी करने के लिए काफी नहीं है। इसलिए कहा जा सकता है कि एनपीएस अपना लक्ष्य प्राप्त करने में विफल रही है। शुरुआत में एनपीएस में परिवार पेंशन व ग्रेचुअटी का कोई प्राविधान नहीं था। भारत सरकार ने इनका क्रियान्वयन बाद में किया था। राजस्थान की राज्य सरकार ने एनपीएस के बावजूद विकास योजनाओं से कभी समझौता नहीं किया। इस कारण राज्य में ओपीएस लागू होने के बाद भी विकास कार्य जारी रहेंगे। राज्य सरकार कर्मचारियों में एनपीएस के कारण पैदा चिन्ताओं को भलीभांति समझती है। पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इसलिए राजस्थान सरकार ने कर्मचारियों के व्यापक हित में ओपीएस बहाल करने का निर्णय किया है। दो प्रकार की पेंशन योजनायें रखना तथा कर्मचारियों के बीच अंतर करना न्यायोचित नहीं है।

# योगी आदित्यनाथ की उल्लेखनीय कार्यशैली

**ज्ञानेश्वर दयाल**
(लेखक स्तम्भकार एवं डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता हैं)



**सा**रनाथ संग्रहालय में मूल अशोकन लायन कैपिटल में एक आसन पर सिंह और उनके ऊपर एक पहिया था। इसने शेरों या राज्य को 'धम्म' के संरक्षक के रूप में चित्रित किया, जो धार्मिकता का शाश्वत चक्र है। जब यह भारत का प्रतीक बना तो किसी तरह वह पहिया लुढ़क गया। और जो कुछ रह गया वह सब विषयों को एक सुविधाजनक बिंदु से देखने वाले शेर थे। बेशक, वास्तविकता को रूपक के साथ पकड़ने में कुछ समय लगा।

उत्तर प्रदेश, जहां सारनाथ है, ने पांच साल पहले पहिया को वापस राज्य में घूमते देखा था। अगले पांच वर्षों में राज्य को धर्मी या स्वधर्मी बनना था। उत्तराखंड के योगी आदित्यनाथ बने यूपी के मुख्यमंत्री; यह पहले से ही निष्कर्ष था कि धम्म राज्य पर शासन करेगा। और पिछले पांच सालों में यही हुआ है। धम्म के पांच मूल सिद्धांत - यौन दुराचार से दूर रहें, अहिंसा और अहिंसा का अभ्यास करें, चोरी न करें, सच्चाई का अभ्यास करें और दुर्भावनापूर्ण भाषण से बचें, और शराब से दूर रहें - योगी सरकार की नीति की कसौटी बन गए। इस प्रकार एक मिशन के साथ एक साधु ने वह सब कुछ करने के लिए निर्धारित किया जो नियति ने उसे करने के लिए चुना था। एक विचार जिसका समय आ गया था!

धर्म की स्थापना करने और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने के लिए योगी सरकार ने धम्म का पहिया घुमाना शुरू कर दिया। यौन दुराचार को हतोत्साहित करने के लिए इसने 'रोमियो' को पकड़ने का फैसला किया। रोमियो ने अपने निर्वासन से पहले फुसफुसाया था ''ओ मैं भाग्य का मूर्ख हूं।'' कई 'रोमियो' को एंटी-रोमियो दस्तों द्वारा 'भाग्य के मूर्ख' में बदल दिया गया था। उन्हें वश में करने के लिए, दस्तों ने विश्वविद्यालयों, सिनेमा हॉल, पार्कों में गश्त की और उनके पापों के लिए मौके पर ही सजा दी। यह एक शुरुआत थी; लोगों में धार्मिकता का संचार करने की दिशा में पहला कदम।

अगला बड़ा कदम सभी प्राणियों द्वारा शाकाहार और हत्याओं को सुनिश्चित करना था। यूपी सरकार ने गाय और भैंस के मांस पर प्रतिबंध लगा दिया है। मैं इसे नहीं बना रहा- योगी के सत्ता में आने के बाद, यूपी के चिड़ियाघरों में शेरों को भी रेड मीट नहीं खिलाया गया; उन्हें मुर्गियां खिलाई गईं! एक डरे हुए शेर खान (लायन किंग के) ने बड़बड़ाया होगा- ''लेकिन, महोदय, हम आपके शास्त्रों के लिखे जाने से बहुत पहले से गोमांस



खा रहे हैं।'' लेकिन किसी ने नहीं सुनी; कम परवाह। कुछ समायोजित, कुछ नहीं। एक जिद्दी गर्भवती बाघिन कानपुर के चिड़ियाघर में लगभग भूख से मर गई, लेकिन सफेद मांस पर स्विच नहीं किया। वे भव्य डिजाइन को नहीं समझते थे। बेशर्म जानवर!

फिर राज्य में अहिंसा और गैर-चोरी सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे बढ़ा। अब आप लुटेरों को अहिंसा की शिक्षा कैसे देते हैं? सरल, उन्हें शांत करें। समाचार रिपोर्टों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ के सत्ता में आने के बाद, यूपी पुलिस ने 8,742 मुठभेड़ों में कम से कम 3,302 कथित अपराधियों को घायल कर दिया। उनमें से कई के पैरों में गोलियां लगी थीं, इस प्रकार 'ऑपरेशन लंगड़ा' (लंगड़ा) शब्द का जन्म हुआ। इसी अवधि में पुलिस कार्रवाई में 151 लोगों के मारे जाने की खबर है। आप तरीकों पर सवाल उठा सकते हैं लेकिन क्या मकसद अधिक महत्वपूर्ण, पवित्र नहीं हैं? यदि आप एक लड़के विकास दुबे को नहीं मारते हैं, जो पहले से ही लंगड़ा था, तो आप क्या करते हैं? ध्यान रहे, यह कोई लंगड़ा मजाक नहीं है। एक आदमी का मिशन दूसरे आदमी का सबक है। योगी सरकार ने आजम खान पर भैंस चोरी, बकरी चोरी और किताब चोरी का मामला दर्ज किया। वास्तव में कई लोगों के लिए एक चरम कदम लेकिन एक मिशन एक मिशन है। चोरी न करने का गुण धारण करना चाहिए और संदेश दूर-दूर तक जाना चाहिए।

संपत्ति, निजी या सार्वजनिक, चोरी या क्षतिग्रस्त नहीं होनी चाहिए और जो ऐसा करता है वह धार्मिकता के गलत पक्ष पर है। यूपी सरकार ने सीएए और एनआरसी प्रदर्शनकारियों पर वसूली के मामले ठोके। यह कैसे मायने रखता है कि इनमें से कुछ लोगों की उम्र 90 वर्ष से अधिक थी और इसमें महिलाएं, छात्र और कार्यकर्ता शामिल थे? लेकिन तब सुप्रीम कोर्ट ने खेल बिगाड़ दिया। एक अधर्मी सुप्रीम कोर्ट (जिसके प्रतीक में शेरों के ऊपर अभी भी धम्म का पहिया है) ने पैसे की वसूली के लिए यूपी सरकार के अभियान को उलट दिया। अगले सिद्धांत पर चलते हुए, योगी ने मथुरा में शराब और मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। उन्होंने शराब विक्रेताओं से मथुरा की महिमा को पुनर्जीवित करने के लिए दूध बेचने का आग्रह किया; एक पूर्ण बदलाव। आप लैक्टोज असहिष्णु होने का जोखिम नहीं उठा सकते, हालांकि सामाजिक असहिष्णुता स्वीकार्य है।

अब योगीजी अपने भाषण पर काम कर रहे हैं। यूपी में असत्य और द्वेषपूर्ण भाषण जल्द ही अतीत की बात हो जाएगी। अब जब हमने कोरोना को पीछे छोड़ दिया है, तो मौत के आंकड़ों या मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति के बारे में झूठ बोलने की जरूरत नहीं होगी। जल्द ही, झूठ बोलने का मूल तर्क समाप्त हो जाएगा। और हम यह मान सकते हैं कि एक बार घृणित राज्य छोड़ने के बाद अभद्र भाषा भी बेमानी हो जाएगी। करुणा के एक कार्य में, उन्होंने अभद्र भाषा के लंबित मामलों से खुद को मुक्त कर लिया। इस तरह पहिया घूमता है। एक शुरुआत करो, अतीत को जाने दो!

योगी ने, धम्म के सच्चे योद्धा की तरह, वह सब किया है जो वह कर सकता था। उन्होंने सरयू के तट पर अंधेरा दूर करने के लिए 12 लाख दीये जलाए, जो वीएस नायपॉल के एन एरिया ऑफ डार्कनेस का करारा जवाब था। यूपी सब जल रहा है। और यदि आप उनके हिंदू पूर्वाग्रह के लिए उनकी आलोचना करते हैं, तो कृपया न करें। वह जिस त्रेता युग से आते हैं, उस समय में आज के अल्पसंख्यक या उनके कब्रिस्तान नहीं थे।

## आप की बात

### रूस की मनमानी

**एक** ओर कहा जाता है 'युद्ध और प्यार में सब कुछ जायज है' यानी नाजायज कुछ भी नहीं है। फिर भी अंतरराष्ट्रीय रूप में हमने युद्ध के नियम, या अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून बना रखे है , अंतरराष्ट्रीय नियमों का एक समूह है जो यह निर्धारित करता है कि सशस्त्र संघर्ष के दौरान क्या किया जा सकता है और क्या नहीं। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का मुख्य उद्देश्य सशस्त्र संघर्षों में कुछ मानवता को बनाए रखना, जीवन बचाना और पीड़ा को कम करना है। असैनिक ठिकानों को कमसे कम हमला करना। सैनिकों को भी अगर युद्ध बंदी बनाया जाता है उनके साथ पूरी तरह मानवीय व्यवहार करना। उसके अधिकारों का रक्षा करना। मगर रूस ने पिछले एक सप्ताह से, इन तमाम नियमों का धज्जियां उड़ा दी है। उसने अस्पतालों, अनाथालय, टीवी टावर, प्रशासनिक भवन, ऊर्जा केंद्रों,गैस पाइप लाइनों एवं ,खरीदारी केंद्रों पर न सिर्फ हमले किये हैं बल्कि रूस ने यूक्रेन में मानव शरीर को वाष्पीकृत करने में सक्षम प्रतिबंधित वैक्यूम बम का इस्तेमाल किया है। अबतक दो हज़ार से अधिक आम नागरिक जिसमे 20 बच्चे भी शामिल हैं, मारे जा चुके हैं।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### यूएन में सुधार आवश्यक

**द्वितीय** विश्वयुद्ध और जापान में परमाणु हमले के बाद सारी दुनियां को युद्ध की विभीषिका से बचाने के लिये संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना की गई थी। जिसमे विश्वयुद्ध विजेता देशो को सुरक्षा परिषद में वीटो की शक्तियां प्राप्त हैं, जिनका उपयोग कम और दुरुपयोग अधिक हो रहा है। यूएनओ गठन के बाद से सदस्य देशों की संख्या 193 हो गई है। ऐसे में सुरक्षा परिषद में विस्तार कर इसमें भारत जैसे देशो को प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जाना चाहिये। यूएन की संरचना में बदलाव की मांग के बावजूद चीन तथा अमेरिका के टकराव के कारण सुरक्षा परिषद का विस्तार नही हो पा रहा है।सारी दुनियां आतंकवाद, कट्टरपंथ और समय समय पर होने वाले देशो में युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र अपनी भूमिका नही निभा पा रहा है। इस समय यूक्रेन रूस युद्ध से सारी दुनियां चिंतित है। कही परमाणु हथियारों से सम्पन्न देश इन विनाशकार हथियारों का प्रयोग न कर दे। सारी दुनियां में महा शक्तियों की मनमानी और वीटो के इस्तेमाल पर बदलाव की जरूरत है। अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार,चीन द्वारा पड़ोसी देशों की सम्प्रभुता को चुनौती देना, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसे खतरे रोकने में यूएन अपनी भूमिका नही निभा पा रहा है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### खतरा पीएम 2.5 का

**सेंटर** फार साइंस ऐंड एनवायरनमेंट की नई रिपोर्ट के मुताबिक, बीते बीस सालों में हवा में सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 में तेज बढ़ोतरी की वजह से होने वाली मौतों की तादाद कम से कम ढाई गुना बढ़ गई है। 'भारत की पर्यावरण रिपोर्ट' में यह बताया गया है कि दुनिया भर में वायु प्रदूषण के कारण पिछले दो दशक में साठ लाख से ज्यादा से लोगों की जान गई। अकेले भारत में इस अवधि में 10.67 लाख लोग दुनिया से चले गए। वैज्ञानिकों द्वारा निरंतर प्रदूषण के घातक परिणामों की चेतावनी देने के बावजूद जमीनी स्तर पर विश्व भर में कहीं कोई जागृति नहीं दिखाई दे रही है। धुआं उगलते वाहन, उद्योगों की चिमनया ,नदियों में बहता कचरा, प्लास्टिक व घातक रसायन निरंतर बढ़ते जा रहे हैं! कड़े प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक का उपयोग बदस्तूर जारी है! ऊर्जा की जरूरत बढ़ती जा रही है। पर्यावरण बर्बाद करके ऊर्जा प्राप्ति की जा रही है। विश्व भर में पर्यावरण को जरूरत , जरूरतों की सूची में सबसे अंत में है ऐसे में फिलहाल तो पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रभाव किसी देश में नजर नहीं आ रहा है!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मुझे** (भारत पर यूक्रेन संकट के प्रभाव पर) पूरा आंकलन करना होगा।

- **निर्मला सीतारमण**
केंद्रीय वित्तमंत्री



**पुतिन** द्वारा भारतीय छात्रों को मुख्य (सुरक्षा) आश्वासन दिया जाना चाहिए।

- **आईगर पोलिखा**
यूक्रेन के राजदूत



**ऐतिहासिक** रूप से, भारत ने विविधता में) एकता का लाभ उठाया है।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



# मऊ और मुहम्मदाबाद में अब अगली पीढ़ी पर है दारोमदार

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में आने वाले नौ जिलों की 54 सीटों में से मऊ सदर और मोहम्मदाबाद गोहना की सीट पर सभी की निगाह लगी हुई है। इन दोनो सीटों पर अंसारी बंधुओं ने अपनी राजनीतिक विरासत अगली पीढ़ी को सौंप दी है। ऐसे में जहां इनके सामने विरासत को बचाने की चुनौती है तो वहीं भाजपा के सामने इनका प्रभाव शून्य करने की चुनौती है। भाजपा और अंसारी बंधुओं के बीच बसपा के प्रदेश अध्यक्ष की भी साख दांव पर लगी है। बसपा के भीम राजभर भी मऊ सदर से उम्मीदवार हैं।

1996 से मऊ सदर सीट पर कब्जा किये मुख्तार अंसारी फिलहाल बांदा जेल में हैं। ऐसे में उन्होंने अपने विरासत की बागडोर अपने बेटे अब्बास अंसारी को सौंप दी है। अब्बास अंसारी सुभासपा से मैदान में हैं। भाजपा ने यहां से अशोक सिंह पर दांव खेला है। दोनों नेताओं के बीच 2009 से अदावत चल आ रही है, क्योंकि उस वक्त अशोक सिंह के ठेकेदार भाई अजय सिंह की नगर कोतवाली चौराहे पर हत्या कर दी गयी थी और इसका आरोप मुख्तार अंसारी पर लगा था। ऐसे में भाजपा को उम्मीद है कि अशोक सिंह के लिए मैदान में सहानुभूति अपना असर दिखा सकती है। वहीं बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर भी मैदान में हैं। यह चुनाव निश्चित तौर पर भीम राजभर का कद तय करने वाला है। ऐसा नहीं है कि इस सीट में भीम राजभर पहली बार इस सीट से मैदान में है। भीम राजभर को 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने मऊ सदर विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया था। यह बसपा के लिए कठिन दौर था क्योंकि उसी समय बसपा में रहे बाहुबली अंसारी बंधु मुख्तार व अफजाल ने बगावत कर कौमी एकता दल का गठन किया था। इससे पूर्वांचल की राजनीति काफी प्रभावित हुई थी। मुख्तार अंसारी ने अपने दल से चुनाव लड़ा और बसपा के प्रत्याशी भीम राजभर को 5,904 वोटों से हराया था। इस सीट पर मुस्लिमों के निर्णायक होने के बावजूद राजभर ने अच्छी लड़ाई लड़ी थी। चुनाव बाद बसपा ने राजभर को आजमगढ़ मंडल का जोनल कोआर्डिनेटर बना दिया था। एलएलबी पास भीम ने एक अधिवक्ता होने के साथ बसपा से ही अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत साल 1985 में की थी। वे बसपा के मऊ जिलाध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में मऊ सीट से बसपा के विधायक मुख्तार अंसारी हैं। 2017 के चुनाव में उन्होंने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के महेंद्र राजभर को 8 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस ने यहां से माधवेन्द्र बहादुर सिंह को मैदान में उतारा है। जबकि आगम आदमी पार्टी से विक्रमजीत सिंह मैदान में है। यहां पर त्रिकोणीय लड़ाई बनी हुई है।



● मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी मऊ सदर से



● मोहम्मदाबाद से सिबगतुल्लाह अंसारी के बेटे मैदान में



● विस चुनाव तय करेगा बसपा के प्रदेश अध्यक्ष का कद

## शुहैब अंसारी-मोहम्मदाबाद सीट

**चुनाव** से पूर्व बसपा से सपा में शामिल सिबगतुल्लाह अंसारी ने भी अपनी राजनीतिक विरासत अपने बेटे सुहैब अंसारी को सौंप दी है। सिबगतुल्लाह अंसारी, अंसारी बंधुओं में सबसे बड़े हैं। वह 2012 में मोहम्मदबाद सीट पर कौमी एकता दल के सिंबल पर विधायक भी रह चुके हैं। पिछले चुनाव में बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे अंसारी को भाजपा की अलका राय ने 32727 वोटो के अंतर से हराया था। इस चुनाव में भी भाजपा ने अलका राय पर दांव लगाया है। जबकि सपा ने सिबगतुल्लाह अंसारी के बेटे शुहैब अंसारी को मौका दिया है। बसपा ने यहां से माधवेन्द्र राय को उतारा है तो कांग्रेस ने कद्दावर नेता कल्पनाथ राय के रिश्तेदार डॉ अरविंद किशोर राय पर दांव लगाया है। मुहम्मदाबाद सीट चर्चा में उस वक्त आई थी जब कृष्णानंद राय की 29 नवम्बर 2005 को हत्या कर दी गई थी। इस मर्डर के समय मुख्तार अंसारी किसी अन्य मामले में जेल में निरुद्ध थे, लेकिन इस मर्डर का मास्टरमाइंड मुख्तार को ही बताया गया। हालांकि, इस मामले में मुख्तार और उनके अन्य सहयोगियों को सीबीआई क्लीन चिट दे चुकी है। अलका राय के पति कृष्णानंद राय 2002 में मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी को मुहम्दाबाद सीट पर हरा कर 7 वी बार विधायक बनने से रोक दिया था। इस सीट पर 1985 से अफजाल अंसारी निरंतर विधायक बनते आ रहे थे।

## एक भाई बसपा में तो दूसरा खुद सपा में, भतीजा सुभासपा में

**पूर्वांचल** की राजनीति में रसूख रखने वाले अंसारी बंधुओं के साथ का दिलचस्प पहलू जुड़ा है। बसपा से निकाले जाने के बाद मुख्तार अंसारी ने अपने बेटे को सुभासपा से उम्मीदवार बनाया है। क्योंकि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पिछले चुनाव में अंसारी बंधुओं को पार्टी में लेने से मना कर दिया था। उस वक्त अंसारी बंधु शिवपाल यादव व अखिलेश यादव के बीच वर्चस्व का प्रश्न बन गये थे। विधानसभा के एन वक्त पूर्व मुख्तार के बड़े भाई सिबगतुल्लाह अंसारी सपा में शामिल हो गये थे। वहीं मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी बसपा में ही हैं। ऐसे में सीधे तौर पर तो मुख्तार अंसारी इस चुनाव में सपा से नहीं जुड़े हैं पर, सुभासपा के जरिए सपा से तार जुड़ते जरूर दिखाई दे रहे हैं क्योंकि सुभासपा का सपा के साथ गठबंधन है।

# सातवें चरण में दागी ही दागी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में सबसे ज्यादा दागी उम्मीदवार हैं। गुरुवार को इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म की ओर से यूपी विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर एक रिपोर्ट जारी की गयी है। रिपोर्ट में सातवें चरण के सर्वदलीय प्रत्याशियों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया गया है। साथ ही बताया गया है कि सातवें चरण में चुनाव लड़ रहे 613 में से 607 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण करते हुए उक्त रिपोर्ट को पेश किया गया है। वहीं, 6 उम्मीदवारों का शपथ पत्र स्पष्ट न होने के कारण उनका विश्लेषण नहीं हो सका है।

एडीआर के चेयरपर्सन प्रो. त्रिलोचन शास्त्री के मुताबिक उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 607 में से 170 यानी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है। वहीं गंभीर आपराधिक मामले 131 यानी 22 फीसद है। उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में समाजवादी पार्टी के 45 में से 26 यानी 58 फीसद बीजेपी के 47 में से 26 यानी 44 फीसद बसपा के 52 में से 20 यानी 38 फीसद काग्रेस के 54 में से 20 यानी 37 फीसद और 47 में से 8 यानी 17 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषत किये हैं। वहीं गंभीर आपराधिक मामले दलवार समाजवादी पार्टी के 45 में से 20 यानी 44 फीसद बीजेपी के 47 में से 19 यानी 40 फीसद बसपा के 52 में से 13 यानी 25 फीसद काग्रेस के 54 में से 12 यानी 22 फीसद और 47 में से 7 यानी 15 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये है। सातवें चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में पहले स्थान पर प्रगतिशील मानव समाज पार्टी से विजय मिश्रा हैं जो भदोही के ज्ञानपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार हैं। मिश्रा के ऊपर 24 मामले दर्ज हैं। दूसरे स्थान पर गाजीपुर जनपद के गाजीपुर विधान सभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के राज कुमार सिंह गौतम हैं जिनके ऊपर 11 मामले और तीसरे स्थान पर कांग्रेस के वाराणसी पिंडर विधानसभा क्षेत्र से अजय है जिनके ऊपर 17 मामले दर्ज है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के सातवें चरण में 54 में से 35 यानी 65 फीसद

● ज्ञानपुर विधानसभा से विजय मिश्रा दागियों में अव्वल, धनकुबेरों में मुबारकपुर से गुड्डू जमाली पहले स्थान पर

संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र है, जहाँ तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है। करोड़पति उम्मीदवारों कि बात करे तो 607 में से 217 यानी 36 फीसद सातवें चरण में करोड़पति उम्मीदवार है। हमारे चुनाव में धनबल की भूमिका इस बात से स्पष्ट होती है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दल धनी उम्मीदवारों को टिकट देते है। करोड़पति उम्मीदवार दलवार की बात करे तो बीजेपी के 47 में से 40 यानी 85 फीसद समाजवादी पार्टी के 45 में से 37 यानी 82 फीसद बसपा के 52 में से 41 यानी 79 फीसद कांग्रेस के 54 में से 22 यानी 41 फीसद और 47 में से 15 यानी 32 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी घोषित संपत्ति 1 करोड़ से ज्यादा है। सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवारों में से पहले स्थान पर एआईएमआईएम के जनपद आजमगढ़ के मुबारकपुर विधानसभा से उम्मीदवार गुड्डू जमाली है जिन्होने अपनी संपत्ति 195 करोड़ बतायी है। दूसरे स्थान पर जनपद वाराणसी के पिंडर विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के बाबूलाल है जिनकी संपत्ति 44 करोड़ हैं। वहीं तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी के जनपद आजमगढ़ के निज़ामाबाद विधानसभा सीट से पियूष कुमार सिंह है जिन्होने अपनी संपत्ति 34 करोड़ बतायी है। उत्तर प्रदेश चुनाव 2022 के सातवें चरण में उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 2.55 करोड़ है। वहीं 233 यानी 38 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी देनदारी घोषित की है। जबकी 33 यानी 5 फीसद उम्मीदवारों ने अपना पैन विवरण घोषित नहीं किया हैं। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वाच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के सातवें चरण में 214 यानी 35 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 346 यानी 57 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की हैं। 10 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की हैं वहीं 30 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 4 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। 3 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है 224 यानी 35 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की हैं, जबकि 398 यानी 49 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की हैं। 83 यानी 14 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की हैं। 2 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 80 वर्ष से अधिक घोषित की हैं। सातवें चरण में 75 यानी 12 फीसद महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं।



# अस्तित्व से जूझ रही भाजपाः राजभर

**भाषा।** बलिया



**उत्तर प्रदेश** में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ रही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस चुनाव में अब अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। राजभर ने आज यानी बृहस्पतिवार को रसड़ा क्षेत्र में सपरिवार मतदान करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, भाजपा इस चुनाव में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है और परिणाम को लेकर इस कदर हताश हो गई है कि देश के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री को सड़क पर उतर कर जिलेवार दौरा करके भाजपा के पक्ष में प्रचार करना पड़ रहा है। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री ने दावा किया कि भाजपा इस बार पूर्वी उत्तर प्रदेश में दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के किलेबंदी के कारण गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हालत खराब है। राजभर ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही से त्रस्त जनता पूरी तरह से बदलाव के मूड में है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दौरे के बाद प्रधानमंत्री के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से भी भाजपा का सफाया हो जाएगा। उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश में सपा गठबंधन की अभूतपूर्व जीत का दावा करते हुए कहा कि गठबंधन को इस क्षेत्र से सवा सौ सीट पर जीत मिलना तय है।

# कबीरचौरा मठ में प्रियंका का डेरा



● तीन दिन रुककर संभालेंगी सातवें चरण के चुनाव प्रचार की कमान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी अगले तीन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गढ़ वाराणसी में स्थित कबीर चौरा मठ में रहेंगी और वहीं सातवें चरण के चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगी। प्रियंका बुधवार को कबीर मठ पहुंच गई हैं। कबीर चौरा मठ में संत कबीर दास ने अपना पूरा जीवन बिताया था। ये मठ कबीरदास की शिक्षाओं, संदेशों एवं स्मृतियों का केंद्र है। यहां रुक कर प्रियंका गांधी संत कबीर दास के सामाजिक न्याय व समानता के संदेश से दलित व अति पिछड़ा वर्ग को साधने का काम करेंगी। कांग्रेस के घोषणापत्र में दलितों व अति पिछड़ा वर्ग के लिए कोई घोषणाएं हैं। मठ के आसपास की गलियों में कला व संगीत से जुड़ी हस्तियों व पद्म पुरस्कार विजेताओं का घर भी है। दरअसल, सातवें चरण में 54 सीटों पर 7 मार्च को वोटिंग होगी, उन जगहों पर अति पिछड़ी जातियों एवं दलितों की संख्या अच्छी-ख़ासी है, साथ ही संत कबीरदास का सांस्कृतिक महत्व भी बहुत है। कबीर चौरा मठ में संत कबीर दास ने अपना पूरा जीवन बिताया था। प्रियंका गांधी ने अपने घोषणा पत्र में भी दलित व अति पिछड़े वर्ग के लिए काफी घोषणाएं की हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कबीर चौरा मठ का ठिकाना प्रियंका के संघर्षो और सामाजिक न्याय को मज़बूत करने के उनके प्रयासों को लेकर एक बड़ा संदेश देगा। प्रवक्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह प्रियंका गांधी ने कबीरदास की मूलगादी में दर्शन किए एवं महंत जी ने कबीरदास की स्मृतियों को साझा किया।

# मेरा मुकाबला पूरी समाजवादी पार्टी सेः धनंजय

**भाषा।** मल्हनी



**उत्तर प्रदेश** के बनसफा गांव में, पूर्व सांसद धनंजय सिंह उन ग्रामीणों की मदद करते हैं जो उनके पास पहुंचते हैं। हालांकि सिंह के खिलाफ 10 मामले लंबित हैं और कई लोग उन्हें एक बाहुबली के तौर पर देखते हैं। सिंह से जब समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा उन्हें माफिया कहे जाने के बारे में पूछा गया तो जौनपुर जिले के मल्हनी विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यू) उम्मीदवार धनंजय सिंह ने कहा कि उनका मुकाबला पार्टी के प्रत्याशी से नहीं बल्कि पूरी समाजवादी पार्टी से है, क्योंकि उसके अध्यक्ष मेरे खिलाफ ट्वीट कर रहे हैं, अपने भाषणों में मेरा नाम ले रहे हैं। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गत पांच जनवरी को किसी का नाम लिए बिना एक ट्वीट में एक वीडियो साझा किया था जिसमें धनंजय सिंह क्रिकेट खेलते नजर आ रहे थे। यादव ने हाल की अपनी जनसभाओं में यह भी कहा था कि योगी सरकार में माफिया क्रिकेट खेल रहा है। यादव ने अपने ट्वीट में आरोप लगाया था कि भाजपा अपराधियों के साथ काम कर रही है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी पार्टी से जुड़े शीर्ष दस माफिया की सूची तैयार करनी चाहिए और आईपीएल की तर्ज पर एमबीएल- माफिया भाजपा लीग शुरू करना चाहिए। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद और रारी (परिसीमन में नाम बदलकर मल्हनी) से विधायक रह चुके सिंह मल्हनी से जनता दल (यू) के मौजूदा उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा, मैं किसी भी मामले में वांछित नहीं हूं, लेकिन एक पार्टी द्वारा मुझे जबरन माफिया कहकर प्रचार किया जा रहा हैं, मैं अपने क्षेत्र की जनता के प्रति जवाबदेह हूं और जनता जानती हैं मैं क्या हूं। जौनपुर जिला मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूर मल्हनी विधानसभा क्षेत्र में बनसफा गांव में धनंजय सिंह का घर है। पीटीआई-भाषा संवाददाता जब उनसे उनके घर पर मिलने पहुंचा तो वहां क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। ज्यादातर लोग उनको भैया संबोधन से बुलाते हैं। धनंजय सिंह क्षेत्र से आने वाले लोगों से एक-एक करके मिलते हैं और चुनाव में अपनी जीत के लिए उन्हें जिम्मेदारी सौंपते हैं। बनफसा गांव की रहने वाली सुल्ली पूर्व सांसद सिंह को अपने पति की बीमारी के बारे में बताती हैं और उनसे मदद मांगती हैं। धनंजय अपने लोगों से उनके पति को अस्पताल में भर्ती कराकर उनका इलाज कराने को कहते हैं। इसी प्रकार क्षेत्र के कई अन्य व्यक्ति भी एक-एक करके अपनी समस्याओं से सिंह को अवगत कराते हैं और पूर्व सांसद उनका समाधान करते हैं।

समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा उन्हें माफिया भगोड़ा कहे जाने के बारे में पूछे जाने पर धनंजय सिंह ने कहा, आनंद आ रहा हैं मुझे, मैं यहां उनके प्रत्याशी से नहीं, बल्कि समाजवादी पार्टी से लड़ रहा हूं। उनके मुखिया हमारे खिलाफ ट्वीट कर रहे हैं, मेरे खिलाफ बयान दे रहें हैं। वह मल्हनी को इतना महत्व दे रहे हैं तो मैं यही मानूंगा कि समाजवादी पार्टी मेरे खिलाफ लड़ रही है। धनंजय सिंह ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, यहां प्रचार करने के लिए समाजवादी पार्टी के सारे नेता आए, उनका स्वागत है, इसी बहाने वह मेरे क्षेत्र में घूमेंगे फिर भी मैं अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगा। अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर सिंह ने कहा, वह अपने राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा करते हैं। मेरे ऊपर कोई मामला नहीं है। उनकी पार्टी से जो लोग चुनाव लड़ रहे हैं और जो उनके सहयोगी दल चुनाव मैदान में हैं, उन्हीं के दबाव में मेरे ऊपर आरोप लगा रहे हैं। अखिलेश यादव के इस आरोप पर कि सिंह पर एक इनाम घोषित है, सिंह ने कहा, मेरे ऊपर कोई इनाम नहीं है। अखिलेश जी जो ट्वीट करते हैं, उसके बारे में वह ही जानते हैं। मैं तो सिर्फ इतना जानता हूं कि चार मार्च को मेरे ऊपर इनाम घोषित हुआ और पांच मार्च को ही मैने अदालत में आत्मसर्मण कर दिया। मैं भगोड़ा आतंकवादी नहीं हूं। मैं भाग नहीं रहा हूं। सर्मपण करने के बाद मैं एक महीने जेल में रहा हूं। जब मैं उनकी हिरासत में था तो वे इनाम क्यूं घोषित करेंगे। यह केवल मेरी छवि को खराब करने की साजिश थी, मेरे ऊपर कोई इनाम नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के मुफ्त अनाज बांटने के सवाल पर उन्होंने कहा, मैंने सरकार से ज्यादा अनाज अपने क्षेत्र में लोगों देता हूं। मैं बीस साल से अपने क्षेत्र में राजनीति कर रहा हूं। कोरोना महामारी के दौरान हमारे लोगों ने सत्तर दिन लगातार लोगों की सेवा की है। उस दौरान (महामारी के समय) समाजवादी पार्टी, भाजपा या कांग्रेस ये कोई भी क्षेत्र में जनता के सुख-दुख में उनकी मदद नहीं कर रहा था, केवल धनंजय सिंह और उसके लोग जौनपुर के एक-एक गांव में जाकर जनता की मदद कर रहे थे। सिंह ने कहा, इलाके में विकास सबसे बड़ा मुद्दा है पिछले दस साल से समाजवादी पार्टी के यहां के प्रतिनिधि रहे हैं लेकिन आम जनमानस से उनका कोई सरोकार नहीं है। गौरतलब है कि लखनऊ में जनवरी 2021 में मऊ के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में धनंजय सिंह के खिलाफ आरोप थे लेकिन उनका दावा है कि वह इस मामले में वांछित और इनामी नहीं हैं, बल्कि इसकी जांच अभी चल रही है। अजित सिंह की पत्नी ने सिंह का विधानसभा चुनाव में नामांकन रद्द करने की मांग की है। विधानसभा चुनाव में दाखिल शपथपत्र के मुताबिक धनंजय सिंह के खिलाफ दस मामले अदालतों में विचाराधीन हैं जिसमें गैंगस्टर एक्ट के तहत भी एक मामला शामिल है। धनंजय सिंह पहली बार 2002 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते। रारी विधानसभा सीट का नाम परिसीमन के बाद मल्हनी विधानसभा कर दिया गया है। वह उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2007 में रारी विधानसभा सीट से जनता दल (यू) से जीत गए और विधायक बने। जदयू छोड़कर 2008 में सिंह बहुजन समाज पार्टी में चले गए और 2009 के लोकसभा चुनाव में जौनपुर सीट से चुनाव जीत कर सांसद बने। सिंह ने 2012 विधानसभा सीट रारी से अपनी पत्नी जागृति सिंह को निर्दलीय चुनाव लड़ाया लेकिन वह हार गईं। 2014 के लोकसभा चुनाव में धनंजय निर्दलीय लोकसभा का चुनाव लड़े और हार गए। वह 2017 विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी के टिकट पर मल्हरी सीट से चुनाव हार गए। फिर 2020 में उपचुनाव में मल्हरी से एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़े और हार गए। अब 2022 में एक बार फिर मल्हरी से विधानसभा चुनाव जनता दल यू के टिकट पर किस्मत आजमा रहे हैं। मल्हनी में अंतिम चरण में सात मार्च को मतदान है।

# जनता के कहने पर मिलाया अखिलेश से हाथः शिवपाल



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी से अलग होकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी गठित करने वाले शिवपाल सिंह यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनता के कहने पर उन्होंने सपा अध्यक्ष और अपने भतीजे अखिलेश यादव से हाथ मिलाया है। शिवपाल ने यहां सपा गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, जब हम उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकले थे, उस समय आपने हमसे एक ही मांग की थी कि चाचा भतीजे एक हो जाओ तभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस प्रदेश से हट सकती है। आपकी बात को मान कर हम और अखिलेश एक हो गए हैं। अब आपको निर्णय लेना है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा, 10 मार्च को इस प्रदेश से भाजपा का सफाया आपको करना है। यह काम आपके वोट से होना है। हम आप से पूछना चाहते हैं कि बनारस की सभी सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवार जीतेंगे या नहीं। गौरतलब है कि सितंबर 2016 में अखिलेश यादव की सरकार में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव और उनके समर्थक कई मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था, उसके बाद अखिलेश और शिवपाल के बीच तल्खी बहुत बढ़ गई थी। बाद में शिवपाल ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया नाम से एक अलग दल बना लिया था और 2019 के लोकसभा चुनाव में वह फिरोजाबाद सीट से सपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़े थे।

# भारतीय छात्रों की मजबूरी के लिए पिछली सरकारें जिम्मेदार : मोदी

**भाषा।** वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने चिकित्सा शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में भारतीय छात्रों के विदेश जाने के लिए बृहस्पतिवार को पिछली सरकारों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उनकी सरकार देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है ताकि छात्र देश में ही मेडिकल शिक्षा पा सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने युद्धग्रस्त यूक्रेन से लौटे उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के छात्रों के एक समूह से बृहस्पतिवार को मुलाकात की। उन्होंने उन छात्रों तथा उनके परिवारों के साथ भी सहानुभूति जताई जिन्होंने यूक्रेन में परेशानियों का सामना करने के बाद प्रधानमंत्री के खिलाफ भी अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस संकट में उनका नाराज होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे कठिनाइयों और ठंड का सामना कर रहे हैं। सरकार ने यूक्रेन से भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से छात्रों को वहां से सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा शुरू किया है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कई छात्रों ने आभार जताया और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए सरकार की तारीफ की। इस दौरान मोदी ने कहा कि जब नाराज छात्र वस्तुस्थिति को समझेंगे तो अपना प्यार भी दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि इन परेशानियों का जवाब एक मजबूत भारत ही है। अगर पहले की चिकित्सा शिक्षा नीतियां सही होतीं तो आपको विदेश नहीं जाना पड़ता। उन्होंने कहा कि कोई माता-पिता नहीं चाहते कि इतनी कम उम्र में उनके बच्चे विदेश जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पिछली गलतियों को सही करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले देश में 300 से 400 मेडिकल कॉलेज थे और अब उनकी संख्या करीब 700 है। इनमें सीटों की संख्या 80-90 हजार से बढ़कर डेढ़ लाख हो गई है। मोदी ने कहा, मेरा प्रयास है कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज हो। अगले 10 साल में संभवत: पिछले 70 साल से अधिक डॉक्टर बनकर निकलेंगे। कम उम्र में छात्रों को विदेश नहीं जाना पड़े, यह बड़ी बात होगी और उनके अभिभावकों को इतना तनाव नहीं झेलना होगा। मोदी ने छात्रों से बातचीत में कहा कि सभी को देश के लिए कुछ करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, आपको दूसरे देश में इस आयु में अकेले ऐसे अनुभव से जूझना पड़ा। मैं आपकी मानसिक स्थिति की कल्पना कर सकता हूं।

## 21वीं सदी के भारत की जरूरत है मेक इन इंडिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की अपील की। मेक इन इंडिया 21वीं सदी के भारत की जरूरत है। मोदी ने उद्योग जगत से कहा कि उन वस्तुओं के आयात में कटौती के प्रयास होने चाहिए जिनका उत्पादन भारत में हो सकता है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा दुनिया के लिए भारत में विनिर्माण विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए आज दुनिया भारत को विनिर्माण शक्ति के रूप में देख रही है। बजट में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लिए की गई घोषणाएं उद्योग जगत एवं भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत है और यह हमें हमारी क्षमता दिखाने का अवसर देता है। हमें एक मजबूत विनिर्माण आधार बनाने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करना चाहिए। बजट में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानो का उल्लेख करते हुए यह स्वीकार्य नहीं है।



संकटग्रस्त यूक्रेन से निकाले गए भारतीय नागरिक गाजियाबाद के हिंडन वायु सेना स्टेशन पर पहुंचे

## भारत, पाक ने स्थाई सिंधु आयोग की बैठक में वर्तमान परियोजनाओं पर चर्चा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत और पाकिस्तान** के बीच 1-3 मार्च तक स्थाई सिंधु आयोग की वार्षिक बैठक हुई जिसमें दोनों देशों के अधिकारियों ने मौजूदा मौसम के दौरान बाढ़ प्रवाह की जानकारी सहित पकाल दुल, किरू तथा निचली कलानी सहित वर्तमान में जारी परियोजनाओं को लेकर तकनीकी चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारतीय पक्ष ने इस बात को रेखांकित किया कि सभी परियोजनाओं को लेकर संधि के प्रावधानों का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए तथा अपने रूख को लेकर विस्तृत तकनीकी ब्यौरा प्रस्तुत किया। बयान के अनुसार, बैठक जल विज्ञान संबंधी तथा बाढ़ को लेकर आंकड़ों का आदान प्रदान किया गया। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों ने फजिल्का नाले के मुद्दे पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, पाकिस्तान ने आश्वस्त किया कि सतलज नदी में फजिल्का नाले का मुक्त प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### चुनावों के दौरान मुफ्त में सामान देने की राजनीतिक दलों की घोषणाओं के खिलाफ जनहित याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुफ्त का सामान देने की घोषणा करके मतदाताओं को लुभाने का प्रयास करने वाले राजनीतिक दलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से बृहस्पतिवार को इंकार कर दिया और कहा कि उसे लगता है कि यह अभिप्रेरित और प्रचार हित याचिका है। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने एनजीओ हिन्दू सेना के उपाध्यक्ष द्वारा पांच चुनिंदा राजनीतिक दलों पर चुनावों में मुफ्त का सामान देने की घोषणा करने का आरोप लगाने का मुद्दा उठाया। पीठ ने कहा, हमें लगता है कि यह (याचिका) प्रेरित है और चुनिंदा दलों को नुकसान पहुंचाने के लिए है। आप किसी छुपे हुए एजेंडे के तहत ऐसा कर रहे हैं।

### नौ रक्षा उपकरणों के डिजाइन और विकास को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने भारतीय उद्योग द्वारा नौ रक्षा उपकरणों के डिजाइन और विकास के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मेक-द्ध श्रेणी के तहत डिजाइन और विकास के लिए कुल नौ परियोजनाओं में से चार परियोजनाओं की पेशकश की गई है, जिसके तहत केंद्र चरणबद्ध तरीके से 90 प्रतिशत धन मुहैया कराता है। इसमें कहा गया है कि चार परियोजनाएं भारतीय सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ संचार उपकरण, भू-आधारित प्रणाली के साथ एयरबोर्न इलेक्ट्रो ऑप्टिकल पॉड और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए एयरबोर्न स्टैंड-ऑफ जैमर और सेना के लिए लाइट टैंक हैं। बयान में कहा गया है, उद्योग के अनुकूल डीएपी-2020 की शुरुआत के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि भारतीय उद्योग को भारतीय सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ लाइट टैंक और संचार उपकरण जैसे बड़े मंच के विकास में शामिल किया गया है। इसके अलावा, मेक-द्धद्ध श्रेणी में पांच परियोजनाओं की भी पेशकश की गई है।

### धन शोधन मामला : महाराष्ट्र के मंत्री मलिक की ईडी हिरासत अवधि सात मार्च तक बढ़ी

**मुंबई।** यहां की एक विशेष अदालत ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद्ध इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े धन शोधन जांच मामले में महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बृहस्पतिवार को सात मार्च तक बढ़ा दी। ईडी ने सुनवाई के दौरान माना कि उसकी पिछली रिमांड याचिका में गलती थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मलिक ने इब्राहिम की बहन दिवंगत हसीना पारकर को 55 लाख रुपए का भुगतान किया था, और इसे पांच लाख रुपए के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। मलिक को दक्षिण मुंबई स्थित ईडी के कार्यालय में लगभग पांच घंटे तक चली पूछताछ के बाद गत 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उनकी शुरुआती हिरासत अवधि खत्म होने के बाद बृहस्पतिवार को उन्हें न्यायाधीश आर. एन. रोकाडे की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया था। उसकी और हिरासत का अनुरेध करते हुए, ईडी ने अदालत को बताया कि मलिक ने उपनगरीय कुर्ला में एक अन्य संपत्ति पर कथित रूप से अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।

### बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक अशांति प्रमुख मुद्दे, प्रधानमंत्री इन पर बात तक नहीं करतेः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा समय में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक अशांति प्रमुख मुद्दे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाधान तो दूर, इनके बारे में बात तक नहीं करते। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कुछ युवाओं का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, देश के सामने आज बेरोज़गारी, महंगाई और सामाजिक अशांति अहम मुद्दे हैं। इसके चलते युवा वर्ग में बेचैनी और गुस्सा बढ़ रहा है जो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। समाधान तो दूर, प्रधानमंत्री इनके बारे में बात तक नहीं करते। राहुल गांधी ने जो वीडियो साझा किया, उसमें कुछ युवक बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

### कार्ति को पासपोर्ट जारी करने के निर्देश

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने चेन्नई स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट प्राधिकरण (आरपीए) को शिवगंगा से कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम को दस साल की वैधता वाला पासपोर्ट जारी करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति एम गोविंदराज ने हाल ही में कार्ति की एक रिट याचिका को स्वीकार करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिका में आरपीए के आठ अप्रैल और 24 अगस्त 2021 के आदेशों को रद्द करने की मांग की गई थी, जिनके तहत उन्हें अतिरिक्त पृष्ठों के साथ दस साल की अवधि के लिए वैध पासपोर्ट दोबारा जारी की मांग खारिज कर दी गई थी। दरअसल, जब मूल रूप से पांच मार्च 2024 तक वैध कार्ति के पासपोर्ट के पृष्ठ समाप्त हो गए थे।

## ठाणे में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र मे ठाणे जिले के भिवंडी शहर मे दस्तावेज मे जालसाजी करने और देश मे अवैध रूप से रहने के आरोप मे बांग्लादेश के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि एक शिकायत के आधार पर जैनल जफ्फार खान (27), यासीन अराफात अंसारी (25) और पप्पू मोहम्मद मुस्तफा अंसारी (32) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी) और भारतीय दंड संहिता, विदेशी नागरिक अधिनियम और भारतीय पासपोर्ट कानून की अन्य संबंधित धाराओ मे शांति नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर घेराव किया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस ने शिमला के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन उनमें से बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी कैनेडी चौक पर विधानसभा के मुख्य द्वार के पास पहुंचने में कामयाब रहे, जिसके चलते पुलिस को राज्य विधानसभा के सभी द्वार बंद करने पड़े। राज्य सरकार के कर्मचारियों ने नई कर्मचारी पेंशन योजना महासंघ (एनपीएसकेएम) के प्रमुख प्रदीप ठाकुर के नेतृत्व में पुरानी पेंशन-पुरानी पेंशन , पुरानी पेंशन बहल करो के नारे लगाए।

## एसएसबी ने व्यक्तिगत स्मार्टफोन पर डेटा नहीं रखने को कहा

**नई दिल्ली।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने अपने कर्मियो को निर्देश दिया है कि वे स्मार्टफोन पर व्यक्तिगत डेटा नही रखे क्योंकि अगर मोबाइल गलत हाथो मे पड़ता है तो इसके खतरनाक परिणाम हो सकते है। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को कहा कि बल ने हाल ही मे एक परिपत्र जारी करके अपने जवानो और अन्य कर्मचारियों को व्हाट्सएप पर आधिकारिक आदेशों को साझा करने से बचने और सोशल मीडिया पर परिचालन मामलो पर चर्चा करने और साझा करने से बचने के लिए कहा है।

## ईडी ने पूर्व मुख्य इंजीनियर की संपत्तियां कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन की जांच के सिलसिले मे नौसेना के एक पूर्व मुख्य इंजीनियर और अन्य से जुड़ी 7.47 करोड़ रुपए की संपत्तियां बृहस्पतिवार को कुर्क कर ली। यह जांच कोच्चि मे नौसैन्य अड्डे मे सिविल ठेके देने के लिए कथित तौर पर घूस लेने से जुड़ी हुई है। एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत राकेश कुमार गर्ग, संजीव खन्ना और संजीव कुमार अग्रवाल की 4.02 करोड़ रुपए की नकदी और 3.45 करोड़ रुपए की कीमत का 6.63 किलोग्राम सोना जब्त करने का एक आदेश जारी किया है। इस मामले मे मुख्य आरोपी केरल के कोच्चि मे कठारी बाग नौसैन्य अड्डे पर तैनात तत्कालीन मुख्य इंजीनियर (नौसैन्य कार्य), सेना इंजीनियर सेवा (एमईएस) है।

## मणिपुर के 12 मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग होगी कल

**इम्फाल।** निर्वाचन आयोग ने मणिपुर मे पांच विधानसभा क्षेत्रो के 12 मतदान केंद्रो पर पुनर्मतदान का आदेश दिया है। इन सीटो पर 28 फरवरी को मतदान हुआ था। मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश अग्रवाल की ओर से जारी एक बयान मे कहा गया है कि इन केंद्रो पर 5 मार्च को मतदान होगा। जिन मतदान केंद्रो मे दोबारा मतदान होगा वे खुंद्रक्पम, सैतु, थानलॉन, हेंगलप और चुराचंदपुर विधानसभा क्षेत्रो मे स्थित है। बयान मे कहा गया है कि इन मतदान केंद्रो पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारियो से तथ्यो के आधार पर पुनर्मतदान की सिफारिश की गई थी।

# न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल से यूक्रेन में फंसे छात्रों को वापस लाने में मदद करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल से रोमानिया की सीमा के पास यूक्रेन में फंसे कुछ भारतीय छात्रों की निकासी में मदद करने के लिए कहा। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ के समक्ष तुरंत सुनवाई के अनुरोध वाली याचिका दायर की गई। पीठ ने फंसे हुए छात्रों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और पूछा कि क्या अदालत किसी राष्ट्र प्रमुख को युद्ध रोकने का निर्देश दे सकती है? पीठ ने कहा, कृपया हमें बताएं कि अदालत क्या कर सकती है? क्या हम (रूस के) राष्ट्रपति को युद्ध रोकने का निर्देश दे सकते हैं? पीठ ने यूक्रेन में फंसी याचिकाकर्ता फातिमा आहना के लिए वकील को अदालत कक्ष में वेणुगोपाल के आने तक इंतजार करने को कहा। पीठ ने आहना के वकील की उन दलीलों पर गौर किया, जिसमें कहा गया कि रोमानिया की सीमा पर जमा देने वाली ठंड के बीच बड़ी संख्या में छात्र फंसे हैं और सरकार रोमानिया से उड़ानें संचालित नहीं कर रही है। पीठ ने वेणुगोपाल से कहा, इस तरह के 1,000 छात्र हैं। लेकिन कुछ यहां आए हैं। हम ना नहीं कह सकते। आप अपने अधिकार का इस्तेमाल कीजिए और कुछ कीजिए। वेणुगोपाल ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री ने रोमानिया के लिए एक मंत्री को भेजा है।

वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों से भी बात की है और इस पहलू पर चर्चा की है। वकील ने पीठ को बताया, उड़ानें पोलैंड और हंगरी से संचालित हो रही हैं, रोमानिया से नहीं। बड़ी संख्या में लड़कियों सहित कई छात्र वहां फंसे हुए हैं। इस पर पीठ ने कहा, हम सबको उनसे सहानुभूति है, लेकिन इसमें अदालत क्या कर सकती है ? पीठ ने शीर्ष विधि अधिकारी से फंसे हुए छात्रों की मदद पर विचार के लिए कहा। वेणुगोपाल ने पूछा कि क्या छात्रों ने यूक्रेन की सीमा पार कर रोमानिया में प्रवेश किया है। छात्रों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम डार ने कहा कि वे अभी भी यूक्रेन में हैं और रोमानिया नहीं गए हैं। शुरुआत में जब याचिका का उल्लेख किया गया, तो पीठ ने पूछा कि क्या वह युद्ध को रोकने का आदेश दे सकती है। पीठ ने कहा, कुछ मीडिया संस्थानों की खबरों और कुछ वीडियो में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश क्या कर रहे हैं।

# चुनाव के बाद शिवसेना की आय घटकर 13.84 करोड़ रुपए हुई

**भाषा।** नई दिल्ली

**शिवसेना** की आय वर्ष 2020-21 में घटकर 13.84 करोड़ रुपए रह गई, जो चुनावी वर्ष 2019-20 में 111.40 करोड़ रुपए थी। पार्टी ने 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी उसी साल लोकसभा चुनाव की तुलना में दोगुना धन खर्च किया। शिवसेना द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपी गई 2020-21 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी की कुल आय 2019-20 में 111.40 करोड़ रुपए की तुलना में घटकर 13.84 करोड़ रुपए रह गई है। पार्टी ने 2019 में लोकसभा चुनाव में 24.30 करोड़ रुपए खर्च किए थे, जबकि विधानसभा चुनाव में 53.27 करोड़ रुपए खर्च किए थे। शिवसेना दोनों चुनाव में भारतीय भाजपा के गठबंधन सहयोगी के रूप में मैदान में उतरी थी, लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी गठबंधन से बाहर हो गईं। शिवसेना ने भाजपा पर मुख्यमंत्री पद साझा करने के अपने वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया था।

## भाजपा ने मणिपुर में प्रतिबंधित समूहों को पैसे दिएः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भाजपा मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों को पैसे देकर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है जो आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। मणिपुर विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहा है। पहले चरण का मतदान 28 फरवरी को हुआ था। दूसरे एवं आखिरी चरण का मतदान पांच मार्च को रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया।

## फ्यूचर रिटेल-रिलायंस विलय सौदे में सुनवाई 10 दिनों के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजॉन की दलील पर संज्ञान लिया और दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ उसकी याचिका पर सुनवाई 10 दिनों के लिए स्थगित कर दी, ताकि वार्ता के जरिए कोई समाधान तलाशा जा सके। न्यायालय ने फ्यूचर रिटेल के रिलायंस रिटेल के साथ विलय सौदे को लेकर मध्यस्थता कार्यवाही पर स्थगन लगा दिया था। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्ष वाली पीठ ने अमेजॉन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम की इन दलीलों पर संज्ञान लिया।



सीमा शुल्क आयुक्त राहुल नांगरे ने अन्य लोगों के साथ अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से भारत से गेहूं ले जाने वाले ट्रकों को अमृतसर के पासझंडी दिखाकर रवाना किया

# सावधानी बरतते हुए स्कूलों को खोलना तर्कसंगतः सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**स्वास्थ्य** मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल अब तक भारत में कोविड-19 से जितनी मौतें हुई हैं उनमें से 92 प्रतिशत लोगों ने टीके की खुराक नहीं ली थी। साथ ही, कहा कि टीके की बदौलत देश संक्रमण के कम मामलों के चरण में हैं तथा अब सावधानी बरतते हुए स्कूल, कॉलेज, आर्थिक गतिविधियों को खोलना और हालात सामान्य बनाना तर्कसंगत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 15-18 वर्ष आयु वर्ग के 74 प्रतिशत किशोरों को कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि 39 प्रतिशत को दोनों खुराक दी गई है। उन्होंने कहा कि टीके के विकास, तेजी से इस पर कार्य, स्वीकृति, व्यापक कवरेज के कारण कोविड-19 से होने वाली मौतों की संख्या काफी कम देखी गई। अधिकारियों ने कहा कि कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक मृत्यु दर को रोकने में 98.9 प्रतिशत प्रभावी है, जबकि दोनों खुराक 99.3 प्रतिशत प्रभावी हैं।

## राज्य सुनिश्चित करें कोविड टीकों की बर्बादी न हो : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से निजी टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध कोविड-19 रोधी टीकों की उन शीशियों को सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर मौजूद एक्सपायरी की लंबी अवधि वाली खुराकों से बदलने पर विचार करने को कहा है, जिनके इस्तेमाल की अवधि निकट भविष्य में खत्म होने वाली है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि टीकों की बर्बादी न हो। अतिरिक्त सचिव विकास शील ने हाल ही में राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को निजी कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध जल्द इस्तेमाल लायक न रह जाने वाले टीकों के मुद्दे पर एक पत्र लिखा था। इससे पहले भी इस संबंध में पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र को निर्देश जारी किए गए थे। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से यह भी कहा है कि वे निजी टीकाकरण केंद्रों के साथ मिलकर कोविड-19 रोधी टीकों की उपलब्धता को लेकर नियमित रूप से समीक्षा करें। सभी राज्योंकेंद्र-शासित प्रदेशों को सप्ष्ट किया जाता है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सरकारी और निजी टीकाकरण केंद्रों पर टीकों की पुरानी (जल्द एक्सपायर होने वाले टीकों) और नई शीशियों की अदला-बदली को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।

# लोकपाल को जनवरी तक 4,244 शिकायतें मिलीं

● 2020-21 की तुलना में 80 प्रतिशत ज्यादा

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकपाल को** अप्रैल 2021 से 31 जनवरी 2022 के बीच भ्रष्टाचार की 4,244 शिकायतें मिली हैं, जो 2020-21 से 80 प्रतिशत अधिक है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान इसे 1,427 शिकायतें मिली थीं। लोकपाल ने सूचना का अधिकार के तहत पूछे गए सवाल पर बताया है, वित्तीय वर्ष 2021-22 (31 जनवरी 2022 तक) के दौरान कुल 4,244 शिकायतें (प्रारूप और गैर-प्रारूप सहित) ऑनलाइन या ऑफलाइन और ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। वहीं, 2020-21 के दौरान ऑनलाइन या ऑफलाइन और ई-मेल के माध्यम से कुल 2,355 शिकायतें (प्रारूप और गैर-प्रारूप सहित) प्राप्त हुईं। सरकार ने मार्च 2020 में लोक सेवकों के खिलाफ लोकपाल में भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज करने के लिए एक प्रारूप जारी किया था। सभी शिकायतकर्ताओं को अनिवार्य रूप से गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र देना होता है, जिसमें अन्य चीजों के अलावा उल्लेख किया जाता है, कोई भी झूठी और तुच्छ या परेशान करने वाली शिकायत करना दंडनीय है जिसमें कारावास, जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

## ईडी ने जेकेसीए धनशोधन मामले में 7.25 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थाई रूप से कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारियों से संबंधित धनशोधन के मामले में अहसान अहमद मिर्जा की 7.25 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति अस्थाई रूप से कुर्क की है। इस मामले में यह तीसरा कुर्की आदेश है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की संपत्ति को दिसंबर 2020 में अस्थाई रूप से कुर्क किया गया था और इसे जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। अब्दुल्ला 2001 से 2012 तक जेकेसीए के अध्यक्ष थे और सीबीआई तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही जांच 2004 एवं 2009 के बीच कथित वित्तीय हेराफेरी के बारे में है। ईडी ने एक बयान में कहा कि इस मामले में 14.32 करोड़ रुपए की संपत्ति पहले ही कुर्क की जा चुकी है जिसमें मिर्जा और मीर मंजूर गजनफर की 2.46 करोड़ रुपए की चल एवं अचल संपत्ति तथा अब्दुल्ला की 11.86 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति हैं। अब्दुल्ला द्वारा आदेश को चुनौती दिए जाने के बावजूद निर्णय प्राधिकारी ने पहले के दो आदेशों के तहत अस्थाई कुर्की की पुष्टि की।




रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच कलाकार सुदर्शन पटनायक ने युद्ध बंद करो, संदेश के साथ एक रेत की मूर्ति को अंतिम रूप दिया

# बाजार ने शुरुआती बढ़त गंवाई, सेंसेक्स 366 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई

**रूस और** यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से सेंसेक्स, निफ्टी ने बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त गवां दी और नुकसान में बंद हुए। पश्चिमी देशों के रूस पर प्रतिबंध कड़े करने से आपूर्ति बाधित होने की आशंका से कच्चे तेल की कीमतें 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के उत्पादन में रूस की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर रुपए और विदेशी कोषों के लगातार बाहर जाने से भी बाजार धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक- सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 527.72 अंक बढ़कर 55,996.62 के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स ने अपनी शुरुआती बढ़त गवां दी और 366.22 अंक या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,102.68 पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 107.90 अंक या 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,498.05 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे अधिक छह प्रतिशत की गिरावट अल्ट्राटेक सीमेंट में हुई। इसके अलावा एशियन पेंट्स, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, मारुति सुजुकी इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और आईसीआईसीआई बैंक भी गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर पावरग्रिड, विप्रो, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और आईटीसी में तेजी रही।

रिलायंस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख मितुल शाह ने कहा, रूस-यूक्रेन संकट के कारण भू-राजनीतिक परिदृश्य खराब होने से घरेलू शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। रूस पर लगे प्रतिबंधों से आपूर्ति बाधित होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने हालात को और बिगाड़ दिया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारत और विदेशों में तेल के रणनीतिक भंडार के इस्तेमाल और ओपेक के उत्पादन में बढ़ोतरी से भविष्य में कच्चे तेल की कीमतें कम हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय बाजार में कारोबारियों की विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी नजर रहेगी। साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर भी बाजार की नजर रहेगी। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई वाहन में सबसे अधिक 2.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं, बैंक और पूंजीगत वस्तुओं में भी गिरावट हुई। दूसरी ओर बिजली और तेल तथा गैस क्षेत्र को लाभ हुआ। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.75 फीसदी बढ़कर 116.03 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। हांगकांग और टोक्यो में शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि शंघाई में मामूली गिरावट देखने को मिली। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 4,338.94 करोड़ रुपए के शेयरे बेचे।







**● क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई वाहन में सबसे अधिक 2.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं, बैंक और पूंजीगत वस्तुओं में भी गिरावट हुई**

## आरबीआई ने मौद्रिक नीति के लिए राय जानने को सर्वेक्षण शुरू किया

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को मुद्रास्फीति के अनुमानों और उपभोक्ता विश्वास का आकलन करने के लिए घरेलू सर्वेक्षण के अगले दौर की शुरुआत की। आरबीआई द्वारा नियमित रूप से किए गए सर्वेक्षणों से मिले आंकड़े, उसकी मौद्रिक नीति के लिए उपयोगी जानकारी मुहैया कराते हैं। आरबीआई ने घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण (आईईएसएच) के मार्च 2022 के दौर के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि सर्वेक्षण का उद्देश्य 18 शहरों के लगभग 6,000 घरों में व्यक्तिगत खपत के आधार पर कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के व्यक्तिगत असर का आकलन करना है। इन शहरों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ मुंबई, नागपुर, पटना और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं। आरबीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा, सर्वेक्षण के तहत आने वाले तीन महीनों के साथ ही अगले वर्ष के दौरान कीमतों में बदलाव (सामान्य कीमतों के साथ ही विशिष्ट उत्पाद समूहों की कीमतों) पर परिवारों से गुणात्मक प्रतिक्रिया ली जाएगी।



केंद्रीय बैंक ने एक अन्य विज्ञप्ति में कहा कि उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण (सीसीएस) के मार्च 2022 दौर का उद्देश्य सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार परिदृश्य, मूल्य स्तर, परिवारों की आय और खर्च पर प्रतिक्रिया हासिल करना है। यह सर्वेक्षण भोपाल, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ मुंबई, पटना और तिरुवनंतपुरम सहित 13 शहरों में नियमित रूप से किया जाता है।

## वित्त मंत्रालय 15 मार्च से राजस्व व्यय की रोजाना करेगा निगरानी

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्रालय** राजकोषीय घाटे को तय लक्ष्य के भीतर रखने के लिए 15 मार्च से दैनिक आधार पर कर संग्रह सहित राजस्व प्राप्ति और खर्च की निगरानी करेगा।

एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को स्थगित करने की आशंका के बीच यह फैसला किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक आईपीओ चालू वित्त वर्ष में ही आना था और इससे 60,000 करोड़ रुपए से अधिक मिलने की उम्मीद थी। रूस-यूक्रेन युद्ध और भारत पर इसके प्रभाव के चलते आईपीओ के टाला जा सकता है। दूसरी ओर, यूक्रेन में फंसे हजारों भारतीय छात्रों को वापस लाने के सरकार के फैसले से राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। अधिकारियों के अनुसार कर और गैर-कर राजस्व संग्रह की दैनिक निगरानी से सरकार को जरूरत पड़ने पर समय रहते सुधारात्मक कार्वाई करने में मदद मिलेगी। अधिकारी ने कहा, सीबीडीटी (केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड) और सीबीआईसी (केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड) को पिछले दिन दोपहर 12 बजे तक के ताजा आंकड़े देने को कहा गया है। इसके अलावा, अन्य गैर-कर और विनिवेश प्राप्तियों को दैनिक आधार पर बताना होगा।

अधिकारियों ने बताया कि लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने 15 मार्च से 31 मार्च के बीच विभिन्न मंत्रालयों के राजस्व संग्रह और व्यय के आंकड़े को दैनिक आधार पर उपलब्ध कराने को कहा है।

# मूडीज, फिच ने रूस की रेटिंग कबाड़ श्रेणी में डाली

**एपी।** लंदन

**रेटिंग एजेंसी** मूडीज और फिच ने बृहस्पतिवार को रूस की सरकारी साख को घटाकर कबाड श्रेणी में डाल दिया। रूस के यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर पश्चिमी देशों की गंभीर पाबंदियों के बाद यह कदम उठाया गया है। मूडीज इनवेस्टर सर्विस ने रूस की दीर्घकालिक और अधिक असुरक्षित (स्थानीय और विदेशी मुद्रा) बांड रेटिंग को बीएए3 श्रेणी से बी3 में डाल दिया, वहीं फिच ने देश की रेटिंग को बीबीबी से घटाकर बी कर दिया और इसे रेटिंग वॉच नेगेटिव यानी मौजूदा रेटिंग को लेकर नकारात्मक परिदृश्य के स्तर पर रखा है। रेटिंग को घटाकर कबाड़ श्रेणी में रखना जोखिम दर्शाता है। इसका मतलब है कि वित्तीय प्रतिबद्धताएं भले अभी पूरी हो रही हैं लेकिन देश उच्च कर्ज संबंधी जोखिम को लेकर नाजुक स्थिति में है। मूडीज ने एक बयान में कहा, रूस की रेटिंग को निचले स्तर तक घटाना, इसे और घटाने को लेकर नजर रखना यह सब पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गंभीर प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप है। इसके तहत रूस के केंद्रीय बैंक और कुछ अन्य बड़े वित्तीय संस्थानों पर पाबंदियां लगाई गई हैं। फिच रेटिंग्स ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों की गंभीरता ने वृहद-वित्तीय स्थिरता का जोखिम बढ़ा दिया है। युद्ध के कारण वित्तीय स्थिरता जोखिम में है और यह रूस की अपने सरकारी ऋण को चुकाने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। पिछले हफ्ते जी-7 की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं ने रूस के केंद्रीय बैंक पर सख्त प्रतिबंध लगाए थे। उन्होंने रूस के बैंकों को स्विफ्ट (सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशंस) अंतर बैंकिंग प्रणाली से बाहर करने का भी फैसला किया ताकि रूस को वैश्विक कारोबार से अलग-थलग किया जा सके।




# एसबीआई ने रूस की प्रतिबंधित संस्थाओं के साथ लेनदेन रोका

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय स्टेट बैंक** (एसबीआई) ने यूक्रेन में हमले को लेकर पश्चिम देशों द्वारा प्रतिबंधित रूस की संस्थाओं के साथ लेनदेन बंद कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में एसबीआई ने अधिसूचना जारी की है। एसबीआई को डर है कि रूस की प्रतिबंधित संस्थाओं के साथ लेनदेन करने से कही उस पर भी पश्चिमी देश प्रतिबंध न लगा दें। उसने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय संघ या संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की प्रतिबंधित सूची में शामिल संस्थाओं, बैंकों, बंदरगाहों या जहाजों के साथ किसी भी तरह का कोई लेनदेन नहीं किया जाएगा।

सूत्रों ने कहा कि प्रतिबंधित संस्थाओं को भुगतान की जाने वाली राशि बैंकिंग माध्यम के बजाय अन्य व्यवस्था के जरिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एसबीआई रूस के मास्को में कमर्शियल इंडो बैंक नाम से संयुक्त उद्यम संचालित करता है। इसमें केनरा बैंक 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अन्य भागीदार है। भारतीय स्टेट बैंक ने इस मामले पर टिप्पणी को लेकर भेजे गए ई-मेल का फिलहाल जवाब नहीं दिया है। भारत के लिए रूस रक्षा उत्पादों और उपकरणों का बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार चालू वित्त वर्ष में अबतक 9.4 अरब डॉलर रहा जबकि 2020-21 में यह 8.1 अरब डॉलर था।




## विश्व बैंक ने रूस, बेलारूस में सभी परियोजनाएं तत्काल प्रभाव से रोकी

**वाशिंगटन।** विश्व बैंक ने रूस और बेलारूस में अपने सभी कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रोकने की घोषणा की है। उसने यह कदम यूक्रेन में मास्को के सैन्य अभियान और वहां के लोगों के प्रति शत्रुता रखने के मद्देनजर उठाया है। रूस के यूक्रेन पर हमला करने और बेलारूस द्वारा उसे समर्थन और सहयोग दिए जाने पर बड़ी संख्या में देश, संगठन और कंपनियां उनसे अपने संबंध तोड़ रहे हैं और पाबंदियां लगा रहे हैं।वाशिंगटन स्थित विश्व बैंक ने बुधवार को एक बयान में कहा, विश्व बैंक समूह ने 2014 से ही रूस में नए निवेश या कर्ज की मंजूरी नहीं दी है। 2020 के मध्य से बेलारूस को कोई नया कर्ज नहीं दिया गया। बयान में कहा गया, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और यूक्रेन के लोगों के प्रति उसकी शत्रुता के मद्देनजर विश्व बैंक समूह ने रूस और बेलारूस में अपने सभी कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रोक दिए हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने इस कदम की आलोचना की थी। उन्होंने एक बयान में कहा था, हम लंबे समय से यूक्रेन के साझेदार रहे हैं और संकट के इस समय में उसके लोगों के साथ खड़े हैं। विश्व बैंक ने मंगलवार को घोषणा की थी कि यूक्रेन की मदद के लिए वह उसे तीन अरब डॉलर का सहायता पैकेज दे रहा है।

## पीडीआईएल की बिक्री के लिए सरकार को कई रुचि पत्र मिले

**भाषा।** नई दिल्ली

**निवेश और** सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (पीडीआईएल) के निजीकरण के लिए कई रुचि पत्र (ईओआई) मिले हैं।

दीपम ने 14 दिसंबर को रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत आने वाले पीडीआईएल में सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए प्रारंभिक बोलियां आमंत्रित की थीं। ईओआई जमा करने की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी, जिसे बाद में 28 फरवरी तक बढ़ा दिया गया था।पांडेय ने ट्विटर पर लिखा, प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड के निजीकरण के लिए कई रुचि पत्र मिले हैं। सौदा अगले चरण में पहंच गया है। पीडीआईएल की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी 31 मार्च, 2021 तक 17.30 करोड़ रुपए, राजस्व 129.68 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 19.07 करोड़ रुपए था।पीडीआईएल का गठन सात मार्च, 1978 को हुआ था। यह डिजाइन इंजीनियरिंग और संबद्ध परियोजना क्रियान्वयन सेवाओं के लिए इंजीनियरिंग और सलाहकार सेवा प्रदान करती है।

सरकार ने पीडीआईएल के लिए रिसर्जेंट इंडिया को लेनदेन सलाहकार नियुक्त किया है। साथ ही वह इस रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया का प्रबंधन भी करेगी। पीडीआईएल की रणनीतिक बिक्री अब अगले वित्त वर्ष में पूरी होने की उम्मीद है।

## क्विक न्यूज

### जीएसटी चोरीः सीबीआईसी ने वैध कारणों के बिना आधार पैन विवरण साझा करने को लेकर दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बृहस्पतिवार को जनता को सावधान करते हुए कहा कि वैध कारण या किसी मौद्रिक लाभ के बिना आधार और पैन विवरण साझा करने पर धोखेबाज इसका दुरुपयोग जीएसटी चोरी के लिए कर सकते हैं। सीबीआईसी ने एक ट्वीट में कहा कि आधार और पैन विवरण का इस्तेमाल जीएसटी चोरी के लिए वो लेकर फर्जी संस्थाएं बनाने में किया जा सकता है और इसलिए लोगों को बिना किसी वैध कारण के इन्हें साझा करने से बचना चाहिए। सीबीआईसी ने ट्विटर पर लिखा है, अपने व्यक्तिगत आंकड़ों को सुरक्षित रखें, जिसका दुरुपयोग कर जीएसटी चोरी के लिए फर्जी संस्थाएं बनाने में किया जा सकता है। बीते वर्षों में वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने कई फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ किया, जिनका इस्तेमाल माल की वास्तविक आपूर्ति के बिना नकली चालान बनाकर धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा करने के लिए किया गया।

### आईआईएम-कलकत्ता में सभी छात्रों को नौकरी की पेशकश, औसत वेतन 34 लाख रुपए सालाना

**कोलकाता।** भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता (आईआईएम-कलकत्ता) की 57वीं बैच के सभी छात्रों को नौकरियों की पेशकश की गई है। इसमें औसत वेतन रिकॉर्ड 34.2 लाख रुपए सालाना है।संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें बताया गया कि पिछले हफ्ते डिजिटल तरीके से हुई अंतिम नियोजन प्रक्रिया में 190 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया था। इस प्रक्रिया में 465 छात्र बैठे थे और उन्हें 631 प्रस्ताव मिले। सर्वाधिक 49 फीसदी प्रस्ताव परामर्श क्षेत्र से प्राप्त हुए। छात्रों को नौकरी की पेशकश करने वाली कंपनियों में बेन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, ईवाई पार्थेनन और मैकिन्से एंड कंपनी शामिल है।आईआईएम कलकत्ता के निदेशक प्रोफेसर उत्तम कुमार सरकार ने छात्रों को बधाई दी।

### अक्टूबर-दिसंबर में घरेलू शेयर बाजार में एफपीआई हिस्सेदारी दो प्रतिशत घटीः रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी अक्टूबर-दिसंबर 2021 के दौरान दो प्रतिशत घटकर 654 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई। मॉर्निंगस्टार की रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी निवेशकों की बड़े पैमाने पर बिकवाली और भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट से इसमें कमी आई है। समीक्षाधीन अवधि में खासतौर से लार्ज कैप और मिड कैप (मझोली और छोटी कंपनियों) के शेयरों में गिरावट देखी गई। इसमें कहा गया, दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही के अंत में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई निवेश का मूल्य दो प्रतिशत घटकर 654 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जो इससे पिछली तिमाही में 667 अरब अमेरिकी डॉलर था। दिसंबर 2020 के अंत में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई निवेश का मूल्य 518 अरब अमेरिकी डॉलर था। समीक्षाधीन अवधि में हुई गिरावट के चलते भारतीय शेयर बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का योगदान घटकर 18.3 प्रतिशत रह गया, जो सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही में 19 प्रतिशत था।

### ओयो ने प्रकाश पडरिया को मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी ओयो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने प्रकाश पडरिया को सूचना प्रौद्योगिकी और सुरक्षा टीम के लिए मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। इस होटल प्रौद्योगिकी मंच ने एक बयान में कहा, ओयो में अपनी नई भूमिका में, प्रकाश भारत, एसईए (दक्षिणपूर्व एशिया), यूरोप, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे क्षेत्रों सहित वैश्विक स्तर पर ओयो सिस्टम के लिए एकसूचना सुरक्षा रणनीति की अगुवाई करेंगे। ओयो में, प्रकाश विशेष रूप से आईटी और साइबर सुरक्षा सेवाओं के लिए काम करने वाली टीमों के संचालन का नेतृत्व करेंगे।

### वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने 14,500 करोड़ रुपए तक जुटाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने प्रवर्तक संस्थाओं से 4,500 करोड़ रुपए सहित कुल 14,500 करोड़ रुपए तक जुटाने को मंजूरी दी है। इक्विटी की बिक्री, या एडीआर (अमेरिकन डिपोजिटरी रिसीट), जीडीआर (ग्लोबल डिपोजिटरी रिसीट) और एफसीसीबी (विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड) जैसे ऋण साधनों के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपए की राशि जुटाई जाएगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि बोर्ड ने 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 338.3 करोड़ इक्विटी शेयरों को 13.30 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के भाव पर जारी करने की मंजूरी दी, जिससे कुल 4,500 करोड़ रुपए तक जुटाए जाएंगे। वीआईएल ने बताया कि ए शेयर यूरो पैसिफिक सिक्योरिटीज लिमिटेड और प्राइम मेटल्स लिमिटेड (वोडाफोन समूह की इकाइयां और कंपनी के प्रवर्तक) और ओरियाना इंवेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (आदित्य बिड़ला समूह की इकाई) को तरजीही आधार पर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा बोर्ड ने इक्विटी शेयरों या इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय प्रतिभूतियों को जारी करके और अन्य ऋण साधनों के जरिए 10,000 करोड़ रुपए तक जुटाने को मंजूरी दी है। कंपनी वैश्विक जीडीआर, एडीआर, विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉड, परिवर्तनीय ऋणपत्र और वारंट, गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र और वारंट के जरिए राशि जुटाने पर भी विचार करेगी। यह राशि एक या अधिक चरणों में जुटाई जाएगी।

### श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के समक्ष बढ़ रहीं चुनौतियांः आईएमएफ

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां बढ़ रही हैं और सरकारी ऋण काफी उच्च स्तर पर पहुंच गया है। उसने गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे देश की अर्थव्यवस्था में तत्काल सुधारों का आह्वान किया। श्रीलंका विदेशी मुद्रा के गंभीर संकट का सामना कर रहा है, उसका कोष घटता जा रहा है और सरकार आवश्यक आयात का खर्च उठाने की स्थिति में नहीं है।आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की 25 फरवरी को बैठक हुई थी। उसके बाद एक विज्ञप्ति में उसने कहा, कोविड-19 ने श्रीलंका को बुरी तरह प्रभावित किया। आर्थिक पुनरुद्धार जारी रहने के बावजूद निदेशकों ने पाया कि देश के समक्ष चुनौतियां बढ़ रही हैं। इसमें सरकारी कर्ज का उच्च स्तर पर पहुंचना, अंतरराष्ट्रीय पूंजी कम होना और आने वाले वर्षों में बड़ी आर्थिक जरूरतें शामिल हैं। मुद्राकोष ने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में तत्काल सुधारों की जरूरत बताई। श्रीलंका की सरकार पर आईएमएफ से सहायता पैकेज की मांग करने का दबाव बढ़ रहा है क्योंकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बेहद निचले स्तर पर पहुंच गया है हालांकि सरकार आईएमएफ से मदद मांगने से लगातार इनकार करती आ रही है।

# पेज एक का शेष

## यूक्रेन से...

दो शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार को 17 उड़ानों से 3500 और शनिवार को लगभग 4000 लोगों को वापस लाया जा सकेगा। अधिकारियों द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, बुखारेस्ट से 35 निकासी उड़ानों की योजना बनाई गई है, जिसमें एयर इंडिया की 14 उड़ानें, एयर इंडिया एक्सप्रेस की आठ, इंडिगो की सात, स्पाइस जेट की एक, विस्तारा की तीन और भारतीय वायुसेना की दो उड़ानें शामिल हैं। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से कुल 28 उड़ानें आएंगी। इनमें से 15 उड़ानें गो एयर से, 9 इंडिगो से, 2 एयर इंडिया से, 1 भारतीय वायु सेना से और 1 स्पाइस जेट से हैं। पोलैंड के रेजेस्जो से कुल नौ उड़ानें निर्धारित हैं, जिनमें इंडिगो की आठ और भारतीय वायु सेना की एक उड़ान शामिल है, जबकि पांच उड़ानें सुसेवा, रोमानिया से और तीन उड़ानें कोसिसे, स्लोवाकिया से आएंगी। भारत यूक्रेन के पश्चिमी पड़ोसियों जैसे रोमानिया, हंगरी और पोलैंड से विशेष उड़ानों के माध्यम से अपने नागरिकों को निकाल रहा है क्योंकि 24 फरवरी से यूक्रेनी हवाई क्षेत्र रूसी सैन्य हमले के कारण बंद है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, मुख्तार अब्बास नकवी, राव इंद्रजीत सिंह, नारायण राणे, जी किशन रेड्डी, कैलाश चौधरी, पुरुषोत्तम रूपाला, भगवंत खुबा, वीरेंद्र कुमार, मीनाक्षी लेखी, वी. मुरलीधरन, और कई अन्य मंत्रियों को भारत आने वाले छात्रों की अगवानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत चार मंत्रियों को यूक्रेन की सीमा से लगे देशों में भेजा गया है, जहां यूक्रेन से निकलकर छात्र आ रहे हैं।

## यूक्रेन पर...

बातचीत से बताया कि यूक्रेन पर विपक्ष एकजुट हैं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यूक्रेन पर रूस के हमले के भू राजनीतिक प्रभावों के बारे में पूछा तथा यह जानना चाहा कि रूस ने यूक्रेन में जो किया, वह भारत से निपटने में रूस के लिए क्या उदाहरण हो सकता है, इस पर जयशंकर ने कहा, भारत, यूक्रेन नहीं है। राहुल गांधी ने चीन और पकिस्तान की बढ़ती करीबी और भारत पर इसके प्रभावों का मुद्दा भी उठाया। कांग्रेस नेताओं ने यूक्रेन के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के रूख का आमतौर पर समर्थन किया हालांकि थरूर सहित कुछ सांसदों ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से पहले दो भाषणों का जिक्र कर कुछ चिंताएं भी जताई। थरूर ने कहा, यह इस बात का द्योतक है कि जब राष्ट्रीय हित की बात आती है तो सभी पहले भारतीय हैं। वहीं, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट में कहा, विदेश मंत्री की अध्यक्षता में परामर्श समिति की बैठक में हिस्सा लिया। विदेश सचिव ने यूक्रेन की स्थिति और वहां से भारतीयों को वापस लाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। छात्रों को देश वापस लाने के प्रयासों में सभी एकजुट हैं। वहीं, वाईएसआर कांग्रेस की बी वेंकट सत्यवती ने कहा कि बैठक में मंत्रालय ने सांसदों को आश्वस्त किया कि अगले कुछ दिनों में वहां फंसे छात्रों को निकाल लिया जाएगा। भाजपा सांसद जीवीएल नरसिंह राव ने ट्वीट किया, डॉ. एस जयशंकर और विदेश मंत्रालय की टीम को यूक्रेन के मुद्दे पर समय पर बैठक बुलाने और विस्तृत जानकारी देने के लिए धन्यवाद। इक्कीस सदस्यीय इस परामर्श समिति का मुख्य मकसद सरकार के कार्यक्रमों, नीतियों एवं उनके अनुपालन के बारे में मंत्रियों, सांसदों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के बीच अनौपचारिक चर्चा करने का मंच प्रदान करना है।

## रूस छात्रों...

मदद करने के लिए 130 बसें भेजने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने और यूक्रेन के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीयों की सुरक्षित निकासी पर चर्चा करने के एक दिन बाद रूसी राष्ट्रीय रक्षा नियंत्रण केंद्र के प्रमुख कर्नल-जनरल मिखाइल मिजिन्त्सेव की यह टिप्पणी सामने आई है। मिजिन्त्सेव ने कहा कि अस्थाई रूप से ठहरने और विश्राम के लिए चौकियों पर जगह बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इसके बाद इन लोगों को बेलगोरोद शहर ले जाया जाएगा, जो बाद में रूसी सैन्य विमानों सहित हवाई मार्ग से अपने वतन के लिए रवाना होंगे।

## दिल्ली-जयपुर...

वालों में शामिल संदीप की इसी माह 22 मार्च को शादी थी। जबकि प्रवीन व चन्द्रमोहन की शादीशुदा थे। जबकि मृतकों में आशीष व और चंद्रभूषण दोनों अविवाहित थे। जानकारी के अनुसार गाड़ी आशीष चला रहा था। बिलासपुर थाना पुलिस पूरे मामले की कार्रवाई में जुटी है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति...

भारत पर सीएएटीएसए के तहत प्रतिबंध लगाने के मुद्दे पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा, भारत वाकई हमारा एक बेहद अहम सुरक्षा साझेदार है। हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के पक्षधर हैं। मुझे उम्मीद है कि रूस को जिस तरह से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है, उससे भारत को समझ आएगा कि अब मॉस्को से दूरी बनाने का समय आ गया है। लु ने दावा किया कि रूसी बैंकों पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के चलते किसी भी देश के लिए रूस से प्रमुख हथियार प्रणाली की खरीदारी करना बेहद कठिन होगा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे मिग-29 का ऑर्डर रद्द किया, रूसी हेलीकॉप्टर और टैंक रोधी हथियार का ऑर्डर रद्द किया। लु की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत को यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा करने वाले प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र में बुधवार को हुए मतदान से दूर रहने को लेकर रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों ही दलों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## उप्र में...

कुमार लल्लू की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में 2.15 करोड़ मतदाता सीएम योगी आदित्यनाथ सहित 676 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 66 महिला प्रत्याशी हैं। वर्ष 2017 में 57 सीट में 46 सीटों पर भाजपा का कब्जा था। गोरखपुर शहर से बीजेपी के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को प्रातः 6. 57 मिनट पर मतदान केन्द्र पहुंचे थे। इसी दौरान वहां के बूथ पर ईवीएम में खराबी हो गई। जिसके कारण सीएम योगी आदित्यनाथ वोटिंग के लिए अपने निर्धारित समय प्रातः सात बजे के स्थान पर करीब 20 मिनट देरी से मतदान कर सके। योगी आदित्यनाथ ने अपनी दिनचर्या के अनुरूप पूजा-पाठ के बाद गौ-सेवा की और फिर मतदान केन्द्र पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के छठे चरण के लिए गोरखपुर के प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ कन्या नगर क्षेत्र में अपना वोट डाला। इससे पहले उन्होंने अपनी कर्मस्थली गोरखनाथ मंदिर में पूजा की। गोरखुपर के अलावा महाराजगंज, बलिया, कुशीनगर तथा सिद्धार्थनगर में भी कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में खराबी होने के कारण मतदान बाधित रहा।

## यूट्यूब का...

और अन्य तरीकों के माध्यम से कई राजस्व तरीकों का पता लगा सकती है। यूट्यूब ने कहा कि ये राजस्व स्रोत न केवल रचनात्मक उद्यमियों के लिए नौकरियों और आय का समर्थन करते हैं बल्कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यापक गतिविधि को भी बढ़ावा देते हैं। पिछले साल सरकार द्वारा साझा किए गए अनुमानों के अनुसार, देश में 44.8 करोड़ यूट्यूब उपयोगकर्ता, 53 करोड़ व्हाट्सएप उपयोगकर्ता, 41 करोड़ फेसबुक उपयोगकर्ता, 21 करोड़ इंस्टाग्राम और 1.75 करोड़ ट्विटर पर हैं।

## वार्ता और...

या क्वाड का औपचारिक रूप दिया था। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, बैठक में यूक्रेन की स्थिति और इसके मानवता पर प्रभावों पर भी चर्चा की गई। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने दोनों देशों से वार्ता व कूटनीति की ओर लौटने की भारत की अपील दोहराई। पीएमओ ने कहा कि चारों नेताओं ने दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन आसियान, हिंद महासागर क्षेत्र और प्रशांत द्वीपों की स्थिति सहित अन्य प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सभी देशों की क्षेत्रीय एकता व अखंडता के सम्मान पर जोर देते हुए इनके महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक में कहा कि क्वाड को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के अहम उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। पीएमओ के अनुसार क्वाड नेताओं ने इस साल जापान में होने वाली शिखर वार्ता में ठोस नतीजे हासिल करने के उद्देश्य के साथ सहयोग तेज करने पर सहमति जताई।

# झारखंड में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश

**भाषा।** रांची

**● पूंजी व्यय में 59 प्रतिशत की वृद्धि**

**झारखंड** के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बृहस्पिवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कुल 1.01 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में पूंजी व्यय में 59 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव है। पिछले वर्ष राज्य सरकार ने कुल 92,277 करोड रुपए का बजट पेश किया था। वित्तमंत्री ने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में वर्तमान वित्त वर्ष की तुलना में पूंजीगत व्यय में 59 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है और इस वर्ष कुल मिलाकर राज्य में 24,827 करोड़ 70 लाख रुपए का पूंजीगत व्यय किया जाएगा। बजट में राजकोषीय घाटा 2.81 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में संशोधित अनुमान के अनुसार कुल पूंजीगत व्यय 15,843 करोड 92 लाख रुपए रहने का अनुमान है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सर्वाधिक 27 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। वित्तमंत्री ने अपने भाषण में कहा, विपक्ष लगातार यह सवाल उठाता था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान के लिए पूरी राशि केंद्र सरकार देती है और राज्य सरकार इस क्षेत्र में कुछ नहीं करती इसी बात को ध्यान में रखते हुए आगामी वित्त वर्ष में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों में एक कमरा राज्य सरकार की तरफ से जोड़ने के लिए प्रति मकान (8377)50,000 अतिरिक्त राशि देने का निर्णय किया है। लगभग एक लाख मकानों के लिए बजट में यह प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वर्तमान वित्त वर्ष में राज्य सरकार के सकल घरेलू उत्पाद में मात्र 4.7ञ की गिरावट दर्ज की गई है और आगामी वित्त वर्ष में राज्य जीडीपी वृद्धि दर 6.15ञ रहने का अनुमान है। इससे पूर्व आज जैसे ही दिन में 11:00 बजे सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई मुख्य विपक्षी भाजपा के विधायकों ने अध्यक्ष के आसन के सामने आकर पिछड़े वर्ग के लिए 27ञ आरक्षण की व्यवस्था करने की मांग की और राज्य सरकार को पिछड़ा विरोधी बताया।

# एक सप्ताह में दस लाख लोगों ने किया यूक्रेन से पलायन

**भाषा।** कीव

**संयुक्त राष्ट्र** ने बृहस्पतिवार को बताया कि रूस के हमला करने के बाद से 10 लाख लोग यूक्रेन छोड़कर चले गए हैं। इस सदी में पहले कभी इतनी तेज गति से पलायन नहीं हुआ है। इस बीच, देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव और दो अहम बंदरगाहों पर रूसी बलों की बमबारी जारी है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग के आंकड़ों के अनुसार, पलायन करने वाले लोगों की संख्या यूक्रेन की आबादी के दो प्रतिशत से अधिक है। पंद्रह लाख की आबादी वाले खारकीव शहर से बड़ी संख्या में पलायन हुआ है, गोलीबारी और गोलाबारी के बीच लोग अपनी जान बचाने के लिए स्टेशनों में पहुंचे और ट्रेनों में बैठते नजर आए। राजधानी कीव में कई दिनों तक रुकने के बाद टैंक और अन्य वाहनों ने देश भर में कई स्थानों पर हमला किया है। इस युद्ध को समाप्त करने के लिए दोनों देशों के बीच दूसरे दौर की वार्ता बृहस्पतिवार देर रात पड़ोसी देश बेलारूस में होने की संभावना है।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मारियूपोल शहर को रूसी बलों ने घेर लिया है,वहीं एक अहम बंदरगाह खेरसन के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की सेना ने दावा किया कि उन्होंने खेरसन पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है, जो आक्रमण में कब्जे में आने वाला सबसे बड़ा शहर होगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ऐसा संभव है,लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं ने रात में कीव में जोरदार धमाके की आवाजें सुनी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सरकारी मुख्यालयों से लगभग सात किलोमीटर दक्षिण में, लेसा होरा जिले में एक प्रसारण केंद्र पर हमला किया। अनिर्दिष्ट हथियारों का इस्तेमाल किया गया था, और आवासीय भवनों को कोई क्षति नहीं हुई और कोई हताहत नहीं हुआ है।

यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की ओर से जारी बयान में हमले का कोई जिक्र नहीं किया गया,इसमें कहा गया कि रूसी बल दोबारा संगठित हो रहे हैं और शहर के उत्तरी सुदूर इलाकों में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय के जारी आंकडों के अनुसार युद्ध की शुरुआत से अब तक 227 नागरिक मारे गए हैं और 525 घायल हुए हैं। वहीं यूक्रेन का कहना है कि इन हमलों में दो हजार से अधिक आम आदमी मारे गए हैं। इन आंकडों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं की जा सकी है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने वीडियो संदेश में देश के नागरिकों से प्रतिरोध जारी रखने का अनुरोध किया है। रूसी सैनिकों को भ्रमित बच्चे करार दिया, जिन्हें इस्तेमाल किया गया है। दुनिया भर के देशों के रूस के खिलाफ एकजुट होने से रूस अलग थलग पड़ता दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक ने एक जांच शुरू की है, जो यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्वाई के दौरान नागरिकों की मौत के बढ़ते मामलों और संपत्ति के व्यापक विनाश के बीच युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों या नरसंहार के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को लक्षित कर सकती है।

यूक्रेनी सेना ने एक बयान में कहा कि रूसी बलों को मारियूपोल पर कब्जा करने का मुख्य लक्ष्य हासिल नहीं हुआ है, वहीं उसने खेरसन में हालात के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पुतिन की सेना ने दावा किया कि उन्होंने खेरसन पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है, इस पर ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वाल्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह संभव हो सकता है, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने इन दावों को खारिज किया है।



लवीव में स्लोवाकिया की ओर जाने वाली ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्रियों में मची मारामारी

## यूक्रेन में 227 नागरिकों की मौत हुई है : संयुक्त राष्ट्र

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय का कहना है कि रूस के हमले के बाद यूक्रेन में 227 नागरिकों की मौत हुई है और 525 अन्य लोग घायल हुए हैं। रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन में सैन्य कार्वाई शुरू की थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय के अनुसार, ए आकंड़े 2014 में रूसी समर्थक अलगाववादियों और यूक्रेन के बलों के बीच पूर्वी यूक्रेन में हुए संघर्ष में हताहत हुए नागरिकों की संख्या से अधिक है। उस समय 136 लोग मारे गए थे, 577 लोग घायल हुए थे। मानवाधिकार कार्यालय का कहना है कि हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। यूक्रेन के अधिकारियों ने हताहत लोगों की संख्या इससे कहीं अधिक बताई है। मानवाधिकार कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, वास्तविक आंकड़े काफी अधिक हो सकते हैं..खासकर सरकार-नियंत्रित क्षेत्र में संख्या और भी अधिक हो सकती है।

## चीन ने ओलंपिक तक रूस से आक्रमण नहीं करने के लिए कहने से इनकार किया

**बीजिंग।** चीन ने बृहस्पतिवार को उस खबर को खारिज किया जिसमें कहा गया है कि उसने शीतकालीन ओलंपिक समाप्त होने तक यूक्रेन पर आक्रमण नहीं करने के लिए रूस को कहा था। चीन ने मुद्दों से ध्यान हटाने और संघर्ष के लिए उस पर दोष लगाने के प्रयास में इसे फर्जी खबर और बहुत ही निंदनीय कदम बताया। वांग ने संवाददाताओं से कहा, हमें उम्मीद है कि इस संकट के लिए दोषी लोग यूक्रेन संकट में अपनी भूमिका पर विचार करेंगे, अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे और समस्या को हल करने के लिए व्यावहारिक कार्वाई करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स की यह खबर पूरी तरह से फर्जी है, और मुद्दों से ध्यान हटाने तथा दूसरों पर दोष लगाने का एक निंदनीय प्रयास है।

द टाइम्स ने अपनी खबर में अधिकारियों द्वारा विश्वसनीय मानी जाने वाली पश्चिमी खुफिया रिपोर्ट का हवाला दिया है। खबर में कहा गया है, वरिष्ठ चीनी अधिकारियों को पिछले सप्ताह आक्रमण शुरू होने से पहले रूस की युद्ध योजनाओं या इरादों के बारे में कुछ स्तर पर जानकारी थी। ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चार फरवरी को बीजिंग में अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग से मुलाकात की थी।

खबर में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि आक्रमण के बारे में चिनफिंग और पुतिन के बीच बातचीत हुई थी या नहीं लेकिन खुफिया रिपोर्ट से ऐसे संकेत मिलते है कि वरिष्ठ चीनी अधिकारियों को पिछले सप्ताह हमला शुरू होने से पहले रूस की युद्ध योजनाओं या इरादों के बारे में कुछ स्तर पर जानकारी थी। चीन ही एकमात्र ऐसा प्रमुख देश है जिसने यूक्रेन पर रूस के हमले की आलोचना नहीं की है और रूस पर वित्तीय प्रतिबंध लगाने में अमेरिका और यूरोपीय सरकारों में शामिल होने से भी इनकार किया है। चीन ने रूस की इस दलील का समर्थन किया है कि नाटो के पूर्वी विस्तार से मास्को की सुरक्षा को खतरा था।

## आलोचनात्मक खबरें चलाने के चलते रेडियो स्टेशन एखो मॉस्किवी को रूस ने किया बंद

**भाषा।** मॉस्को

**रूस के** प्रमुख मीडिया संस्थानों में शामिल उदार रुख वाले रेडियो स्टेशन एखो मॉस्किवी को यूक्रेन पर सैन्य कार्वाई के संबंध में आलोचनात्मक खबरें प्रसारित करने के चलते बंद कर दिया गया है। रेडियो स्टेशन के प्रमुख ने यह जानकारी दी। रेडियो स्टेशन के प्रधान संपादक और देश के जाने-माने पत्रकार एलेक्से वेनेडिक्टोव ने टेलीग्राम पर लिखा, उच्च पदस्थ लोगों ने उन्हें पहले ही संकेत दिया था कि इस तरह के कदम पर विचार किया जा रहा है। वेनेडिक्टोव ने बताया कि एखो मॉस्किवी के निदेशक मंडल ने अपने रेडियो चैनल और वेबसाइट को बहुमत से बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने समाचार एंजेसी तास को बताया कि शाम तक उनकी रेडियो स्टेशन के पत्रकारों के साथ बैठक करने की योजना है। रूस के अभियोजक जनरल के कार्यालय ने पहले ही मांग की थी कि यूक्रेन पर रूसी कार्वाई से जुड़ी खबरें चलाने के लिए रेडियो स्टेशन एखो मॉस्किवी और टीवी चैलन दोज्द पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

तास की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है, एखो मॉस्किवी तक पहुंच बाधित करने की रूसी अभियोजक जनरल कार्यालय की सिफारिश पर विचार करने के बाद एखो मॉस्किवी संयुक्त स्टॉक कंपनी के निदेशक मंडल ने तीन मार्च को फैसला किया कि उसके रेडियो चैनल सहित अन्य सभी मीडिया आउटलेट को बंद कर दिया जाएगा। इस बीच, अमेरिका के विदेश विभाग ने मीडिया की आजादी पर प्रहार करने और यूक्रेन पर क्रूर आक्रमण की सच्चाई को दबाने के कथित प्रयासों के लिए रूस की आलोचना की है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया संस्थानों पर चरमपंथी गतिविधियों और हिंसा को बढ़ावा देने और यूक्रेन में रूसी बलों के कार्यों के बारे में जानबूझकर गलत जानकारी साझा करने का बेबुनियाद आरोप लगाया गया था।

**PUBLIC NOTICE**

My Client Sh. Ashok Kumar S/o Sh. Mohan Lal R/o RZD-103, Mahavir Vihar, Sector-1, Dwarka, Palam Village, South-West Delhi, Delhi-110045 have severed their relations and debared their son Pawan Kumar and his wife Shobha from all their movable & immovable properties due to their misbehavior and misonduct. My client and their family members shall not be responsible for their any act(s)/deed(s)/transaction(s)/ in future and shall have right over the property and goods.

KISHORE PUROHIT (Advocate)
Chamber No. D-408
Karkardooma Court, Delhi-32 Mob. : 08527163246

**PUBLIC NOTICE**

**Unit No. A-704 was allotted to Mrs. Kavita Gupta & Mr. Sandeep Kumar Aggarwal, Unit No. A-1901 was allotted to Ms. Aparna Srinivasan & Mr. A.V. Srinivasan, Unit No. A-1203 was allotted to Mr. Saurabh Kumar & Mrs Archana Kumar, Unit No. A-1504 was allotted to Mrs. Madhu Agarwal & Mr. Brijesh Agarwal,** in project Blossom County (Logix Infrastructure) Plot No. 02, Sector-137, Noida Expressway, Noida-201301. Pursuant to repeated reminders the allottees has defaulted in making payments and taking possession of the said unit.

This to intimate that in case nothing is heard from the concerned allottees within 2 working days of this public notice, the unit's shall stand cancelled without any right or lien of the allottees and Logix shall be free to deal with the said unit's.

**For Logix Infrastructure Pvt. Ltd.**
**Authorized Signatory**
**Contact No. 8595791125**

## चीन ने रूस, यूक्रेन से परमाणु केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**बीजिंग।** चीन ने यूक्रेन में रूस का सैन्य हमला तेज होने के बीच संभावित पर्यावरणीय आपदा को लेकर डर पैदा होने पर दोनों देशों से यूक्रेन के परमाणु केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। विएना में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के शीर्ष अधिकारियों की आपात बैठक को संबोधित करते हुए चीन के राजदूत वांग कुन ने कहा कि चीन उम्मीद करता है कि संबंधित पक्ष मानव निर्मित परमाणु सुरक्षा की घटनाओं से बचने के लिए सावधानीपूर्वक काम करेंगे। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने संयुक्त राष्ट्र में चीन के एक बयान के हवाले से बताया कि वांग ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासकीय मंडल से कहा, चीन यूक्रेन में परमाणु केंद्रों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। रूस या यूक्रेन का नाम लिए बगैर वांग ने दोनों देशों से परमाणु केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। आईएईए को उसके जनादेश के अनुसार यूक्रेन में सुरक्षा स्थिति पर विचार करना चाहिए और यूक्रेन में सुरक्षा संरक्षण के मुद्दे पर उचित तरीके से निपटना चाहिए।

यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा का विकास सोवियत काल में 1970 के दशक में राजधानी कीव के समीप चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण के साथ शुरू हुआ। साथ ही चीन ने 2013 में यूक्रेन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत अगर यूक्रेन पर परमाणु हमला होता है तो चीनी सरकार कीव को सुरक्षा मुहैया कराएगी। यह पूछने पर कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन के देश के परमाणु बलों को अत्यधिक चौकन्ना रहने का आदेश देने पर क्या चीन यूक्रेन की सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा, इस पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बृहस्पतिवार को यहां मीडिया सम्मेलन में कहा, देशों द्वारा दिए गए बयानों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव 984 जैसे दस्तावेजों के अनुसार, परमाणु हथियार संपन्न देश यूक्रेन और अन्य गैर-परमाणु हथियार देशों को सुरक्षा का आश्वासन देते हैं।

## मोल्दोवा, जॉर्जिया से यूरोपीय संघ में शामिल होने का आवेदन मिलने की उम्मीद

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस सप्ताह यूक्रेन के ब्लॉक में शामिल होने के औपचारिक आवेदन के मद्देनजर मोल्दोवा और जॉर्जिया से भी प्रवेश के लिए जल्द ही आवेदन मिलने की उम्मीद है।

**ICICI Bank** **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्जदार)/ राम देवी (सह कर्जदार) LBNOD00002116807 | फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच- 24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 60,74,798/- (फरवरी 24, 2022 तक) | रू. 41,80,000/- / रू. 4,18,000/- | मार्च 25, 2022 को दो.02:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | अप्रैल 11, 2022 दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |
| 2. | संजीव चंदेल (कर्जदार)/ पल्लवी चंदेल (सह कर्जदार) LBNOD00002114485 | फ्लैट नंबर ए-2103, दूसरी मंजिल टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 63,09,696/- (फरवरी 24, 2022 तक) | रू. 41,80,000/- / रू. 4,18,000/- | मार्च 25, 2022 को दो.02:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | अप्रैल 11, 2022 दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |
| 3. | सोनू कुमार (कर्जदार), शिव कुमार (गारंटर) LBNOD00002252451 | जी/यूएच-801 8वीं मंजिल, टावर-जी अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेट्टा, एनएच-24 गाजियाबाद, 201001 सुपर एरिया: 585 वर्ग फुट | रू. 18,65,106/- (फरवरी 24, 2022 तक) | रू. 17,10,000/- / रू. 1,71,000/- | मार्च 25, 2022 को दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अप्रैल 11, 2022 दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अप्रैल 08, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अप्रैल 08, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **अप्रैल 08, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : मार्च 04, 2022**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## ब्रिटिश कंपनी ने रूस के सहयोग से प्रस्तावित सभी उपग्रह प्रक्षेपण रद्द किए

**लंदन।** ब्रिटिश उपग्रह कंपनी वनवेब ने कहा है कि उसने कजाकिस्तान स्थित बैकानूर कास्मोड्रोम से होने वाले सभी उपग्रह प्रक्षेपणों को रद्द कर दिया है, जिसका संचालन रूसी अंतरिक्ष बल और रूसी अंतरिक्ष एजेंसी, रास्कोसमॉस द्वारा किया जाता है। कंपनी ने एक-पंक्ति का बयान जारी करके कहा कि वनवेब के बोर्ड ने बैकानूर से सभी प्रक्षेपण को निलंबित करने के लिए मतदान किया है। वनवेब शुक्रवार को रूसी रॉकेट से अपने कुछ इंटरनेट उपग्रहों को प्रक्षेपित करने वाला था। इसके पहले रूस ने ब्रिटिश सरकार से कहा था कि वह वनवेब में अपनी हिस्सेदारी बेचे। इसके बाद से प्रक्षेपण को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं, इस कंपनी में रूस का भी हिस्सा है। रूस कंपनी से यह गारंटी भी चाहता था कि उसके किसी भी उपग्रह का सैन्य उपयोग नहीं होगा। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सहयोग को लेकर उथल-पुथल की स्थिति है।



खारकीव में यूक्रेनियन सीक्रेट सर्विस की इमारत के पास हुए रॉकेट के हमले के बाद तबाही का मंजर

## रूस और यूक्रेन को वार्ता की मेज पर लाना चाहता है इजरायल

**यरुशलम।** यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्वाई शुरू होने के लगभग एक हफ्ते बाद इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने दोनों देशों को युद्ध के मैदान से निकालकर वार्ता की मेज पर लाने के लिए विश्व नेताओं के सहयोग का आह्वान किया है। राजधानी तेल अवीव में आयोजित एक साइबर टेक सम्मेलन में बेनेट ने कहा, यूक्रेन में जमीनी हालात अभी खराब दिख रहे हैं, विश्व नेताओं को समझना होगा कि अगर वे जल्द से जल्द पहल नहीं करेंगे तो स्थिति और भी खराब हो सकती हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की से बात की थी।

# आईसीसी अभियोजक ने युद्ध अपराधों की जांच शुरू की

**एपी।** द हेग

**अंतरराष्ट्रीय** अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक ने एक जांच शुरू की है, जो यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्वाई के दौरान नागरिकों की मौत के बढ़ते मामलों और संपत्ति के व्यापक विनाश के बीच युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों या नरसंहार के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को लक्षित कर सकती है। आईसीसी के अभियोजक करीम खान ने बुधवार देर रात उस समय जांच की घोषणा की, जब अंतरराष्ट्रीय अदालत के दर्जनों सदस्य देशों ने उनसे मामले में कार्वाई करने का आग्रह किया। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा, रूस के बर्बर कृत्यों की तत्काल जांच किए जाने की जरूरत है और इसके जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना उचित है। ब्रिटेन न्याय सुनिश्चित करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेगा।

आईसीसी के न्यायाधीशों को संघर्ष के हर पहलू से जांच शुरू किए जाने के अपने फैसले से अवगत कराने के बाद खान ने कहा, सबूत इकट्ठे करने का हमारा काम अब शुरू हो गया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा ने कहा है कि रूसी आक्रमण के बाद से 2,000 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। हालांकि, यह एक ऐसा दावा है, जिसकी पुष्टि करना असंभव था। यूक्रेन में रूसी बलों द्वारा क्लस्टर बम के इस्तेमाल की खबरें भी सामने आई हैं, जिनसे कथित तौर पर एक प्री-स्कूल और एक अस्पताल को निशाना बनाए जाने का दावा किया जा रहा है।

ट्रस ने कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सैन्य उपकरण नागरिकों को अंधाधुंध निशाना बना रहे हैं और पूरे यूक्रेन में तोड़-फोड़ कर रहे हैं। नागरिक अधिकार समूहों ने बृहस्पतिवार को विभिन्न देशों द्वारा आईसीसी से मामले की जांच का अनुरोध किए जाने का स्वागत किया। ह्यूमन राइट्स वॉच में अंतरराष्ट्रीय न्याय मामलों के अंतरिम निदेशक बल्कीस जर्रा ने कहा, आईसीसी से जांच की अपील यूक्रेन में बढ़ते अत्याचारों और मानवाधिकार संकट को लेकर विभिन्न देशों की बढ़ती चिंताओं को दर्शाती है। उन्होंने कहा, इन देशों की सरकारें स्पष्ट कर रही हैं कि गंभीर अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न्याय सुनिश्चित करने में अंतरराष्ट्रीय अदालत की अहम भूमिका है।

आईसीसी 2013-14 में कीव में रूस समर्थक यूक्रेनी प्रशासन द्वारा यूरोप के पक्ष में होने वाले प्रदर्शनों के हिंसक दमन और क्रीमियाई प्रायद्वीप (जिस पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था) तथा पूर्वी यूक्रेन (जहां मॉस्को 2014 से विद्रोहियों का समर्थन कर रहा है) में युद्ध अपराध के आरोपों की प्रारंभिक जांच कर चुकी है। खान के पूर्ववर्ती अभियोजक फतू बेंसूदा ने तब कहा था कि जांच में आईसीसी को अदालत के अधिकार क्षेत्र में यूक्रेन में बड़े पैमाने पर युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध होने के संकेत मिले हैं। एम्स्टर्डम विवि में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून विषय के सहायक प्रोफेसर मैरीके डी हून ने कहा कि आईसीसी में पुतिन और उनके शीर्ष सैन्य अधिकारियों को युद्ध के नियमों का उल्लंघन करने वाले, हमलों का आदेश देने के आरोपों का सामना करना पड़ सकता है।

## अमेरिकी संसद में एच1बी वीजा प्रणाली में सुधार की मांग वाला विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में एच1बी और एल1 वीजा प्रणाली में समग्र सुधार के लिए द्विदलीय सांसदों के समूह ने एक विधेयक पेश किया है। सांसदों का तर्क है कि इससे अमेरिकी कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी और उन विदेशी आउटसोर्सिंग कंपनियों पर लगाम लगेगी, जो इस वीजा कार्यक्रम का दुरुपयोग करते हुए योग्य अमेरिकियों को उच्च दक्षता वाली नौकरियों से वंचित रखते हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आव्रजन वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष दक्षता वाली नौकरियों में विदेशी कर्मचारियों की नियुक्ति करने का अधिकार देता है। अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हुनरमंद कर्मचारियों की नियुक्ति करने के लिए इस वीजा पर निर्भर हैं। एच1बी वीजा भारतीयों सहित अन्य विदेशी पेशेवरों के बीच सबसे अधिक मांग वाला कार्य वीजा है। वहीं, एल1 वीजा भी एक गैर-आव्रजन वीजा है, जो एल1 स्तर पर कार्य के लिए दिया जाता है।

**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आशीष कुमार, रूपल अरोड़ा, 11/28 ए, एसएफ, तिलक नगर, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBGHZ00004284199 | फ्लैट नंबर 702, 7वां तल, मिस्टी हाइट्स-टावर ए, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-स्पोर्ट्स सिटी निकटस्थ टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा | 04-02-2022 2,82,036/- | 07/06 /2021 |
| 2. | आशीष कुमार, रूपल अरोड़ा, 11/28 ए, एसएफ, तिलक नगर, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00003363986 | फ्लैट नंबर 702, 7वां तल, मिस्टी हाइट्स-टावर ए, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-स्पोर्ट्स सिटी निकटस्थ टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा | 04-02-2022 1,38,628/- | 07/06 /2021 |
| 3. | अरूंधती कार, डा. तांगी राजदेव पात्रो, मकान नंबर डी 70, फिंचले लेन, रोजवुड सिटी सेक्टर-49-50, इस्लामपुर, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00002404536 | फ्लैट नंबर 297, पाकेट बी, अनंत राज एस्टेट, ग्राम कादापुर मैदावास एवं उल्लाहवासस, सेक्टर-63 ए, गुरूग्राम | 02-02-2022 रू.36,40,935/- | 04/11 /2021 |
| 4. | अरूण कुमार, ऋचा शर्मा, फ्लैट नंबर 98, पीपल अपार्टमेंट्स, सेक्टर-17, पाकेट ई, द्वारका, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002064061 | फ्लैट नंबर सी-जीएफ-12 ए, भू तल, टावर सी, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 9, सेक्टर-75, नोएडा | 02-02-2022 48,77,356/- | 09/11 /2021 |
| 5. | अंकुर वर्मा, गरिमा वर्मा, 482/2, जागृति विहार, 250004, मेरठ, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00005306294 | फ्लैट नंबर एफडब्ल्यू-सी-602, छठा तल, ब्रीज होम्स फेज-1, टावर सी, खसरा नंबर 606, 607, 615, तिजारा भिवाड़ी | 02-02-2022 29,27,073/- | 04/10 /2021 |
| 6. | अंजू, प्रवीण कुमार, डब्ल्यूजैड 350, द्वितीय तल, एफ 97, गली नंबर 2 ए, दिल्ली-110058 खाता नंबर :- LBDEL00005328594 | फ्लैट नंबर 0505, ब्लॉक टावर 7, 5वां तल, रॉयल कोर्ट नीमराणा, ग्राम पेपली, तहसील बहरोड़, जिला अलवर, राजस्थान | 02-02-2022 12,74,998/- | 27/10 /2021 |
| 7. | अनिल सिंह, सुधा अनिल सिंह, फ्लैट नंबर 1003, अल स्माफियो बिल्डिंग, जमाल अब, शारजाह, शारजाह, पीओ बॉक्स नंबर 5017, खाता नंबर :- LBDEL00001462326 | फ्लैट नंबर आईसीडी 011, प्रथम तल, मय पार्किंग पीबीडी 103 एवं पीबीडी 104, राजस्व सम्पदा वजीराबाद | 02-02-2022 54,07,467.43/- | 30/11 /2018 |
| 8. | अनिल कुमार, राज कुमार, ममता रानी, 93/14, सनोली रोड, पुरानी सब्जी मंडी के पीछे, पानीपत खाता नंबर :- LBPNP00004897507 | दुकान नंबर 304, वार्ड नंबर 7, निकट बस्ती राम मंदिर वाली गली, पानीपत | 04-02-2022 13,78,641/- | 06/04 /2021 |
| 9. | अनिल कुमार, राज कुमार, ममता रानी, 93/14, सनोली रोड, पुरानी सब्जी मंडी के पीछे, पानीपत खाता नंबर :- LBDEL00005333528 | दुकान नंबर 304, वार्ड नंबर 7, निकट बस्ती राम मंदिर वाली गली, पानीपत | 04-02-2022 4,88,288/- | 06/04 /2021 |
| 10 | अमित कुमार मिश्रा, स्मिता, फ्लैट नंबर 1867, आई-ब्लॉक, 11वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-03, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, खाता नंबर :- LBDEL00005384880 | फ्लैट नंबर 1867, आई ब्लॉक, 11वां एवेन्यू (गौड़ सिटी-2), प्लॉट नंबर जीएच-03, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा | 13-01-2022 30,87,121/- | 05/07 /2021 |
| 11 | अजय कुमार, अंजू देवी, सी/ओ रूम नंबर 13 बरोला, निकट शिव मंदिर, बरोला, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00002115364 | फ्लैट नंबर बी 6-1404, 14वां तल, टावर बी 6, प्लॉट नंबर जीएच-2 बी, सेक्टर-01, रूद्र पैलेस हाइट्स, नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 02-02-2022 13,45,602/- | 09/11 /2021 |
| 12 | अभिलाषा शर्मा, धीरज कुमार मिश्रा, ए-140, भू तल, सेक्टर-22, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00002267651 | फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वां तल, ब्लॉक एफ, अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद | 02-02-2022 21,06,755/- | 09/10 /2021 |
| 13 | अभिलाषा मिश्रा, धीरज कुमार मिश्रा, फ्लैट नंबर 944 एफ-ब्लॉक, 9वां तल, 5वां एवेन्यू, गौड़ सिटी-1, नोएडा, खाता नंबर :- LBNOD00004906530 | फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वां तल, ब्लॉक एफ, आदित्य अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद | 02-02-2022 1,52,186/- | 09/10 /2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 04 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# घर का लंबा रास्ता



**शबाना कौसर ने दर्ज किया कि कैसे पुंछ के मेंढर इलाके में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत घर उपलब्ध कराने में देरी लोगों को प्रभावित कर रही है**

2019 में, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मनकोट तहसील की निवासी उल्फत बी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के लिए आवेदन किया था। पहले इस योजना को इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) के रूप में जाना जाता था, फिर इसे ''2022 तक सभी के लिए आवास'' के उद्देश्य से 2016-2017 से प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के रूप में संशोधित किया गया था। गांव के एक स्थानीय मोहम्मद शकील ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने में उनकी मदद की, लेकिन तीन साल बीत गए, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वर्तमान में 60 साल की उल्फत अभी भी अपने घर का इंतजार कर रही हैं।

उल्फत ने कहा, ''हमारी शादी के कुछ महीने बाद मेरे पति ने मुझे छोड़ दिया। इस बात को करीब 35 साल हो चुके हैं। मैंने पुनर्विवाह नहीं किया। मैंने अपनी मां से मेरे साथ रहने का अनुरोध किया। कुछ समय बाद मेरी मां का भी देहांत हो गया। मेरा घर, मेरा एकमात्र आश्रय, 2014 की बाढ़ के दौरान ढह गया, जिससे मैं बेघर हो गयीा। मैं अपने भाइयों के साथ अपनी मां के घर पर रही हूं।''

संबंधित अधिकारियों से निपटने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, उल्फत ने बताया कि प्रक्रिया में देरी के बारे में उन्होंने कई बार उनसे बात करने की कोशिश की है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा, ''जब भी मैं किसी से फाइल के बारे में बात करती हूं, तो वे कमीशन की मांग करते हैं। मुझे विधवा पेंशन के रूप में केवल 1,000 मिलते हैं जिसका उपयोग मैं किराने का सामान और अपनी दवाओं के लिए करती हूं। मैं उनकी मांगों को कैसे पूरा करने वाली हूं?''

मनकोट के खंड विकास अधिकारी मुश्ताक शाह ने कहा, ''उल्फत की फाइल उन कई फाइलों में से थी, जो तकनीकी समस्या के कारण आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाई थीं। जब हमने पीएमएवाई लाभार्थी सूची में शामिल करने के लिए गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के तहत लोगों की पहचान करने के लिए पुन: सर्वेक्षण किया, तो उल्फत बी का नाम उसमें नहीं था। मैं उनका नाम जल्द से जल्द सूची में लाने की कोशिश करूंगा।''

वहीं, कोविड-19 ने उल्फत की जिंदगी को और भी मुश्किल बना दिया है। अपनी दवा लेने या अपनी फाइल की प्रगति के बारे में पूछताछ करने के लिए पड़ोसियों से मिलने वाली मदद भी लॉकडाउन के कारण बंद हो गई।

यही स्थिति तहसील में रहने वाले एक अन्य निवासी अब्दुल मजीद की भी है। कई प्रयासों के बावजूद, उन्हें पीएमएवाई का लाभ नहीं मिला, और उनका घर जर्जर अवस्था में है और कभी भी गिर सकता है!

अब्दुल मजीद बताते हैं, ''मैं पुंछ के डिप्टी कमिश्नर इंदर जीत से मिला, और उन्हें इस प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। उन्होंने अपनी मदद का आश्वासन दिया और आखिरकार, मेरी फाइल अपलोड कर दी गई। लेकिन अब इसे फिर से हटा दिया गया है। गांव के सरपंच इस्माइल के मुताबिक एक गलती हुई जिसके चलते फाइल दोबारा डिलीट कर दी गई. मुझे अब फिर से फाइल दर्ज करानी होगी।'' इसी तरह, उसी गांव की 50 वर्षीय महिला सघिरा बी इस तकनीकी प्रक्रिया से थक कर निराश हो गई है। उन्होंने व्यक्त किया, ''बड़ी मुश्किल से, मैं किसी तरह योजना के लिए आवेदन करने में सफल हुई। हालांकि, मुझे हाल ही में पता चला कि मेरी फाइल तकनीकी कारणों से हटा दी गई थी। मैंने सारी उम्मीद खो दी है क्योंकि मुझे यकीन नहीं है कि मैं इस उम्र में पूरी प्रक्रिया से गुजरने के लिए दुबारा उतना ही समय लगा पाऊंगी। ''

एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत जम्मू-कश्मीर में 1.40 लाख घरों के लिए मिशन का लक्ष्य रखा गया था। 1.40 लाख घरों में से 1.39 लाभार्थी आवास सॉफ्ट पर पंजीकृत हैं। इसके अलावा, 1.36 लाख से अधिक घरों को सत्यापित खातों के साथ स्वीकृत किया गया है। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस योजना ने कई लोगों के जीवन को कैसे लाभान्वित किया है, मगर यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि इस योजना के लिए आवेदन करने वाले सभी लोगों को इसका लाभ प्रदान किया जाए।

उल्फत जैसे बेबस और बुजुर्ग लोगों के सरकारी योजनाओं में निवेश के प्रयास, समय व आशा को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ये वही लोग हैं जिनके लिए हमारे नीति निर्माता इन योजनाओं को डिजाइन करते हैं। विशेष रूप से उल्फत जैसे बुजुर्ग लोगों के लिए ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन को धरातल पर आसान बनाया जाना चाहिए। उनका जीवन इन्हीं फाइलों पर निर्भर करता है, जिन्हें बेतरतीब ढंग से हैंडल किया जाता है। संबंधित विभागों को सभी आवश्यक प्रक्रियाओं की पूर्ति सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों के लिए प्रक्रिया को सुचारू बनाने हेतु प्रक्रियाओं का संचालन करना चाहिए। ताकि, कोविड-19 जैसे समय के दौरान, वे बिना किसी मदद के फंसे न रहें।

-(लेखक जम्मू-कश्मीर के पुंछ के ग्रामीण लेखक हैं।)

- चरखा फीचर्स







# परिवर्तन के वाहक

**विनती भार्गव मित्तल का कहना है कि यूथ4 चिल्ड्रेन, मध्य प्रदेश में एक पहल, ने युवाओं व वयस्कों के जीवन को बदल दिया है**

युवा, ऊर्जावान, नवोन्मेषी - ये बच्चे और युवा - ग्रामीण भारत में परिवर्तन के वाहक हैं। वे एक नए जीवंत देश का चेहरा हैं। वे सपने देखने से डरते नहीं हैं या उन सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और वे वो आवश्यक बदलाव लाते हैं जो उन्हें लगता है कि समाज को चाहिए।

रिया सोनी, रितेश चौहान और दिविशा परवार उस परिवर्तन के प्रतीकों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसकी ग्रामीण भारत को बहुत जरूरत है। वे सभी यूथ4 चिल्ड्रेन का हिस्सा हैं, जो यूनिसेफऔर एक स्थानीय एनजीओ वसुधा विकास संस्थान द्वारा धार और झाबुआ में बाल अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए की गयी एक मुहीम है।





साल 2016 में मंडल टोली के रूप में मुहिम की शुरुआत हुई। मांडल एक ढोलक है, जो मध्य प्रदेश के इस बेल्ट में लोकप्रिय एक स्थानीय आदिवासी संगीत वाद्ययंत्र है। इन बच्चों ने बाल अधिकारों और अन्य स्थानीय मुद्दों पर काम किया और ढोलक, नुक्कड़ नाटक व अन्य रचनात्मक तरीकों से समुदाय के सदस्यों के बीच जागरूकता फैलाने की कोशिश की। जैसे-जैसे बच्चे युवा होते गए और परियोजना से जुड़े रहे, तो इसका नाम यूथ4चिल्ड्रेन रखा गया।

झाबुआ के मेघनगर प्रखंड के नौगोंग गांव की 16 वर्षीय रिया सोनी बेहद सक्रिय सदस्य हैं. उसने 2020 में महामारी कोविड 19 की पहली लहर के दौरान एक बिना लागत का स्वदेशी हैंडवाशिंग स्टेशन तैयार किया। ''जब मैं इसे बना रही थी तो लोग मुझ पर हँसे थे।'' वह याद करती है कि उसने सोशल मीडिया पर सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक पैर से चलने वाले हैंडवाशिंग स्टेशन को देखा था। डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाली सोनी ने कोविड-19 वायरस से निपटने के लिए नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने के महत्व को समझा। उसने महसूस किया कि एक हैंडवाशिंग स्टेशन, जैसा उसने सोशल मीडिया पर देखा था, ग्रामीणों के लिए बहुत महंगा होगा। इसलिए, उन्होंने स्वदेशी हैंडवाशिंग स्टेशन बनाने के लिए लकड़ी की छड़ें, इस्तेमाल की हुई बोतलें, तार और पत्थर/ईंट जैसी वस्तुओं का इस्तेमाल किया, जो किसी भी घर में आसानी से उपलब्ध थीं।



उनके द्वारा बनाए गए इनोवेटिव हैंडवाशिंग स्टेशन में, जैसे ही कोई लकड़ी के पैनल पर पैर रखता है और तार खींचता है, तरल साबुन की बोतलें और तारों से लटका पानी पलट जाता है और तरल बह जाता है। टच-फ्री स्टेशन महामारी के दौरान उपयोग करने के लिए सुरक्षित साबित हुआ। वसुधा की निदेशक डॉ गायत्री परिहार मेवाडे कहती हैं, ''इस स्थानीय हैंडवाशिंग स्टेशन में हैंडवाश को छोड़कर कोई लागत नहीं है। पानी में साबुन मिलाकर घोल बनाया जा सकता है।''



इंटीग्रेटेड हायर सेकेंडरी स्कूल नौगावां की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा सोनी ने जब मंडल टोली (यूनिसेफ) के व्हाट्सएप ग्रुप पर अपने हैंडवाशिंग स्टेशन का वीडियो डाला, तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका सरल नवाचार बहुत लोकप्रिय हुआ और दुनिया भर में लाखों लोगों द्वारा देखा गया। न केवल उनके गांव के बल्कि आसपास के लोगों ने भी मॉडल को दोहराया। ऐसे लगभग 250 हैंडवाशिंग स्टेशन स्थानीय स्कूलों, सामुदायिक स्थानों, पंचायत व आसपास के गांवों में स्थापित किए गए थे। गांवों में प्रवेश करने वाले लोगों को पहले अपने हाथों को सेनेटाइज करना पड़ता था।

कई राष्ट्रीय चैनलों ने रिया के जुगाड़ हैंडवाशिंग स्टेशन को प्रसारित किया। सोनी कहती हैं, ''अब, लोग मुझे पहचानते हैं। जो लोग मुझ पर हंसते थे, उन्होंने हंसना बंद कर दिया और मुझे बधाई दी। ''सोनी के पिता एक उर्वरक कारखाने में काम करने वाले मजदूर हैं। तथ्य यह कि, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें ट्विटर पर बधाई दी और यूनिसेफ के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर ने उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की। सोनी याद करते हुए बताती हैं, ''उन्होंने मुझसे पूछा कि मुझे यह विचार कैसे आया।''

सोनी का जलवा यहीं नहीं रुकता। मासिक-धर्म स्वच्छता को लेकर बाल अधिकारों की पैरोकार सोनी ने अपने छोटे से तरीके से ग्रामीणों को बाल विवाह की कमियों से अवगत कराने का प्रयास किया है। महामारी के दौरान और बाद में, उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों के साथ, कोविड 19 वैक्सीन से जुड़ी अफवाहों को दूर करने की कोशिश की, जबकि ग्रामीणों को इसके महत्व और कोविड प्रोटोकॉल को बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में शिक्षित किया। सोनी कहती हैं, ''पहले, लोग टीकाकरण नहीं करवाना चाहते थे। पुरुषों को लगता था कि वे नपुंसक हो जाएंगे, और महिलाओं को यह आभास था कि वे जैब लेने के बाद गर्भ धारण नहीं कर पाएंगी।''

लॉकडाउन के दौरान, यूथ4चिल्ड्रेन के सदस्यों ने ग्रामीणों को कोविड 19 प्रोटोकॉल और नौकरी प्राप्त करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने के लिए मोबाइल फोन का उपयोग किया। लॉकडाउन हटने के बाद टीम ने घरों का दौरा किया। सोनी का दावा है कि आज नौगोंग की 100 प्रतिशत पात्र आबादी को पहली खुराक मिल गई है और दूसरी खुराक के प्रति प्रतिक्रिया भी जबरदस्त रही है।

समूह के एक अन्य सदस्य, धार के रितेश चौहान ने , अन्य यूथ4 चिल्ड्रेन स्वयंसेवकों के साथ, महामारी की दूसरी लहर के दौरान गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं का पता लगाया। उन्होंने उनके ऑक्सीजन के स्तर और शरीर के तापमान की भी जांच की। धार मध्य प्रदेश का पहला जिला बन गया जिसने 15-18 आयु वर्ग में 100 प्रतिशत कोविड 19 टीकाकरण किया।

चौहान और अन्य यूथ4 चिल्ड्रेन स्वयंसेवकों ने वरिष्ठ कक्षाओं में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के लिए सेकेंड हैंड स्मार्ट मोबाइल फोन की व्यवस्था की ताकि वे ऑनलाइन स्कूल में भाग ले सकें। प्रत्येक मोबाइल की कीमत 5,000 है। महामारी के बाद, आस-पास के गांवों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं स्कूल छोड़ चुके थे और बच्चों ने मजदूरी करना आरंभ कर दिया था। गोपालपुरा की शीला डामोर ने अभिभावकों को अपने बच्चों को वापस स्कूल भेजने के लिए मनाने का प्रयास किया।

धार की दिविशा परवार कहती हैं, ''तालाबंदी के दौरान ग्रामीण चौपाल पर बैठे पाए जाएंगे। और बच्चे बाहर खेल रहे होंगे। वे मास्क नहीं पहनेंगे।'' उन्होंने न केवल उन्हें मास्क वितरित किए तथा उन्हें कोविड 19 को दूर करने के लिए मास्क पहनने के महत्व से अवगत कराया, बल्कि ऑनलाइन शिक्षा के दौरान बच्चों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ा था, उनका पता लगाने में काफी समय बिताया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न शैक्षिक साइटों का उपयोग करना सिखाया। सोनी और अन्य की सराहना करते हुए, यूनिसेफ मध्य प्रदेश के तत्कालीन प्रमुख माइकल जुमा ने कहा था, ''धीरे धीरे, झाबुआ में किशोर बाल अधिकारों को आगे बढ़ाने में सक्रिय रहे हैं। हमें उनके अनुभवों का लाभ उठाने के लिए संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण और स्वच्छता प्रबंधन प्रथाओं की निरंतर वकालत करने की आवश्यकता हो सकती है ताकि जिले में और सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए कोविड 19 प्रतिक्रिया के लिए स्वच्छता प्रबंधन प्रथाओं को बनाए रखा जा सके।''

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# ईश्वर का ज्ञान और आशीर्वाद

**राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी** का कहना है कि इन दिनों अधर्मी लोगों के समृद्ध होने के बावजूद, क्यों अच्छा काम करना जारी रखना चाहिए

यह समय का संकेत है कि लोग इन दिनों आध्यात्मिक मामलों में गहरी रुचि ले रहे हैं। वे आत्मा, भगवान, कर्म और मूल्यों के बारे में सवाल पूछ रहे हैं। दुनिया में दुख और नैतिक पतन को देखकर वे अक्सर आश्चर्य करते हैं कि हाल के दिनों में आध्यात्मिक जागरूकता में वृद्धि के बावजूद हमारे और हमारे आसपास इतनी नकारात्मकता क्यों है। बहुत से लोग कहते हैं कि आजकल अधर्मी लोग फलते-फूलते हैं, तो कर्म के नियम के अनुसार भला क्यों करना चाहिए? हम सभी जानते हैं कि अच्छाई से अच्छा होता है और बुरा हमेशा बुरा होता है और कर्म का नियम अचूक है। हालांकि, दुनिया में



नकारात्मक शक्तियों के प्रभुत्व के कारण, सकारात्मकता का प्रभाव धुंधला जाता है, लेकिन जैसे सूर्य बादलों के घने घूंघट के पीछे चमकता रहता है और बादलों के गुजरने पर बाहर आता है, वैसे भी अच्छे कर्मों का कभी भी प्रतिफल नहीं हो सकता है, भले ही इसमें कुछ समय लग सकता है।

ऐसा कहा जाता है कि जब बुराई चरम पर पहुंच जाती है तो उसका अंत हो जाता है और एक नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त होता है। ऊपर से एक और सामान्य प्रश्न यह है कि अच्छे लोग कैंसर जैसी दर्दनाक और घातक बीमारियों से क्यों पीड़ित होते हैं? वैसे, हमें यह समझना चाहिए कि हम कलियुग के अंत में जी रहे हैं, जब सभी आत्माओं के पुराने कर्म खाते शुद्ध होने, मुक्त होने और नई दुनिया में पूर्ण सुख का आनंद लेने से पहले निपटाए जा रहे हैं। इसलिए, हम अभी संक्रमण के दौर में हैं जब नई दुनिया की स्थापना हो रही है लेकिन बहुत पीड़ा भी दिखाई दे रही है क्योंकि पुरानी दुनिया अपने अंत की ओर बढ़ रही है। अच्छे लोग भी अपना पुराना हिसाब चुकता कर रहे हैं लेकिन उन्हें इतना दर्द नहीं होता क्योंकि उनके पास अच्छे कर्मों से अर्जित आशीर्वाद के साथ-साथ भगवान की सुरक्षा भी होती है।

एक ऐसी दुनिया में, जो हिंसा, अपराध, भय और असुरक्षा से भरी है, सावधानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बल और हिंसक साधनों का उपयोग सबसे अच्छे तरीके के रूप में देखा जाता है। लेकिन लोग पूछते हैं कि क्या न्याय पाने के लिए या किसी अच्छे कारण में सफल होने के लिए, हिंसा का इस्तेमाल करना सही है? हम सभी जानते हैं कि हिंसा से और अधिक हिंसा होती है। आतंकवाद का बढ़ना इस बात का सबूत है कि हथियारों से आतंकवाद पर काबू नहीं पाया जा सकता।

यह कर्म का सिद्धांत है कि यदि हम किसी भी उद्देश्य के लिए घृणा या हिंसा का उपयोग करते हैं, तो यह किसी न किसी रूप में हमारे जीवन में प्रतिक्षेप और प्रतिबिम्बित होगा। एक अच्छा साध्य तभी अच्छा होता है जब उसे अच्छे साधनों और महान मूल्यों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। व्यावहारिक रूप से यह असंभव लग सकता है। लेकिन जैसा कि हमने पहले कहा, जितना हो सके किसी भी समस्या के मूल कारण को खोजने का प्रयास करना चाहिए और करुणा, क्षमा, बुद्धि और धैर्य के साथ इसे हल करने का प्रयास करना चाहिए। इसलिए, हिंसा पर जीत हासिल करने के लिए हमें शांति, सहिष्णुता, सम्मान व करुणा को अपना मजबूत हथियार बनाने की जरूरत है। इसमें समय और मेहनत लगती है लेकिन हमें इस तथ्य को नहीं भूलना चाहिए कि कठोर पत्थर भी कुछ समय उपरांत कोमल धारा से कट जाते हैं।

इस सारी अराजकता और भ्रम के बीच लोग अक्सर आश्चर्य करते हैं कि अगर भगवान ऊपर है, तो वह चीजों को ठीक करने के लिए क्या कर रहा है? कुछ भक्त जन भगवान को एक दिव्य, दुर्जेय व्यक्ति के रूप में देखते हैं जिसका काम मनुष्यों को उनके कुकर्मों के लिए दंडित करना है और इसलिए हम बहुत अधिक पीड़ा देख रहे हैं। लेकिन क्या हमें परमेश्वर से डरना चाहिए या उससे प्रेम करना चाहिए? भगवान से क्यों डरें? वह सत्य है और वह प्रेम है। उससे प्रेम करना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, क्योंकि आत्मा के रूप में हम उसकी सन्तान हैं। वह दयालु और परोपकारी है। वह कभी भी अपने बच्चों के लिए दुख की कामना नहीं करेगा, लेकिन हम सभी आज पीड़ित हैं क्योंकि हम उससे प्यार नहीं करते हैं, हम उसके साथ अपने शाश्वत संबंध का सम्मान नहीं करते हैं और हम अपने सभी दुखों के लिए कृतघ्न रूप से भगवान को दोष देते रहे हैं। फिर भी वह हमें बिना शर्त प्यार करता है और खुद को शुद्ध करने और सभी दुखों से खुद को मुक्त करने के लिए प्यार से हमारा मार्गदर्शन करता है। लेकिन, जब हम कहते हैं कि भगवान निराकार हैं, बिना किसी शारीरिक रूप के, तो हम शिवरात्रि जैसे त्योहार को उनके जन्मदिन के रूप में क्यों मनाते हैं?

शिवरात्रि का अर्थ है शिव की रात जो कलियुग में आध्यात्मिक अज्ञान के अंधकार का प्रतीक है। शिव निराकार सर्वोच्च आत्मा हैं जो सभी आत्माओं के पिता हैं। वह आत्मा, ईश्वर और सृष्टि के बारे में सत्य बताता है और मनुष्यों को अपने दिल-दिमाग को अपने साथ जोड़कर और सद्कर्म करके खुद को शुद्ध करने के लिए प्रेरित करता है। वह न तो रहता है, न खाता है, न ही कामुक अनुभवों में लिप्त होता है जैसा कि मानव आत्माएं करती हैं। वही है जो कर्मों और उनके फल के बंधन में कभी नहीं आता है।

सर्वोच्च आत्मा को सभी धर्मों में शिव, ईश्वर, अल्लाह, यहोवा, ईश्वर और कई अन्य नामों से याद किया जाता है। उनकी प्रशंसा परमशक्ति, सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ के रूप में की जाती है जो मनुष्य को पाप और पीड़ा के चक्र से मुक्त कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि मनुष्य अब भगवान का ज्ञान व आशीर्वाद महसूस कर सकता है, जो पहले कभी नहीं हुआ क्योंकि कलियुग से सतयुग में दुनिया के परिवर्तन की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने का समय आ गया है। तो आप किसका इंतजार कर रहे हैं? आइए उसके साथ जुड़ें और पुरानी दुनिया के नए में महान परिवर्तन का हिस्सा बनें।

# टेस्ट को यादगार बनाने उतरेंगे विराट-रोहित



अभ्यास सत्र के दौरान नेट प्रैक्टिस करते रिषभ पंत

## ● कोहली के 100वें टेस्ट से नए दौर में प्रवेश करेगी टीम इंडिया

**भाषा।** मोहाली

**क्रिकेट के** पारंपरिक स्वरूप को हमेशा प्राथमिकता देने वाले विराट कोहली जहां अपने 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेंगे वहीं रोहित शर्मा श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बड़ी जीत के साथ भारत के 35वें टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी पारी का धमाकेदार आगाज करना चाहेंगे। भारत ने 1932 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के बाद कई नायक और महानायक पैदा किए हैं जिनकी विशिष्ट उपलब्धियां किवदंती बन गई, फिर चाहे वह सुनील गावस्कर का 10,000वां रन हो या सचिन तेंदुलकर की भावनात्मक विदाई। अब कोहली पर सभी की निगाह हैं जिनका 100वां टेस्ट चर्चा का विषय बना हुआ है। कोहली अपने इस 100वें टेस्ट मैच में शतक का इंतजार खत्म करके इसे यादगार बनाने की कोशिश करेंगे। वह पिछले दो साल से भी अधिक समय से तिहरे अंक में नहीं पहुंचे हैं। सुरंगा लखमल, लाहिरू कुमारा या लेसिथ एम्बुलडेनिया जैसे गेंदबाजों की मौजूदगी वाले श्रीलंकाई आक्रमण को खेलने में कोहली को किसी तरह की परेशानी होगी, ऐसा नहीं लगता। वह निश्चित तौर पर अपने कवर ड्राइव, ऑन ड्राइव, फ्लिक और पुल से अपने प्रशंसकों को रोमांचित करना चाहेंगे। इस टेस्ट मैच से रोहित की अगुवाई में भारतीय टीम की नई यात्रा भी शुरू होगी। रोहित की सीमित ओवरों की क्रिकेट विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता से सभी वाकिफ हैं जहां वह महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज को चुनौती देते रहे हैं। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी करना पूरी तरह से भिन्न होता है। रोहित अभी 34 साल के हैं और यह तय है कि वह लंबे समय तक यह जिम्मा नहीं संभालेंगे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह भारतीय क्रिकेट में परिवर्तन के इस दौर को कैसे संभालते हैं जिसकी शुरुआत पुजारा, रहाणे और इशांत जैसे दिग्गजों को बाहर करने से हुई है। रोहित के कप्तानी कौशल पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी क्योंकि टेस्ट मैचों में एक सत्र में मैच का परिदृश्य बदल जाता है। इस तरह की परिस्थितियों में उनके नेतृत्व कौशल की असली परीक्षा होगी। इसमें भी उनकी सबसे पहली परख टीम संयोजन को लेकर होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि पुजारा और रहाणे जैसे बल्लेबाजों की अनुपस्थिति में वह किस तरह के संयोजन के साथ उतरते हैं।

## मेरा जीवन उदाहरण है कि कुछ भी संभव है, सोचा नहीं था कि सौ टेस्ट खेलूंगा : कोहली



**मोहाली।** भारत के लिए पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेलने उतरने पर विराट कोहली ने कभी सोचा भी नही था कि वह सौ टेस्ट खेलेंगे और अपने कैरियर के इस ऐतिहासिक मैच की तैयारी मे जुटे पूर्व कप्तान ने कहा कि उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि कुछ भी संभव है। उन्होने कहा कि उन्होंने अपना सब कुछ इस खेल को दिया और अभी भी हर मैच से पहले उन्हें बेचैनी होती है। श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाला टेस्ट कोहली के कैरियर का सौवां टेस्ट होगा। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण किया था जिसमे उन्होने चार और 15 रन बनाए थे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इसके बाद रनो का अंबार लगाने मे कोताही नही बरती और अभी तक उनके नाम पर सबसे लंबे प्रारूप मे 50.39 की औसत से 7962 रन दर्ज है। कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी वीडियो मे कहा, जीवन के बारे मे कोई कयास नही लगाया जा सकता। आप कभी सोच भी नही सकते कि भविष्य मे कितने अद्भुत पल आपके जीवन मे आने है। आपको नही पता होता कि भविष्य मे क्या होना है। इसलिए अच्छा यह है कि घबराना नही है और उसे लेकर हतोत्साहित नही होना है। मेरा पूरा जीवन और कैरियर इस बात का उदाहरण है कि कुछ भी हो सकता है। ईमानदारी से कहूं तो मैने कभी नही सोचा था कि मै 100 टेस्ट मैच खेलूंगा। यह लंबा सफर रहा है। इन 100 टेस्ट मैच तक पहुंचने के दौरान हमने काफी क्रिकेट खेली। बहुत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट हो रही है। मै भाग्यशाली हूं जो कि अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने जा रहा हूं। इस मैच मे स्टेडियम में 50 फीसदी दर्शको को प्रवेश की अनुमति दी गई है और कोहली ने कहा कि यह खास है। मैने सुना है कि दर्शको को प्रवेश की अनुमति मिली है। यह खास सुबह होगी। मै झूठ नही बोलूंगा लेकिन बेचैनी होगी।

# टेस्ट क्रिकेट में हम जहां है उसका श्रेय विराट को जाता है : रोहित



## ●टीम को आगे ले जाना चाहता हूं

**भाषा।** मोहाली

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की उनके 100वें टेस्ट से पूर्व सराहना करते हुए कहा कि इस प्रारूप में टीम को अच्छी स्थिति में लाने का पूरा श्रेय उन्हें जाता है। शुक्रवार से यहां श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के साथ रोहित भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी पारी का आगाज करेंगे। टेस्ट कप्तान के रूप में मैच से पहले अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने कहा, एक टीम के रूप में हम काफी अच्छी स्थिति में हैं। इस प्रारूप में हम जहां है उसका पूरा श्रेय विराट को जाता है। इतने वर्षो मे उसने टेस्ट टीम के साथ जो किया है वह देखने में शानदार था। उन्होंने कहा, उसने जहां चीजों को छोड़ा है मुझे वहां से आगे ले जाना होगा। मुझे सही खिलाड़ियों के साथ सही चीजें करनी होंगी। इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की भारत की संभावनाएं काफी प्रबल नहीं हैं लेकिन रोहित ने कहा कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, टीम अच्छी स्थिति में है। हां हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में बीच में चल रहे हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि पिछले दो या तीन साल में हमने कुछ गलत किया है। रोहित ने जब कोहली की सराहना की तो इसमें आपसी सम्मान भी नजर आया। उन्होंने कहा, उसके लिए सफर शानदार रहा है और पदार्पण करने के बाद लंबा सफर। अब अपना 100वां टेस्ट खेलना शानदार अनुभव है। इस प्रारूप में उसने शानदार प्रदर्शन किया है, टीम जिस तरह आगे बढ़ रही थी उसने उसमे काफी चीजें बदली, इसे देखना शानदार रहा।

### पुजारा, रहाणे की कमी पूरी करना मुश्किल लेकिन आगे देखना भी जरूरी

**मोहाली।** भारत के नए टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की कमी पूरी करना मुश्किल है लेकिन ऐसा समय आता है जब आगे की सोचकर युवाओ को मौके देना जरूरी होता है। भारत के लिए 82 टेस्ट खेल चुके रहाणे और 95 मैच खेल चुके पुजारा को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम मे जगह नही मिली है। रोहित ने रहाणे और पुजारा की गैर मौजूदगी के असर के बारे मे पूछे गए सवाल पर कहा , इन दोनों की कमी पूरी करना मुश्किल है। मुझे भी नही पता कि इन दोनों की जगह कौन आएगा। हमें कल तक इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा , इन दोनों के योगदान को शब्दों में बयां नही किया जा सकता। बरसों की मेहनत , 80 और 90 टेस्ट खेलना , विदेश में टेस्ट खेलना और भारत को नंबर एक पायदान तक पहुंचाने मे इन दोनों ने मदद की।

## ▬ क्विक न्यूज

### श्रीनिवेता, ईशा, रुचिता को एयर पिस्टल में स्वर्ण

**काहिरा।** भारत की श्री निवेता, ईशा सिंह और रुचिता विनेरकर ने आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी मे यहां महिलाओ की 10 मीटर एयर पिस्टल मे स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक के मुकाबले मे 16 अंक बनाए और देश को दूसरा स्वर्ण और कुल तीसरा पदक दिलाया। भारत दो स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। जर्मनी की एंड्रिया कैथरीना हेक्नर, सैंड्रा रेइट्ज और कैरिना विमर ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में केवल छह अंक बनाए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ए तीनों भारतीय निशानेबाज क्वालीफिकेशन के दूसरे चरण मे 574 अंक लेकर शीर्ष पर रहे थे। जर्मन तिकड़ी 571 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थी।

### एरिगेसी नए राष्ट्रीय शतरंज चैंपियन

**कानपुर।** तेलंगाना के ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने टाईब्रेक मे साथी ग्रैंडमास्टर तमिलनाडु के डी गुकेश और पी इनियन को पछाड़कर 58वीं सीनियर राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। अंतिम दौर के बाद इन तीनों के 8.5 अंक थे। ग्यारह दौर की प्रतियोगिता में 18 साल के एरिगेसी अजेय रहे। उनका यह पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब है। उन्हे अंतिम दौर की बाजी पूर्व चैंपियन एसपी सेतुरमन के साथ ड्रॉ खेली।

### पाक और आस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट पर बारिश

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच पर चोट, कोविड-19 के पॉजिटिव मामले और खराब मौसम का साया मंडरा रहा है। दोनो टीम मे कम से कम कोविड-19 के एक एक मामले आए है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पहले टेस्ट मैच मे नही खेल पाएंगे जबकि आस्ट्रेलिया के गेंदबाजी सलाहकार फवाद अहमद का परीक्षण भी पॉजिटिव आया है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली और आलराउंडर फहीम अशरफ चोटिल होने के कारण बाहर हो गए है। उनकी जगह तेज गेंदबाज नसीम शाह और आलराउंडर इफ्तिखार अहमद ने ली है।

### करुणारत्ने ने कहा, मेंडिस अब भी फिट नहीं, डिकवेला ने वापसी की

**मोहाली।** श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने गुरुवार को कहा कि कुसल मेंडिस मांसपेशियो मे खिंचाव के कारण भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में नही खेल पाएंगे लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला बायो बबल का उल्लंघन करने के लिए एक साल का प्रतिबंध झेलने के बाद वापस टीम से जुड़ गए है। पिछले साल इंग्लैंड दौरे मे बायो बबल का उल्लंघन करने पर मेंडिस और डिकवेला पर प्रतिबंध लगाया गया था। मेंडिस का इस दौरे मे चयन फिटनेस पर निर्भर था।

### तेंदुलकर शुरू से मेरे लिए प्रेरणास्रोत रहे : ब्रेविस

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने कहा कि सचिन तेंदुलकर शुरू से उनके लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे अपनी पहचान बनाने के लिए भारतीय दिग्गज का अनुकरण करना चाहेंगे। ब्रेविस को दक्षिण अफ्रीका का अगला एबी डिविलियर्स कहा जाता है और उन्हे बेबी एबी भी कहा जाता है। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी को आगामी आईपीएल के लिए मुंबई इंडियन्स ने अपनी टीम मे लिया है।

# विराट के पास और बड़ी उपलब्धियों के लिए अब भी समय है: गांगुली

## ● पता है यह कितना एतिहासिक है

**भाषा।** मोहाली



**सौरव गांगुली** को पता है कि विराट कोहली शुक्रवार को जब अपने 100वें टेस्ट के लिए मैदान पर उतरेंगे तो यह उनके लिए कितना बड़ा लम्हा होगा लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रीय कप्तान को भरोसा है कि यह दिग्गज बल्लेबाज भविष्य में अपने करियर में और बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगा। बीसीसीआई के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा कि गए वीडियो संदेश में गांगुली ने कोहली को बधाई देते हुए कहा कि वह यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में जब मैदान पर उतरेंगे तो यह उनके लिए सपना साकार होने वाला लम्हा होगा। तैंतीस साल के कोहली सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर, अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, गांगुली, हरभजन सिंह और इशांत शर्मा के बाद 100 टेस्ट खेलने वाले 12वें भारतीय बनेंगे। गांगुली ने अपने संदेश में कहा, यह भारतीय क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि है, जब आप देशके लिए क्रिकेट खेलना शुरू करते हो तो 100 टेस्ट मैच खेलने का सपना देखते हो। यह विराट के लिए बड़ा लम्हा है, यह भारतीय क्रिकेट के लिए एतिहासिक पल है। मैं निजी तौर पर 100 टेस्ट की उपलब्धि का हिस्सा रहा हूं, 11 साल पहले। बीसीसीआई की ओर से तथा 100 टेस्ट खेलने वाले पूर्व कप्तान के रूप में मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं। उसका करियर शानदार रहा है। उसके पास अब भी और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने का समय है। कोहली और गांगुली के बीच पिछले कुछ समय में रिश्ते उतार चढ़ाव भरे रहे हैं और इस दौरान कोहली का कप्तानी करियर भी खत्म हो गया। गांगुली ने कहा था कि कप्तान बने रहने के आग्रह के बावजूद कोहली ने टी20 टीम की कप्तानी छोड़ दी। कोहली ने हालांकि कहा कि जब उन्होंने पहली बार पद छोड़ने की इच्छा जताई तो उनसे इस तरह का कोई आग्रह नहीं किया गया। इसके बाद कोहली को एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में हटा दिया गया।
और जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला गंवाने के बाद उन्होंने टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी।

# भारत की निगाह पहले आईसीसी खिताब पर

## ●महिला विश्व कप : आस्ट्रेलिया भी दावेदार

**भाषा।** माउंट मोनगानुई





**मिताली राज** भारत को खिताब दिलाकर अपने शानदार करियर का अंत करना चाहेंगी तो इंग्लैंड की हीथर नाइट खिताब बचाने और आस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग अपनी टीम को सातवीं बार चैंपियन बनाने की प्रतिबद्धता के साथ शुक्रवार से शुरू होने वाले आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में उतरेंगी।
कोविड-19 महामारी के कारण एक साल बाद आयोजित किया जा रहा यह टूर्नामेंट बायो बबल में छह स्थानों पर खेला जाएगा। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट लीग प्रारूप में खेला जाएगा, जहां सभी आठ टीम एक दूसरे का सामना करेंगी जिनमें से शीर्ष पर रहने वाली चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत 2005 और पिछली बार (2017) का उप विजेता है। वह रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जबकि 2000 में खिताब जीतने वाला न्यूजीलैंड टूर्नामेंट के पहले मैच में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। सर्वाधिक छह बार खिताब जीतने वाला आस्ट्रेलिया अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड का सामना करेगा। इंग्लैंड ने चार बार खिताब जीता है। एक महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अनुभवी और युवा खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। मिताली, झूलन , बेट्स और मेगान शट जैसी खिलाड़ी जहां अपने चमकदार करियर को नया आयाम देना चाहेंगी वहीं शेफाली वर्मा, ऋचा घोष, फ्रान जोन्स और ब्राउन जैसी किशोरियां अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगी। आस्ट्रेलिया को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वह पिछली बार सेमीफाइनल में भारत से मिली हार को भुलाकर नई शुरुआत करने के लिए उतरेगा। पिछले चार वर्षों में हालांकि आस्ट्रेलिया ने दबदबे वाला प्रदर्शन किया है जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने 50 ओवरों के प्रारूप में पिछले 30 मैचों में केवल एक मैच गंवाया है। विश्व कप में 2009 से अपनी छाप छोड़ रही आलराउंडर एलिस पैरी बेहतरीन फॉर्म में हैं। एलिसा हीली, मेग लैनिंग, पैरी और बेथ मूनी जैसी खिलाडियों की मौजूदगी में आस्ट्रेलिया की टीम काफी मजबूत नजर आती है।

### महिला विश्व कप के सभी मुकाबलों में उपलब्ध होगा डीआरएस

**दुबई।** न्यूजीलैड के माउंट मोनगानुई मे शुक्रवार से शुरू हो रहे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सभी मुकाबलो मे अंपायरों के फैसले की समीक्षा प्रणाली उपलब्ध रहेगी। आईसीसी ने गुरुवार को कहा कि चार मार्च से तीन अप्रैल तक चलने वाली यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता महिलाओं का सबसे अधिक वितरण वाला क्रिकेट टूर्नामेंट होगा जिसकी कवरेज अभूतपूर्व होगी। यह दूसरी बार होगा जब महिला क्रिकेट विश्व कप मे डीआरएस का इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे पहले 2017 मे इंग्लैड मे विश्व कप के दौरान इसका इस्तेमाल किया गया था। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, फैसले की समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) सभी मुकाबलो मे उपलब्ध होगा।

# रणजी ट्राफी : दिल्ली का खराब प्रदर्शन जारी

## ● छत्तीसगढ़ ने बनाए चार विकेट पर 290 रन



अमनदीप खरे (170 गेंद में नाबाद 68 रन

**भाषा।** गुवाहाटी

**क्वार्टर फाइनल** की दौड़ से बाहर हो चुकी दिल्ली की टीम का रणजी ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन जारी रहा और ग्रुप एच मैच के पहले दिन छत्तीसगढ ने उसके खिलाफ चार विकेट पर 290 रन बना लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए अजय मंडल (90 गेंद में 63 रन) , अमनदीप खरे (170 गेंद में नाबाद 68 रन) और शशांक सिंह (नाबाद 75) ने उपयोगी पारियां खेली। मंडल और सिंह ने पांचवें विकेट के लिए 147 रन की नाबाद साझेदारी की। सानिध्य हुरकट (44) और कप्तान हरप्रीत सिंह (21) ने भी अच्छी पारियां खेली। दिल्ली के लिए बाएं हाथ के स्पिनर विकास मिश्रा ने 65 रन देकर दो विकेट लिए। दिल्ली ग्रुप एच की अंकतालिका में सबसे नीचे है जिसने दो मैचों में एक ही अंक बनाया। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ दो मैचों में सात अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। दूसरे मैच में तमिलनाडु ने झारखंड के खिलाफ सात विकेट पर 256 रन बनाए। बाबा इंद्रजीत ने शतक जड़ा जबकि आर साइ किशोर ने 81 रन की पारी खेली। इंद्रजीत ने 132 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों के साथ 100 रन बनाए।

### मूरासिंह के पांच विकेट से त्रिपुरा ने पंजाब के खिलाफ वापसी की

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मणिशंकर मूरासिंह ने पांच विकेट चटकाए जिससे त्रिपुरा ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप एफ मैच के पहले दिन पंजाब के खिलाफ 127 रन पर सिमटने के बाद विरोधी टीम का स्कोर सात विकेट पर 79 रन करके वापसी की। मूरासिंह ने 25 रन देकर पांच विकेट चटकाए। पंजाब की टीम अब भी त्रिपुरा से 48 रन पीछे है जबकि उसके तीन विकेट शेष हैं। मूरासिंह ने दिन का खेल खत्म होने से पहले लगातार दो गेंद पर दो विकेट चटकाए जिससे कल उनके पास हैट्रिक का मौका होगा। इससे पहले त्रिपुरा के कप्तान केबी पवन ने 128 गेंद में 59 रन की पारी खेली जिसके बाद पंजाब के गेंदबाजों ने 55 ओवर के अंदर टीम को समेट दिया। तेज गेंदबाज बलतेज सिंह ने 33 रन इसके जवाब में पंजाब के बल्लेबाज मूरासिंह की तूफानी गेंदबाजी का सामना करने में नाकाम रहे। अनमोलप्रीत (29) और मनदीप सिंह ने 44 रन की साझेदारी की लेकिन मूरासिंह ने दो ओवर में तीन विकेट चटकाकर शीर्ष क्रम को झकझोरा। ग्रुप



के एक अन्य मैच में हरियाणा ने हिमांशु राणा के 129 और निशांत सिंधू के नाबाद 69 रन की बदौलत हिमाचल प्रदेश के खिलाफ चार विकेट पर 269 रन बनाए।

### पडिक्कल के नाबाद 161 रन से कर्नाटक की अच्छी शुरुआत

**चेन्नई।** देवदत्त पडिक्कल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहले शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को पुडुच्चेरी के खिलाफ तीन विकेट पर 293 रन बना लिए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर कर्नाटक ने दो विकेट 19वें ओवर में 39 रन पर गंवा दिए थे। सलामी बल्लेबाज आर समर्थ (11) और करूण नायर (छह) सस्ते में आउट हो गए। दोनों विकेट असिथ राजीव ने लिए। इसके बाद पडिक्कल ने पारी को संभाला और के वी सिद्धार्थ (85) के साथ उपयोगी साझेदारी की। दोनों चाय तक स्कोर दो विकेट पर 204 रन तक ले गए। इस बीच पडिक्कल ने 277 गेंदों पर 20 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उन्होंने सिद्धार्थ के साथ 357 गेंद में 223 रन की साझेदारी की।
पहले दिन के आखिर में पडिक्कल 161 और कप्तान मनीष पांडे 21 रन बनाकर खेल रहे हैं। एक अन्य मैच में जम्मू कश्मीर को रेलवे ने 258 रन पर आउट कर दिया। कामरान इकबाल ने सर्वाधिक 83 रन बनाए। रेलवे के सुदीप घरामी लगातार दूसरी पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे।

### अभिमन्यु के शतक से बंगाल के छह विकेट पर 329 रन

**कटक।** कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के 114 और अनूस्तुप मजूमदार के 95 रन से बंगाल ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन चंडीगढ़ के खिलाफ छह विकेट पर 329 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। नॉकआउट में जगह बनाने के लिए बंगाल को सिर्फ तीन अंक की जरूरत है। दिन का खेल खत्म होने पर अनुभवी मनोज तिवारी 42 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि सायन शेखर मंडल 33 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों 61 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। बंगाल ने पहले घंटे में ही 42 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। सलामी बल्लेबाज

### बावने के नाबाद शतक से महाराष्ट्र का अच्छा स्कोर

**सुल्तानपुर (हरियाणा)।** कप्तान अंकित बवाने के नाबाद 114 रन की मदद से महाराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप जी के आखिरी लीग मैच में उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहले दिन चार विकेट पर 298 रन बना लिए। गुरूग्राम क्रिकेट मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए महाराष्ट्र ने सलामी बल्लेबाज पवन शाह (19) और अवधूत दांडेकर (20) के विकेट जल्दी गंवा दिए। इस समय महाराष्ट्र का स्कोर दो विकेट पर 70 रन था। इसके बाद राहुल त्रिपाठी ने नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाए। उन्होंने पहले दांडेकर के साथ 48 रन जोड़े और फिर कप्तान बावने के साथ 41 रन की साझेदारी की। वह आफ स्पिनर करण शर्मा को रिटर्न कैच देकर लौटे।

### चिराग, जैक्सन ने सौराष्ट्र को 343 रन तक पहुंचाया

**अहमदाबाद।** चिराग जानी के 140 रन और शेल्डन जैकसन के नाबाद 96 रन की मदद से सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के पहले दिन गोवा के खिलाफ सात विकेट पर 343 रन बना लिए। चिराग ने 190 गेंद की अपनी पारी में 22 चौके और दो छक्के लगाए। वहीं जैकसन 119 गेंद की पारी में छह चौके और पांच छक्के लगा चुके हैं।

### आंध्र ने उत्तराखंड को 194 रन पर समेटा, सेना के खिलाफ राजस्थान के बल्लेबाज नाकाम

**तिरुवनंतपुरम।** तेज गेंदबाजो बंडारू अयप्पा और पृथ्वी राज ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे आंध्र ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ई मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को यहां अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे उत्तराखंड को 194 रन पर ढेर कर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे उत्तराखंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 69.1 ओवर में सिमट गई। अयप्पा ने 37 रन देकर चार जबकि पृथ्वी ने 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। कप्तान जय बिस्टा आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जिन्होने 11 रन बनाने के बाद अयप्पा की गेद पर रिकी भुई को कैच थमाया। दूसरे सलामी बल्लेबाज कमल सिंह ने 116 गेद मे तीन चौको की मदद से 42 रन की पारी खेली और टीम के शीर्ष स्कोरर कुणाल चंदेला (52) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

## उछाल से भारत का डेनमार्क पर पलड़ा भारी



**नई दिल्ली।** निचली उछाल और तेज ग्रासकोर्ट के कारण भारत की डेविस कप टीम डेनमार्क के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले विश्व ग्रुप प्लेआफ मुकाबले में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी युकी भांबरी ने टीम में वापसी की है जिससे मेजबान टीम को फायदा मिलेगा। घुटने की चोट के कारण पिछले चार साल वह बाहर रहे और भारत को उनकी कमी खूब खली। भारत के लिए पहला एकल मुकाबला रामकुमार रामनाथन खेलेंगे जिनका सामना दुनिया के 824 नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टियन सिग्सगार्ड से होगा। एटीपी टूर पर ग्रासकोर्ट का अनुभव होने के कारण रामकुमार को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। युकी का सामना 305वीं रैंकिंग वाले मिकाले टोर्पेगार्ड से होगा। होल्गर रूने (88वीं रैंकिंग) के नाम वापिस नहीं लेने पर भारत के लिए दिक्कत हो सकती थी। रैंकिंग के आधार पर भारतीय टीम मजबूत है लेकिन डेविस कप में खिलाड़ी अप्रत्याशित प्रदर्शन कर सकते हैं लिहाजा सब कुछ मैच के दिन पर निर्भर करेगा।

## आनंद यादव एशियाई युवा एवं जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज आनंद यादव (54 किग्रा) ने दबदबा बनाते हुए गुरुवार को यहां जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई युवा एवं जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आनंद ने कजाखस्तान के अस्लान अस्लानोव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। पिछले सत्र के रजत पदक विजेता वंशज गुरुवार को ही 63.5 किग्रा वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत स्थानीय दावेदार अब्दुल्लाह अल्महारत के खिलाफ करेंगे। जूनियर लड़कों की स्पर्धा के 52 किग्रा वर्ग में जॉन लापुंग को किर्गिस्तान के लेसीनोव निजामदीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में युवा एवं जूनियर वर्ग में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के मुकाबले हो रहे हैं। टूर्नामेंट में ईरान, कजाखस्तान, मंगोलिया, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 21 देशों के 352 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। फाइनल 13 और 14 मार्च को होंगे। दुबई में हुए पिछले टूर्नामेंट में भारतीय दल ने 14 स्वर्ण सहित 39 पदक जीते थे।

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर मस्कट : साथियान बाहर, दो भारतीय महिलाएं पदक की दौड़ में



**नई दिल्ली।** शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान डब्ल्यूटीटी कंटेंडर मस्कट टूर्नामेंट से बाहर हो गए जिन्हें चीन के 16 वर्ष के लिन शिडोंग ने हराया। भारत की दो महिलाएं सुतीर्था मुखर्जी और अयिका मुखर्जी तथा श्रीजा अकुला और एस सेल्वाकुमार महिला युगल वर्ग के पदक दौर में पहुंच गई। दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी साथियान को 8-11, 13- 11, 2-11, 8-11 से मात दी। महिला युगल में सुतीर्था और अयिका को चेक गणराज्य की डेना ब्लास्कोवा और कैटरीना टोमानोवस्क पर वाकओवर मिला जबकि श्रीजा और सेल्वाकुमार ने सिंगापुर की गोइ रूइ शुआन और वोन शिन रू को 13-11, 12-10, 6-11, 11-7 से मात दी। महिला एकल में मनिका बत्रा और अर्चना कामथ क्रमशः सिंगापुर की लिन ए और कनाडा की मो झांग को हराकर अंतिम 16 में पहुंच गई। मनिका ने लिन को 12-10, 11-8, 11-8 से हराया।